* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

23 सितंबर, 2024
अश्विन, कृष्ण पक्ष, षष्ठी
संवत 2081
पृष्ठ : 14, मूल्य : ₹3.00

रांची
सोमवार, वर्ष 09, अंक 333

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

हेमंत सरकार की मंईयां सम्मान यात्रा आज से





आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
194000 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

सर्राफा
सोना (बिक्री) 70,200 रु./10 ग्राम
चांदी 91,000 रु./प्रति किलो



# बांग्लादेशी घुसपैठ राजनीतिक मुद्दा नहीं, जीवन-मरण का प्रश्न: अनंत ओझा

## ■ लव, लैंड के बाद अब वोट जिहाद, मतदाता सूची में 123 प्रतिशत वृद्धि कैसे

## ■ घुसपैठ के खिलाफ 90 के दशक से लड़ता आ रहा हूं, डरूंगा नहीं, लड़ूंगा

आजाद सिपाही विशेष बातचीत

आजाद सिपाही की टीम संथाल दौरे पर है। शुक्रवार को साहिबगंज से गृह मंत्री आमित शाह ने भाजपा की परिवर्तन महारैली के माध्यम से विधानसभा चुनाव का बिगुल फूंक दिया है। वैसे तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने जमशेदपुर दौरे से इसका आगाज कर दिया था। आजाद सिपाही की टीम ने राजमहल विधानसभा क्षेत्र में अपने कार्यक्रम भ्रमण के दौरान जनता के साथ संवाद किया। उस संवाद में साहिबगंज और राजमहल विधानसभा क्षेत्रों के मुद्दे और उस पर हो रही राजनीति के बारे में जनता ने बहुत कुछ साझा किया। कड़ी दर कड़ी राजमहल, बोरियो और बरहेट विधानसभा के बारे में आजाद सिपाही की टीम आपके साथ जानकारी साझा करेगी। फिलहाल अपनी पहली कड़ी में हम बताने जा रहे हैं राजमहल के मौजूदा विधायक अनंत ओझा को लेकर जनता ने क्या-क्या साझा किया। अनंत ओझा राजमहल के विधायक हैं। क्षेत्र में काफी चर्चित भी हैं। वह मुद्दों को उठाने के प्रति अपनी आक्रामकता और सूझ-बूझ के लिए जाने जाते हैं। राजमहल विधानसभा की जनता के मन में कई सवाल थे, कई मुद्दे थे। विधायक से जुड़ी शिकायतें भी थीं। कइयों ने विधायक द्वारा किये गये कामों को सराहा, तो कइयों ने अपना रोष भी प्रकट किया। कइयों का मानना था कि विपरीत स्थिति में भी विधायक अनंत ओझा ने क्षेत्र की गंभीर से गंभीर समस्याओं और मुद्दों को जोर-शोर से सदन से लेकर सड़क तक उठाया। वैसे अनंत ओझा क्षेत्र में काफी एक्टिव हैं। मुखर भी हैं। आम जनता के लिए वह आसानी से उपलब्ध भी रहते हैं। कोई भी कभी भी उनके ऑफिस या घर पहुंच जा सकता है और अधिकार के साथ अपनी बातों तो रख सकता है। विधायक उनकी समस्याओं को सुनते हैं और तुरंत बता भी देते हैं कि उनकी समस्या का समाधान कैसे करेंगे। अगर उसमे कोई पेंच है, तो उससे भी वह उन्हें अवगत करा देते हैं। विधायक की टाइमिंग के बारे में सबको पता है कि वह सुबह 9 बजे कहां मिलेंगे, उससे पहले उनसे कहां मिला जा सकता है। शाम को कब उनसे मुलाकात हो सकती है। सरल स्वभाव, आम जीवन जीनेवाले अनंत ओझा आक्रामकता और मुखरता के साथ क्षेत्र और जनता से जुड़े मुद्दों को उचित प्लेटफार्म पर उठाते रहे हैं। संथाल में बांग्लादेशी घुसपैठिये और डेमोग्राफी चेंज का मुद्दा उठा कर राजनीति में कदम रखने वाले अनंत ओझा को जान का भी खतरा बना रहता है। उन्हें लोग हिदायत भी देते हैं कि ऐसे गंभीर मुद्दों से वह बचें। लेकिन उनका मानना है कि एक ही जीवन है और अगर वह भी देशहित में नहीं जिया तो क्या जिया। मौत निश्चित है, लेकिन विपरीत परिस्थिति में भी अपनों के लिए जो लड़ा है, वही तो इतिहास बना है। प्रस्तुत है जनता के चुभते सवाल और राजमहल विधायक अनंत ओझा के जवाब, **राकेश सिंह के भ्रमण में।**




**सवाल:** आप जब विधायक बने तो खासमहल के मुद्दे को लेकर आप मुखर रहे। जनता इस उम्मीद में रही कि इसका हल आप निकाल देंगे। आपने वादा भी किया था, लेकिन आज भी खासमहल का मुद्दा लटका पड़ा है, क्यों?

### गंगा पर पुल मेरा पहला वादा था, पूरा हुआ

**जवाब:** जब झारखंड एकीकृत बिहार का हिस्सा था, तो राजधानी पटना से साहिबगंज की दूरी करीब 350 किलोमीटर थी। जब झारखंड अलग राज्य बना, तो राजधानी रांची से यहां की दूरी करीब 550 किलोमीटर है। इसलिए आजादी के 65 वर्षों तक मेरे जनप्रतिनिधि बनने से पूर्व, किसी राज्य सरकार ने यहां के लोगों के दर्द को नहीं समझा। सब भगवान भरोसे छोड़ दिया गया था। 2014 में जब जनता ने मुझे अपना जनादेश दिया और मैं विधायक बना, तो मैंने जनता से तीन चार वादे किये थे। उसमें जो प्रमुख वादा था, वह गंगा पुल का था। एक बुजुर्ग व्यक्ति ने मुझसे कहा था कि का बाबा हमनी के जिंदा रहते गंगा पुल देखब सब की ना देखब सब। उस भावना से प्रेरित होकर चुनाव के दौरान टिकट मिलने के दूसरे ही दिन क्षेत्र में मैंने भ्रमण प्रारंभ किया। मैंने कहा कि अगर मेरे कार्यकाल में गंगा पुल का काम चालू नहीं हो पायेगा, तो मैं अनंत ओझा खुद के लिए आपके दरवाजे पर वोट मांगने नहीं आऊंगा। उसी में दूसरी सबसे बड़ी समस्या खासमहल की थी। खासमहल अंग्रेजों के समय का ऐसा काला कानून है जिसे हल करने का साहस राज्य शासन ने नहीं दिखाया। उसी तरह से राजमहल में बच्चों को पढ़ने के लिए आजादी के बाद 70 वर्षों तक एक डिग्री कॉलेज तक नसीब नहीं हुआ था। बिजली की बात करें तो पहले मात्र सात घंटे, आठ घंटे बिजली मिलती थी। टोटल जिले को 12 मेगावाट बिजली मिलती थी। उसमें भी ट्रांसमिशन लाइन बहुत ही बदतर हालत में थी। आंधी आयी नहीं कि बिजली गुल।

### मौजूदा सरकार ने खासमहाल के मुद्दे को ठंडे बस्ते में डाल दिया

खासमहल का जो मुद्दा है, उसको लेकर मैं विधानसभा में पूर्व की रघुबर दास की सरकार में विधाई प्रणाली के अनेक माध्यमों से लगातार प्रश्न उठाता रहा। रघुबर दास की सरकार ने उच्च स्तरीय कमिटी बनायी। कई राज्यों का अध्ययन किया गया। खासमहल का मुद्दा डाल्टनगंज, चाइबासा, रांची के डोरंडा और हजारीबाग सहित झारखंड के अन्य हिस्से में भी है। हमारे यहां खासमहल का जो मुद्दा है, वह थोड़ा अलग है। हम रैयतधारी भी रहे हैं। लेकिन यह बात शासन में बैठे हुए अधिकारी समझते ही नहीं। एक ही पैमाना से पूरे राज्य को जोड़ कर देख रहे थे। उसके बाद जब खासमहल को लेकर रघुवर दास सरकार ने कमिटी बनायी। इन मुद्दों को कमेटी ने अपनी रिपोर्ट में समाहित किया। उसे रघुवर दास मंत्रिपरिषद की बैठक में रखा गया। मंत्रिपरिषद ने निर्णय लेते हुए खासमहल की समस्या को जड़ से समाप्त करने का निर्णय लिया। कैबिनेट ने सूचना प्रकाशित की, गजट में प्रकाशन हुआ। दुर्भाग्य से यह काम अंतिम महीनों में हो पाया। उसके बाद नयी सरकार का गठन हुआ। एक बड़ा जनादेश लेकर हेमंत सोरेन की सरकार आयी। लेकिन इस सरकार ने अपने सोच के विपरीत, जो वादे नारे देकर आयी थी, उसने उसे ठंडे बस्ते में डाल दिया। जबकि विधानसभा में दर्जनों बार ऐसे प्रसंग आये हैं, जहां संसदीय कार्य मंत्री, मुख्यमंत्री और अन्य विभागों के मंत्री जब उत्तर देते थे, तो कहते थे कि हम इसे उसी संलेख के आधार पर समाप्त कर देंगे। कहा गया कि आवेदन कराइये। लोगों ने आवेदन भी किया, लेकिन चूंकि इनकी नियत में खोट थी, इसलिए हेमंत सरकार ने राजमहल-साहिबगंज की जनता के खासमहल के मुद्दे को ठंडे बस्ते में डाल दिया। जनता में यह उम्मीद थी कि हेमंत सोरेन चूंकि संथाल परगना से ही जनप्रतिनिधि हैं, तो वह इसका जरूर समाधान निकाल देंगे, लेकिन उन्होंने उनकी उम्मीदों पर पानी फेर दिया। हेमंत सरकार ने गजट प्रकाशन पर काम ही नहीं किया। लटकाओ, अटकाओ, भटकाओ की नीति अपना कर इस सरकार ने इसे पूरी तरह लटका ही दिया। लेकिन मेरा वादा है कि इस बार भाजपा की सरकार बनते ही खासमहल का मुद्दा जड़ से समाप्त होगा।

### झामुमो-कांग्रेस ने भ्रम की स्थिति बना दी

यहां के प्रशासनिक तंत्र ने यहां एक भ्रामक वातावरण बना दिया है। जबकि इसमें सिंपल दो ही विषय था- एक जो लीज प्रक्रिया है, उसकी अद्यतन स्थिति और दूसरी 20 प्रतिशत रजिस्ट्री फीस देकर वन टाइम सेटलमेंट करना था। इसे लेकर भी झामुमो और कांग्रेस के लोगों ने भ्रम की स्थिति पैदा कर दी। लेकिन यह मेरा वादा है कि इस बार भाजपा की सरकार बनते ही हम इस मुद्दे को जड़ से समाप्त कर देंगे।

**सवाल:** पश्चिमी और पूर्वी रेलवे फाटक पर घटों लग रहे जाम से लोग काफी परेशान हैं और कभी-कभी गंभीर संकट की स्थिति पैदा हो जाती है। पश्चिमी फाटक से कुछ दूरी पर सदर अस्पताल है। प्रसव के लिए जानेवाली महिलाओं को कभी घंटों जाम में फंसना पड़ता है। कई बार तो उन्हें टांग कर अस्पताल ले जाना पड़ता है। दूसरे मरीजों को भी परेशानी होती है। यहां ओवर ब्रिज की मांग है। इसका समाधान कैसे निकालेंगे?

### तुष्टीकरण के कारण टेंडर को लंबित करवा दिया गया है

**जवाब:** इसका समाधान तो हो चुका है। रघुवर दास की सरकार में मैंने स्थायी रूप से चार आरओबी स्वीकृत कराया। यह सब बातें ऑन रिकॉर्ड हैं। चार आरओबी और एक अंडरपास। संयोग से दो आरओबी का काम तो तेजी से चल रहा है। तीन पहाड़ और महाराजपुर में आरओबी बन रहा है। साहिबगंज में दो आरओबी स्वीकृत था, पूर्वी और पश्चिमी फाटक। पश्चिमी फाटक की सारी प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। इस सरकार की मंत्री परिषद् ने भी अनुमति प्रदान कर दी। अब जब टेंडर की प्रक्रिया होनी थी, तो यहां तुष्टीकरण की राजनीति के कारण कतिपय जनप्रतिनिधियों के माध्यम से इसको दबाव बना कर लंबित करवा दिया गया। साहिबगंज के साथ सौतेला व्यवहार इस सरकार ने किया है। रेलवे से लेकर हर तरह की प्रक्रिया पूरी करने के बाद इसको रोकने के पीछे सरकार की क्या मंशा है, जनता भी इसे समझ रही है। जैसे ही यह सरकार बदलेगी, साहिबगंज का आरओबी एक साल के अंदर बन कर तैयार होगा।

**सवाल:** यहां के लोगों की डिमांड है कि साहिबगंज में इंजीनियरिंग और मेडिकल कॉलेज हो? आपने वादा भी किया था कि मेडिकल और इंजीनियरिंग कॉलेज यहां बन कर रहेगा, लेकिन अभी भी साहिबगंज इससे वंचित है। फिलहाल उसकी क्या स्थिति है?

### सरकारी महिला कॉलेज स्थापित कराया

**जवाब:** देखिए, साहिबगंज में शैक्षणिक रूप से पहले मात्र साहिबगंज विद्यालय था। वह सरकारी कॉलेज था। यहां हमने महिलाओं के लिए एक सरकारी महिला कॉलेज स्थापित कराया। पहले यहां के बच्चों को दूसरे राज्यों में पॉलिटेक्निक करने के लिए जाना पड़ता था। आज यहां पॉलिटेक्निक कॉलेज है। पढ़ाई भी प्रारंभ है। रघुवर दास की सरकार में मैंने इंजीनियरिंग कॉलेज की स्वीकृति करवायी। मौजूदा सरकार प्रतिशोध की भावना के साथ काम कर रही है। जमीन नहीं होने का बहाना बना कर इसे लटका दिया है। वहीं मेडिकल कॉलेज भी मैंने उस वक्त भारत सरकार की मदद से पास कराया। लेकिन इस सरकार ने वन विभाग की जमीन को चिह्नित करके दे दिया। वन विभाग की अपनी कुछ प्रक्रियाएं होती, जिससे कुछ विलंब हो रहा है, लेकिन मेडिकल कॉलेज तो यहां निश्चित रूप से बन कर रहेगा।

**सवाल:** महिला कॉलेज की बिल्डिंग तो बन गयी है, लेकिन पढ़ाई अभी चालू नहीं हो पायी है?

जवाब: इस सवाल में मैं थोड़ा सा संशोधन करूंगा। महिला कॉलेज में पढ़ाई भी प्रारंभ हो गयी है।

**सवाल:** लेकिन एक दो कमरे में ही पढ़ाई हो रही है?

**जवाब:** फिलहाल वह अपने भवन में स्थापित हो गया है। पहले पढ़ाई साहिबगंज कॉलेज में होती थी, लेकिन अब भवन में चालू हो गयी है। अभी उसमें कुछ शिक्षकों की कमी है, मौजूदा सरकार के संज्ञान में यह मामला भी मैंने सदन में लाया है। इस सरकार में शिक्षकों की नियुक्ति अभी नहीं हो पा रही है और भी आधारभूत संरचनाओं में जो कमी है, उसे आनेवाले दिनों में पूरा कर लिया जायेगा।

**सवाल:** झारखंड में भाजपा का सबसे बड़ा मुद्दा बांग्लादेशी घुसपैठियों और डेमोग्राफी परिवर्तन को लेकर है। आपने जब अपनी राजनीतिक पारी की शुरुआत की, तब आपने इस मुद्दे को जोर शोर से उठाया था। कैसे राजमहल और संथाल इस घुसपैठ और डेमोग्राफिक परिवर्तन से प्रभावित हो रहा है?

### घुसपैठ हमारे लिए जीवन-मरण का प्रश्न, सरकार बनते ही एनआरसी लागू करायेंगे

**जवाब:** बांग्लादेशी घुसपैठियों का मुद्दा हमारे लिए राजनीतिक मुद्दा नहीं, बल्कि हमारे लिए जीवन मरण का प्रश्न है। विशेष रूप से देखा जाये तो जो छद्म सेक्यूलर पार्टी बताती हैं, जैसे कांग्रेस, जेएमएम, राजद, कम्युनिस्ट पार्टियां, इनके द्वारा वोट बैंक की राजनीति करने के कारण, तुष्टीकरण की राजनीति को पोषित करने वालों के कारण, आज हमारा देश और खासकर संथाल परगना यह दंश झेल रहा है। 90 के दशक से इस इलाके में बांग्लादेशी घुसपैठियों का आना प्रारंभ हुआ। उस समय शासन में जो अधिकारी थे, वे वैसे ही उस मुद्दे पर गुमराह करते थे, जैसे आज हेमंत सोरेन की सरकार सदन के अंदर और बाहर, यहां तक की माननीय न्यायालय को भी गुमराह कर रही है। हेमंत सरकार कह रही है कि यहां एक भी बांग्लादेशी घुसपैठिया नहीं है। और उसी सरकार के द्वारा विधानसभा में सवाल उठाने पर कहा जाता है कि चार बांग्लादेशी पकड़ाये हैं। बाद में सरकार को न्यायालय के समक्ष भी कहना पड़ा कि चार बांग्लादेशी पकड़ाये हैं। सच्चाई यह है कि संथाल में कोई ऐसा क्षेत्र नहीं है, जहां हजारों की संख्या में बांग्लादेशी घुसपैठिये नहीं हों। इन घुसपैठियों के कारण हमारा सामाजिक ताना-बाना बिगड़ रहा है। हमारी संस्कृति पर आक्रमण हो रहा है। जल जंगल जमीन प्रभावित हो रहे हैं। आंतरिक सुरक्षा खतरे में है। ये छद्म सेक्यूलर पार्टियां इस मुद्दे को सांप्रदायिक चश्मे से देखती हैं। अपनी विभाजनकारी राजनीति को पोषित करने के चश्मे से देखती हैं। जबकि इस जटिल समस्या को हम देश के चश्मे से देखते हैं। मैं यह लड़ाई 90 के दशक से लड़ता आ रहा हूं। जब यहां की जनता ने मुझे चुन कर राज्य की सबसे बड़ी पंचायत में भेजा, उस पंचायत के अंदर मैंने यहां के लोगों के दर्द को साझा किया। जब-जब मैंने इस मुद्दे को उठाया, चाहे वह रघुवर दास की सरकार हो या अब हेमंत सोरेन की सरकार हो, हर समय कांग्रेस, जेएमएम और राजद बंगलादेशी घुसपैठियों के समर्थन में खड़ी दिखी। शुक्रवार को जब गृह मंत्री अमित शाह ने यहां सभा की, तो उन्होंने मंच से खुल कर कहा कि हमारी सरकार आयेगी तो साहिबगंज और पाकुड़ जिला में हम एनआरसी कि प्रक्रिया को प्रारंभ करेंगे और एक-एक बांग्लादेशी घुसपैठिये को चुन-चुन कर निकाल बाहर करेंगे।

**सवाल:** राजमहल उधवा प्रखंड में लोकसभा चुनाव के दौरान 12 हजार मतदाताओं के नाम वोटर लिस्ट से गायब हो गये थे, ये क्या चक्कर है।

### षडयंत्र के तहत मतदाताओं के नाम सूची से गायब कर दिये गये

**जवाब:** इस बात की शिकायत हमने राज्य निर्वाचन से भी की थी। एक बड़े सुनियोजित षडयंत्र के तहत, वैसे तो यह कार्य राज्य के सभी जिलों और विधानसभा क्षेत्रों में हुआ है। खासकर राजमहल विधानसभा की बात करूं, तो हमारे यहां जो डेमोग्राफी बदली है, उसके कारण हमारे राजनीतिक कार्यकर्ता भी संवेदनशील रहते हैं और उनके आसपास जो घटनाएं घटती हैं, उस पर वे पैनी नजर भी रखते हैं। इस क्षेत्र में जब लोकसभा चुनाव हुआ, तो हजारों की संख्या में हिंदू मतदाताओं के नाम या तो वोटर लिस्ट से डिलीट कर दिये गये, या उसका प्रकाशन ही नहीं हुआ। यही नहीं, पहले जिस मतदान केंद्र में मतदाता का नाम दर्ज था, उसको वहां से पांच-दस किलोमीटर दूर के केंद्र पर कर दिया गया।

बड़े पैमाने पर यहां मतदाता सूची में 123 प्रतिशत तक की अप्रत्याशित वृद्धि दर्ज की गयी है। यानि अब लव जिहाद, लैंड जिहाद के बाद वोट जिहाद का षडयंत्र चल रहा है। मैंने इसकी जानकारी राज्य निर्वाचन आयोग और भारत निर्वाचन आयोग को दी। संवैधानिक संस्थाओं के प्रति मेरा अटूट विश्वास है। निर्वाचन आयोग ने मेरी बातों को नहीं सुना, लेकिन उच्च न्यायालय के संज्ञान में ये बातें आयीं और उच्च न्यायालय इस गंभीर मुद्दे पर संज्ञान ले रहा है। राजमहल के उधवा प्रखंड में 2014 से 2019 के बीच में मात्र आठ हजार मतदाता बढ़ते हैं लेकिन जैसे ही हेमंत सोरेन की सरकार आती है, 2019 से 2024 के बीच में यहां 24 हजार मतदाता बढ़ जाते हैं। आप इसका खुद आकलन कर सकते हैं। कई बूथों पर 2019 में 600 मतदाता थे, लेकिन 2024 में 1400 मतदाता हो जाते हैं। मेरी लड़ाई बांग्लादेशी घुसपैठियों से है। जिस प्रकार से देश और झारखंड के संसाधनों पर उनका अतिक्रमण हो रहा है, यह न तो देशहित में है और न ही झारखंड हित में। ये घुसपैठिये अवैध रूप से राशन कार्ड, वोटर कार्ड, आधार कार्ड बनवा रहे हैं। नागरिक प्रमाण पात्र बनवा रहे हैं और वहां के संसाधनों पर काबिज हो रहे हैं। आज पूरा झारखंड बांग्लादेशी घुसपैठ के दंश को झेल रहा है।

**सवाल:** मिर्जापुर चौकी से लेकर साहिबगंज मुख्यालय तक एनएच में गड्ढे ही गड्ढे हैं, इसका समाधान क्या है?

### फोनलेन पर काम चालू हो गया है

**जवाब:** एनएच 80 का जो विषय है, पीएम मोदी और केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने हमारे लोगों के दर्द को समझा। साहिबगंज-मनिहारी गंगा पुल बनवाने की दिशा में उन्होंने काम किया। वहीं राजमहल से लेकर मानिकचक तक भी पुल बनाना प्रस्तावित है। इसको लेकर भी मैंने आवाज उठायी। इसमें बंगाल के साथ जमीन को लेकर अड़चन आ रही है। अगर पार्टी ने मुझे फिर से आशीर्वाद दिया तो मैं अपने अगले कार्यकाल में विश्वास दिलाता हूं कि राजमहल से मानिकचक पुल हमारे पहले एजेंडे में है और उसे उसी कार्यकाल में पूरा करेंगे। 2014 से पहले यहां सड़क में गड्ढा है या गड्ढे में सड़क है, पता ही नहीं चलता था। लेकिन पीएम मोदी के आशीर्वाद से मिर्जापुर चौकी से लेकर फरक्का तक एनएचआइ के माध्यम से फोर लेन का काम चल रहा है। हेमंत सरकार की लटकाने वाली नियत के कारण मिर्जापुर चौकी से लेकर साहिबगंज मुख्यालय तक वाली सड़क निर्माण में देरी हुई। लेकिन कई प्रयास के बाद अब 46 करोड़ की लागत से इस सड़क का निर्माण हो रहा है।

**सवाल:** भाजपा शहरी क्षेत्रों में मजबूत है, लेकिन ग्रामीण क्षेत्रों में अभी भी संघर्ष कर रही है। कैसे आप अपनी बातों को मजबूती से साथ ग्रामीणों तक पहुंचायेंगे ?

### इस बार गांव से ही होगा परिवर्तन

**जवाब:** पीएम मोदी देश का नेतृत्व कर रहे हैं। यह देशवासियों के लिए गर्व का विषय है। पीएम मोदी द्वारा जो भी काम किये जा रहे हैं, वह समाज में बैठे अंतिम व्यक्ति तक तो देख कर किया जा रहा है। उस अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ मिले, इसके लिए वह हमेशा प्रयासरत रहते हैं। क्षेत्र विशेष की मानें तो पहाड़ों में जायेंगे तो थोड़ी कमियां हैं हमारे अंदर। बदली हुई डेमोग्राफी के कारण एक बहुत बड़ा समूह है, जिन्हें हम अपनी बातों को नहीं समझा पा रहे हैं। लेकिन मेरे क्षेत्र में आप बैठेंगे, तो हर एक गांव हमारे साथ जुड़ा हुआ है। अमित शाह के कार्यक्रम में आपने जो जनसैलाब देखा, उनमें ज्यादा संख्या ग्रामीणों की ही थी। ऐसा नहीं है कि ग्रामीणों में भाजपा लोकप्रिय नहीं है। ग्रामीण भाजपा पर भरोसा करते हैं, लेकिन जिन समूहों तक हम नहीं पहुंच पाये हैं, उन तक जरूर पहुंचने की कोशिश करेंगे। अमित शाह ने भी कहा कि पार्टी के नेता, कार्यकर्ता और शीर्ष नेतृत्व गांव-गांव जायेंगे और हेमंत सरकार की नाकामियों को गिनवायेंगे। परिवर्तन होगा और निश्चित होगा।

www.epaper.azadsipahi.in

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

23 सितंबर, 2024
अश्विन, कृष्ण पक्ष, षष्ठी
संवत 2081
पृष्ठ : 14, मूल्य : ₹3.00

रांची
सोमवार, वर्ष 09, अंक 333

भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा आज खूंटी से परिवर्तन यात्रा का करेंगे शुभारंभ





आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
194000 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW




## जेसीआइ रांची ने जलसा, डांडिया नाइट का किया पोस्टर विमोचन



रांची (आजाद सिपाही)। जेसीआइ के अध्यक्ष विक्रम चौधरी सहित अन्य ने रविवार को जेसीआइ कार्यालय में जलसा, डांडिया नाइट के पोस्टर का विमोचन किया। मौके पर अध्यक्ष ने बताया कि यह जलसा का पांचवां संस्करण होगा। जलसा का आयोजन 5 अक्टूबर को शाम को रांची क्लब (मेन रोड) में होगा। श्री चौधरी ने जानकारी दी कि इस साल डांडिया नाइट में टिकटधारकों को बंपर तंबोला का टिकट मुफ्त में मिलेगा। तंबोला में कई इनाम दिये जायेंगे। जेसीआइ, रांची हमेशा रांची में कुछ अलग करने का प्रयास करता है। इस बार भी उनका यह कार्यक्रम बाकी सभी से हट कर होगा। कार्यक्रम में डीजे वॉर देखने को मिलेगा। पोस्टर विमोचन कार्यक्रम में सचिव मयंक अग्रवाल के साथ जलसा के मेंटर अमित खोवाल, प्रोजेक्ट चेयरमैन वरुण जालान एवं मनदीप सिंह, को प्रोजेक्ट चेयरमैन ऋषभ जालान एवं ऋषभ अग्रवाल, जेसीआई रांची के प्रवक्ता अमन पोद्दार तथा संस्था के अन्य सदस्य भी मौजूद थे।

## कोकर ढेला टोली में नाला से लोग परेशान



रांची (आजाद सिपाही)। कोकर ढेला टोली मेन रोड में लोगों का जीना मुहाल हो गया है। यहां के लोग को नाला को लेकर काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। साथ ही यहां का जल जीवन इस अस्त व्यस्त हो गया है। आलम यह है कि नाला में गिरकर कितनों की जान जा चुकी है। यहां के लोग इस नाले को लेकर के काफी परेशान हैं। यहां बारिश के दिनों में नाले का पानी सभी के घरों में घुस जाता है जिस कारण यहां के बच्चे स्कूल भी नहीं जा पाते हैं। कोकर ढेला टोली लोगों ने इस विषय पर मेयर और डिप्टी मेयर सहित नगर निगम के कई अधिकारियों को पत्र भी लिखा है पर अब तक इस पर कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। लोगों का कहना है कि जल्द से जल्द इस नाले को मरम्मत कर दिया जाये ताकि और किसी की जान ना जाये।

## भाजपा नेता हजारी प्रसाद लोकहित अधिकार पार्टी में शामिल हुए



रांची (आजाद सिपाही)। लोकहित अधिकार पार्टी रांची जिलाध्यक्ष प्रमोद प्रसाद गुप्ता की अध्यक्षता में हटिया विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ता मिलन समारोह हुआ। इस मौके पर मुख्य अतिथि पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सुनील साहू, विशिष्ट अतिथि प्रदेश उपाध्यक्ष हरिनाथ साहू ने भाजपा नेता हजारी प्रसाद साहू समेत सैकड़ों समर्थकों को फूल-माला पहनाकर पार्टी में शामिल किया। प्रदेश अध्यक्ष सुनील साहू ने कहा कि हमारी पार्टी आम लोगों को उच्च शिक्षा और असाध्य बीमारी का इलाज पूरी तरह निःशुल्क देना चाहती है। प्रदेश उपाध्यक्ष हरिनाथ साहू ने कहा कि वोटरों के वोट से जीतने वाले विधायक और सांसद को आजीवन पेंशन दिया जाता है फिर वोटरों को वोटर पेंशन क्यों नहीं? मिलन समारोह को प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सह कांके विधानसभा प्रभारी मुकुल नायक, विजय राय, धनंजय साहू, प्रेम कुमार साहू, ब्रजमोहन गुप्ता, श्याम सुंदर ठाकुर, विश्वनाथ वर्मा, सुखदेव साहू, शंकर मिर्धा, शोभा उरांव, ब्रजराज प्रसाद साहू समेत कई ने अपने विचार रखे।

## झारखंड ऊर्जा विकास श्रमिक संघ का प्रोजेक्ट भवन घेराव आज



रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड ऊर्जा विकास श्रमिक संघ की ओर से 23 सितंबर को प्रोजेक्ट भवन घेराव कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इस कार्यक्रम में राज्य स्तर पर हजारों विद्युत कर्मी प्रोजेक्ट भवन पहुंचेंगे। इस संबंध में संघ के केंद्रीय अध्यक्ष अजय राय ने बताया कि आज घेराव कार्यक्रम ऐतिहासिक होगा। अजय राय ने बताया कि संघ की यह मांग है कि ऊर्जा निगम आउटसोर्स व्यवस्था खत्म कर, पुरानी व्यवस्था लागू करे। 10 वर्ष से ऊपर सेवा देने वाले कर्मियों का नियमित नियुक्ति हो, सभी सप्लाई एवं ट्रांसमिशन जोन में हुए एरियर घोटाले की जांच हो और जहां एरियर नहीं दिया गया है वहां पर उसका भुगतान सुनिश्चित हो। इन्ही मांगों लेकर धुर्वा रांची में बैठक की गयी। जिसमे डोरंडा डिवीजन के दर्जनों कर्मी शामिल हुए। बैठक में मुख्य रूप से अनिकेत कुमार सिंह, अजय पासवान, प्रवीण कुजूर, सुधीर महतो, अशोक महतो, संजीत राम, कृष्ण बांदो, नितेश ठाकुर, सचित महतो, संजय कुमार, राजबल्लभ यादव, सत्येंद्र कुमार , विवेक यादव, रमेश चंद्र महतो, स्वेत प्रकाश, दिनेश कुमार महतो, अवधेश कुमार आदि शामिल हुए।

## फूलो झानो बाल संस्कार केंद्र का उद्घाटन



अनगड़ा (आजाद सिपाही)। जोहार लॉर्ड बुद्धा फाउंडेशन, कोकर के द्वारा आयोजित एवं भारत विकास परिषद के रांची मध्य एवं महानगर शाखा के सहयोग से फूलो झानो बाल संस्कार केंद्र का उद्घाटन अनगड़ा प्रखंड के डीमरा गांव में हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत सीआइपी रांची के वरिष्ठ पुस्तकालयाध्यक्ष जितेंद्र कुमार, विशिष्ट अतिथि झारखंड राय विश्वविद्यालय (जेआरयू) के पुस्तकालयाध्यक्ष रविन कुमार एवं गांव के प्रधान सावना बेदिया ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। मुख्य अतिथि जितेंद्र कुमार ने कहा कि संस्कार केंद्र के माध्यम से बच्चों के अंदर अनुशासन, माता-पिता के प्रति आदर, समाज के प्रति अपनी जिम्मेवारी एवं राष्ट्र के प्रति प्रेम के भाव को जागना है। विशिष्ट अतिथि रवि कुमार ने कहा कि अभिभावक को भी ध्यान रखना होगा कि बच्चों के जिद पर उन्हें मोबाइल ना दें। बाल्यकाल में मोबाइल जैसे उपकरण बच्चों के लिए हानिकारक है। फाउंडेशन के डायरेक्टर भारत भूषण ने कहा कि व्यवहारिक ज्ञान बढ़ाने हेतु ऐसे केन्द्रों की स्थापना की जा रही है। उद्घाटन के दौरान राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज टेकरी के लेक्चर सुप्रिया भारती के सहयोग से 26 बच्चों को पठन-पाठन सामग्री दी गयी। कार्यक्रम का संचालन जुगल बेदिया ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्य रूप से सावित्री, अंजलि, मनेश्वरी, चारवा भगत, जगमोहन, शतरा एवं चैता बेदिया का योगदान रहा।

### रंग लाया रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ का एक और प्रयास

# 2000 सोलर हाइमास्ट लाइट से जगमगायेंगे ग्रामीण क्षेत्र

- 6 करोड़ की लागत से गांव के सार्वजनिक स्थानों पर लगेंगे सोलर लाइट
- भ्रष्टाचार और कदाचार को छुपाने के लिए राज्य सरकार ने बंद किया इंटरनेट

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** रांची लोकसभा क्षेत्र के ग्रामीण क्षेत्रों में 2000 सोलर हाई मास्ट लाइट लगाने की स्वीकृति मिल गयी है। जिससे कि ग्रामीण इलाके रात में भी जगमग रहेंगे। ये बातें रविवार को रांची के सांसद और केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कहीं। उन्होंने कहा कि यह योजना 6 करोड़ रुपये की लागत से पूरी की जायेगी, जिसमें प्रत्येक लाइट की कीमत लगभग 30 हजार रुपये होगी। लाइट्स 15 फीट की ऊंचाई पर लगायी जायेंगी और प्रत्येक में 30 वाट के 6 लाइट होंगे। सोलर एनर्जी से चार्ज होकर शाम को अपने आप जलेंगे। संजय सेठ ने कहा कि यह प्रयास गांवों में प्रकाश व्यवस्था को बेहतर बनाने के उद्देश्य से किया गया है। इन लाइट्स को सरना स्थल, सामुदायिक भवन, पंचायत भवन और अन्य सार्वजनिक स्थानों पर लगाया जायेगा। जिससे कि हाथी प्रभावित क्षेत्रों में भी लोगों को राहत मिलेगी।

### झारखंड के लोगों का दमन कर रही सरकार

केंद्रीय मंत्री ने राज्य सरकार की नीतियों की आलोचना करते हुए कहा कि वर्तमान सरकार व्यावहारिक हो गयी है और झारखंडवासियों का शारीरिक, मानसिक और आर्थिक दमन कर रही है। उन्होंने राजधानी रांची में बढ़ती छिनतई की घटनाओं पर भी चिंता जतायी और कहा कि सरकार और प्रशासन इस पर कोई ठोस कदम नहीं उठा रहे हैं। वहीं इंटरनेट बंद करने के मामले में सेठ ने इसे अघोषित आपातकाल की स्थिति करार दिया और कहा कि इसका उद्देश्य जेएसएससी परीक्षा में फैले भ्रष्टाचार को छुपाना था। उन्होंने यह स्पष्ट किया कि सरकार की हर नाकामी का जवाब जनता देगी।

### अटल क्लिनिक का उद्घाटन कर भावुक हुए एक्टिंग चीफ जस्टिस, बोले-

# वृद्धाश्रम में मां-पिता को छोड़नेवालों को ईश्वर कभी माफ नहीं करते

- हेसाग में अपना घर (ओल्ड एज होम) में वृद्धजनों के लिए जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** झारखंड हाइकोर्ट के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद ने रविवार को अटल क्लिनिक का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि सभी वृद्ध माता-पिता उनके अभिभावक हैं। आप लोगों का हक सरकारी योजनाओं का लाभ पाना। उस लाभ को पहुंचाने के लिए हम सभी बच्चे आपके पास आये हैं। कोई भी मां अपने बच्चे को कोख में नौ माह पालती है और बाद में वही बच्चा बड़ा होकर अपने माता-पिता को वृद्धाश्रम में छोड़ देता है। यह गलत है। भावुक होकर उन्होंने कहा कि जो बच्चे अपने माता-पिता को वृद्धाश्रम में छोड़ते हैं, उन्हें ईश्वर कभी माफ नहीं करते हैं। रविवार को अपना घर (ओल्ड-एज-होम, हेसाग) में वृद्धजनों के लिए आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में वह बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि बीमारी वृद्ध होने के बाद शुरू होती है। उस समय दवा और इलाज की जरूरत होती है। इसी उद्देश्य से अटल क्लिनिक का उद्घाटन किया गया है। आपकी समस्याओं से रू-ब-रू होकर समस्याओं को दूर करने और आपका आशीर्वाद लेने हम सब पहुंचे हैं।

**अटल क्लिनिक से मिलेगी इलाज की सुविधा :** रांची सिविल कोर्ट के न्यायायुक्त दिवाकर पांडे ने कहा कि वृद्धजनों को लाभ पहुंचाने के लिए इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। आगे भी इस तरह के कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा, ताकि वृद्ध माताओं को लाभ मिल सके। अटल क्लिनिक खुलने के बाद लगातार इनकी स्वास्थ्य जांच की जायेगी और इलाज की सुविधा दी जायेगी। इस दौरान उर्सुलाइन स्कूल की छात्राओं द्वारा आपका है स्वागत गीत गाकर अतिथियों का स्वागत किया गया।

**मौके पर ये थे उपस्थित :** झालसा के निर्देश पर न्यायायुक्त सह रांची जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष के मार्गदर्शन में वृद्धजनों के लिए जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर रांची के उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा, वरीय पुलिस अधीक्षक चंदन कुमार सिन्हा, सिविल सर्जन प्रभात कुमार, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सुरभि सिंह, झालसा के उपसचिव अभिषेक कुमार, उच्च न्यायालय के प्रोटोकॉल ऑफिसर राकेश रंजन, डालसा सचिव कमलेश बेहरा, सिविल कोर्ट के प्रभारी रजिस्ट्रार अशोक कुमार, न्यायिक दंडाधिकारी एकता सक्सेना समेत अन्य मौके पर उपस्थित थे।

### दिलाया जा रहा योजनाओं का लाभ

झालसा की सदस्य सचिव कुमारी रंजना अस्थाना ने कहा कि यह कार्यक्रम पूरे राज्य में वृद्धजनों को समर्पित है। आज प्रत्येक जिले में झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार (झालसा) द्वारा वृद्धाश्रमों में विधिक जागरूकता सह मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया। जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन कर वृद्धों के लिए आधार कार्ड, वोटर आइडी कार्ड, वृद्धा पेंशन कार्ड आदि बनाया जा रहा है, ताकि इसका लाभ वृद्धजनों को मिल सके।

### आधार कार्ड और वोटर कार्ड दिये गये

सभी वृद्धजनों को अतिथियों ने मुख्यमंत्री वृद्धा पेंशन का स्वीकृति पत्र, आधार कार्ड, वोटर आइडी कार्ड, पोस्ट ऑफिस डिजिटल बैंक एकाउंट कार्ड एवं गिफ्ट देकर सम्मानित किया। धन्यवाद ज्ञापन जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सुरभि सिंह ने किया। उन्होंने कहा कि हम लोग वृद्धजनों के सेवा के लिए सदैव तत्पर हैं और आगे भी पुलिस प्रशासन, झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकार के साथ मिल कर वृद्धजनों की सेवा करने के लिए हमेशा तत्पर रहेंगे।

## चंद्रवंशी समाज का सदस्यता अभियान जारी

रांची (आजाद सिपाही)। चंद्रवंशी दुर्गा मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष नंदकिशोर राम के निर्देशानुसार सदस्यता अभियान जारी है। चंद्रवंशी समाज के स्थायी निवासी ट्रस्ट के सदस्यों के निर्णयानुसार ट्रस्ट के सदस्य बना सकते हैं। इच्छुक लोग चंद्रवंशी दुर्गा मंदिर ट्रस्ट के कार्यालय से या मोबाइल नंबर - 7050471661, 9835197442 से संपर्क कर फॉर्म प्राप्त कर सकते हैं। इस वर्ष दुर्गा पूजा धूम-धाम से मनाने के लिए रविवार को बैठक में 21 सदस्य दुर्गा पूजा कमेटी के सदस्यों का गठन किया जायेगा।

## परीक्षा में सीट बेचने के बाद हेमंत सरकार अपनी नाकामियों को छुपाना चाहती है : शिवराज सिंह

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** केंद्रीय मंत्री एवं झारखंड के विधानसभा चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान ने झारखंड की हेमंत सरकार पर बड़ा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि यह सरकार अपनी नाकामियों को छुपाने के लिए इंटरनेट बंद करा कर जनता को परेशान कर रही है। शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि हेमंत सरकार ने प्रतियोगिता परीक्षाओं में सीटें बेची हैं और अब इंटरनेट बंद कर अपनी नाकामियों को छुपाना चाहती है। उन्होंने कहा कि जनता को पता है कि पिछले पांच वर्षों में हेमंत सरकार ने युवाओं की नौकरियां कैसे बेची हैं। साथ ही पूरे सेटर बेच भी दिये हैं। उन्होंने कहा कि जांच एजेंसियों को मिले व्हाट्सअप चैट में प्रश्नपत्र और उनके रेट तक उजागर हुए हैं। शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि इस सरकार ने युवाओं के भविष्य को अंधकार में धकेल दिया है। इंटरनेट बंद होने से करोड़ों के व्यापार पर असर पड़ा है और आम जनजीवन प्रभावित हुआ है। शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि हेमंत सरकार जाते-जाते जनता को परेशान करने का हर तरीका अपना रही है।

### लोक सेवा समिति जनसेवा का 33वां वर्षगांठ समारोह संपन्न

# विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों और संस्थाओं को किया गया सम्मानित

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** लोक सेवा समिति जनसेवा ने अपने 33वें वर्षगांठ के अवसर पर एक समारोह आयोजित किया, जिसमें विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों और संस्थाओं को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर झारखंड रत्न (सर्वोच्च नागरिक सम्मान) और विशिष्ट सेवा सम्मान-2024 प्रदान किये गये। समिति के मुख्य संरक्षक आर्कबिशप कार्डिनल तेलेस्फोर पी. टोप्पो को समर्पित इस समारोह में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 25 व्यक्तियों और संस्थाओं को सम्मानित किया गया। सम्मानित व्यक्तियों में क्षितीश कुमार राय, डॉ. अजीत कुमार, सत्यव्रत ठाकुर, संगीता सिंह, डॉ. देवेन्द्र सिंह, सीमा देवी, रमन सिंह चंद्रवंशी, संत जेवियर स्कूल, विजय पाठक, हाजी फिरोज, मानिका मुंडा, अनंत कुमार सिंह, डॉ. मो. जाकिर, सुनिल सहाय और रोजलीन लकड़ा शामिल हैं। विशिष्ट सेवा सम्मान-2024 से सम्मानित व्यक्तियों में डॉ. मो. इमरान, सुहैल सईद, मो. खुर्शीद आलम, हाजी मशुक, सुनील सिंह और राज मौर्या शामिल हैं। लोक सेवा समिति जनसेवा के महासचिव डॉ. हरविंद्र बीर सिंह ने कहा कि समिति ने पिछले 33 वर्षों से समाज के लिए समर्पित भाव से काम किया है और इस अवसर पर हम उन व्यक्तियों और संस्थाओं को सम्मानित कर रहे हैं जिन्होंने विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य किया है। स्वागत भाषण लोक सेवा समिति के अध्यक्ष नौशाद खान ने किया। अतिथियों विभूतियां का स्वागत करते हुए उन्होंने कहा कि हम सब का शुक्रिया अदा करते हैं की सब के सहयोग से संस्थान पूरे देश में कार्य कर रही है। आपसी भाईचारा, शांति के रास्ते चलकर ही राज्य एवं राष्ट्र की सेवा कर सकते हैं। इस समारोह में सुबोध कांत सहाय पूर्व मंत्री भारत सरकार, रांची विश्वविद्यालय के कुलपति अजीत कुमार सिंह, डीआइजी नौशाद आलम, राज्य सभा सांसद महुआ माजी, सुरेश कुमार सिंह पूर्व कुलपति, लोक सेवा समिति के चांद खान, कृष्ण कुमार, अनस बिन नौशाद , बरखा रानी सहित प्रबुद्ध नागरिक, मीडिया और प्रशासन के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

## महत्वपूर्ण खबरें

### आज झारखंड आयेगी निर्वाचन आयोग की टीम, होटल रेडिशन ब्लू में बैठक

रांची (आजाद सिपाही)। भारत निर्वाचन आयोग की टीम 23 सितंबर को सुबह 9 बजे दो दिवसीय झारखंड दौरे पर आयेगी। इस दौरान आयोग की टीम झारखंड विधानसभा चुनाव पर मंथन और बैठकें करेगी। इनमें से आयोग की चार बैठकें 23 सितंबर और 1 बैठक 24 सितंबर को होगी। झारखंड विधानसभा चुनाव पर मंथन करने मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार के नेतृत्व में दो निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार और डॉ सुखबीर सिंह संधु, तीन सीनियर डिप्टी इलेक्शन कमीश्नर, डिप्टी इलेक्शन कमीश्नर और उनके सपोर्ट के लिए पांच पदाधिकारियों सहित कुल 12 सदस्यीय टीम रांची आयेगी। होटल रेडिशन ब्लू में होगी बैठक। बैठक की शुरुआत मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार के नेतृत्व में 23 सितंबर को सुबह 11 बजे होटल रेडिशन ब्लू में होगी, जिसमें विभिन्न राजनीतिक दल भी मौजूद रहेंगे। यह बैठक दोपहर 1 बजे तक चलेगी, जिसमें आयोग की टीम छह राष्ट्रीय पार्टियों आम आदमी पार्टी, भाजपा, बीएसपी, सीपीआइ (एम), कांग्रेस और नेशनल पीपुल्स पार्टी और तीन क्षेत्रीय पार्टियों आजसू, जेएमएम और आरजेडी के प्रतिनिधियों के साथ अलग-अलग बैठक करेगी। सभी पार्टियों को 12-12 मिनट का समय दिया गया है।

### नि:शुल्क डॉक्टर परामर्श कैंप का आयोजन




रांची (आजाद सिपाही)। रविवार को शंकरा हेल्थ केयर और मीरव हेल्थकेयर के मालिक एवं वरिष्ठ समाजसेवी शंकर दुबे के द्वारा निशुल्क डॉक्टर परामर्श कैंप लगाया गया। यह कैंप शिव मंदिर महादेव मंडा लोअर चुटिया रांची में लगाया गया। जिसमें नवयुवक संघ दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष मिथिलेश गोप, महामंत्री भोला चौधरी, धनंजय ठाकुर, तपन महतो, समाजसेवी कैलाश केसरी, विक्रम साहू, ललिता ओझा, ममता देवी, मुन्नी मुंडा, पुष्पा देवी, रेखा महतो, मनोज चौधरी, अजीत गोप उपस्थित थे। यह जानकारी समाजसेवी कैलाश केसरी के द्वारा दी गयी।

### के राजू को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया



रांची (आजाद सिपाही)। रविवार को रांची महानगर कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति विभाग के चेयरमेन राजू राम के नेतृत्व में झारखंड अनूसूचित जाति विभाग एवं अनुसूचित जनजाति पिछड़ा वर्ग और अल्पसंख्यक के कोऑर्डिनेटर के राजू को गुलदस्ता एवं अंगवस्त्र देकर देकर सम्मानित किया गया। इसमें मुख्य रूप से रंजित कुमार बाउरी, निरंजन पासवान, कुलदीप कुमार, रोशन पासवान, रोहित सिन्हा आदि उपस्थित थे।

### संजय गिरी ने जन चेतना यात्रा की शुरुआत की



बहरागोड़ा (आजाद सिपाही)। गुड़ाबांदा क्षेत्र के चार पंचायत से रविवार को संपूर्ण मानवता कल्याण संघ के अध्यक्ष संजय गिरी ने जन चेतना यात्रा की शुरुआत की। यह यात्रा बालीजुड़ी, मुड़ाकाती, बनमकड़ी और अगरपड़ा पंचायत के विभिन्न गांवों में गयी। यह यात्रा 22 से 2 अक्टूबर तक चलने वाली है और बहरागोड़ा विधानसभा क्षेत्र के हर पंचायत तक पहुंचेगी। यात्रा के दौरान संजय गिरी ने जनता की समस्याओं को सुना और त्वरित समाधान भी किया। इस अवसर पर संपूर्ण मानवता कल्याण संघ के साथ करीब 560 लोगों ने सदस्यता ग्रहण की। संजय गिरी ने कहा कि यहां के स्थानीय प्रतिनिधि अपनी जिम्मेदारियां निभाने में पूरी तरह विफल रहे हैं, जिसके कारण जनता आज भी इसक्षेत्र बुनियादी सुविधाओं से वंचित है। हमारी यह यात्रा बदलाव की शुरूआत है, और जनता की हर समस्या का समाधान हमारी प्राथमिकता होगी।

### पूर्व सैनिक वेलफेयर ट्रस्ट एसोसिएशन की बैठक



हजारीबाग (आजाद सिपाही)। रविवार को पूर्व सैनिक वेलफेयर ट्रस्ट एसोसिएशन झारखंड महिला विंग का गठन हेतु अटल सांस्कृतिक भवन नियर सर्किट हाउस हजारीबाग में बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष अरविंद ओझा और संचालन उपाध्यक्ष कुलेश्वर प्रसाद मेहता ने किया। इसमें सर्वसम्मति से महिला विंग का चुनाव किया गया, जो इस प्रकार है। महिला विंग संरक्षक पूर्णिमा सहाय, प्रदेश अध्यक्ष शोभा सिन्हा, उपाध्यक्ष किरण मिश्रा, सचिव उषा देवी, उप सचिव रिचा गुप्ता, संगठन मंत्री रिंकी देवी, मीडिया प्रभारी सोनम सिंह, वरिष्ठ सलाहकार बंदिता देवी, सुशीला देवी, मीडिया सलाहकार निक्की देवी, जिला अध्यक्ष हजारीबाग पूनम देवी, सचिव प्रियंका शाहा, संगठन मंत्री अनिता देवी, मीडिया प्रभारी सुमिता देवी, उप मीडिया प्रभारी अमृता देवी, जिला अध्यक्ष रामगढ़ बीनू देवी शामिल हैं। अंत में दो सदस्यों ने संगठन की सदस्यता ग्रहण किये जिनमें सूबेदार मेजर राजेश कुमार और नीरज कुमार शामिल हैं। बैठक मुख्य रूप से अरविंद ओझा, कुंलेश्वर प्रसाद मेहता, उपकार सिंह, चंद्रिका प्रसाद कुशवाहा, महेंद्र गोप, महेंद्र मेहता, कमल किशोर, मुकेश कुमार सिंह, अजय प्रसाद, अनंत प्रसाद, मोहन शाहा, अमृत साहू, कैप्टन अखौरी गोविंद सहाय, महेंद्र मेहता, शिवनंदन कुमार, किशोर यादव, रामनंदन मिश्रा समेत कई पूर्व सैनिक शामिल थे।

### राजनीतिक चेतना से ही समाज को मिलेगी भागीदारी : राजेंद्र प्रसाद



साहिबगंज (आजाद सिपाही)। राज्य में तेली समाज की आबादी 15% है वहीं ओबीसी की आबादी 55%और मूलवासी सदानों की आबादी 65%है। लेकिन राजनीतिक चेतना नहीं होने से समाज हासिए पर है, जो पार्टी दे भागीदारी उसी का साथ दें। उक्त बातें मूलवासी सदान मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद ने तेली समाज की ओर से आयोजित विधानसभा स्तरीय सम्मेलन, बभनगामा तीनपहाड़ साहिबगंज, में कहीं। उन्होंने कहा कि झारखंड में जो समाज संगठित है उन समाज को राजनीतिक दल अनदेखी नहीं कर पाते हैं जिसका परिणाम है कि संगठित समाज को राजनीतिक भागीदारी मिली है। सम्मेलन का अध्यक्षता करते हुए स्वागत भाषण में विश्वजीत शाह ने कहा कि राजेंद्र प्रसाद सिर्फ तेली समाज की नहीं झारखंड और झारखंडियों की सच्ची आवाज हैं। ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष नंदलाल शाह ने कहा ओबीसी का 55% का बाद होने के बाद भी ओबीसी को राजनीति भागीदारी नहीं मिल रही है इससे अब बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। सम्मेलन में अवधेश शाह, अनिल शाह, प्रदुमन शाह, खगेंद्र शाह, सुरेश शाह कृष्णा शाह, गणेश बुद्धेव मंडल उपस्थित थे।

www.epaper.azadsipahi.in

23 सितंबर, 2024
अश्विन, कृष्ण पक्ष, षष्ठी
संवत 2081
पृष्ठ : 14, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
सोमवार, वर्ष 09, अंक 333

सुरक्षा परिषद में स्थायी सीट की दावेदारी का बाइडेन ने किया समर्थन, पीएम बोले- हम किसी के खिलाफ नहीं



FLORENCE
GROUP OF INSTITUTIONS
(A Unit of :Haji Abdur Razzaque Educational Society)
ADMISSION OPEN

COLLEGE OF NURSING
2 YEARS M.Sc. Nursing
2 YEARS Post Basic B. Sc. Nursing
4 YEARS B.Sc. Nursing
3 YEARS GNM (General Nursing And Midwifery)
2 YEARS ANM (Auxiliary Nursing And Midwifery)

COLLEGE OF PARA MEDICAL SCIENCE
4 YEARS BMLT
2 YEARS DMLT
2 YEARS OT ASSISTANT
2 YEARS ECG
2 YEARS OPHTHALMIC ASST.
2 YEARS CRITICAL CARE (ICU)
2 YEARS RADIO-IMAGING
2 YEARS ANESTHESIA TECH.
1 YEARS DRESSERS

COLLEGE OF PHARMACY
2 YEARS D-PHARM
4 YEARS B-PHRRM

Separate Hostel For Boys & Girls
9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail: fsnirba@gmail.com
Website: www.florenceinstirba.com

## इंटरनेट बंद करने पर हाइकोर्ट में हुई सुनवाई

# यह फ्रॉड है, आगे से अनुमति लें: हाइकोर्ट

- गृह सचिव समेत मोबाइल सेवा प्रदाता कोर्ट में हुए हाजिर

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। झारखंड हाइकोर्ट ने रविवार को राज्य भर में इंटरनेट सेवा बंद किये जाने के फैसले को 'फ्रॉड' करार दिया है। अदालत ने गृह सचिव वंदना डाडेल सहित सभी मोबाइल कंपनियों के अधिकारियों को रविवार को इंटरनेंट सेवा बंद किये जाने के मैसेज पर तलब किया। मोबाइल कंपनियों द्वारा इंटरनेट सेवा बाधित करने संबंधी मैसेज को लेकर सुबह नौ बजे इस विषय पर हाइकोर्ट की खंडपीठ बैठी, जिसमें गृह सचिव और मोबाइल सेवा प्रदाता कंपनी के अधिकारियों को कोर्ट ने तलब किया। कोर्ट के दूसरे हाफ में गृह सचिव दस्तावेज के साथ पहुंची। साथ ही मोबाइल सेवा प्रदाता कंपनियों के अधिकारी भी कोर्ट में पहुंचे।

**परीक्षा के नाम पर इंटरनेट सेवा बाधित करना उचित नहीं:** रविवार के दिन इस मसले पर आकस्मिक सुनवाई करते हुए जस्टिस आनंद सेन और जस्टिस अनुभा रावत चौधरी की अदालत ने राज्य सरकार के इस फैसले पर नाराजगी जतायी और स्पष्ट निर्देश दिया कि इस तरह का फैसला लेने से पहले हाइकोर्ट की स्वीकृति जरूरी होगी। हाइकोर्ट ने यह भी कहा कि परीक्षा के नाम पर पूरे राज्य में इंटरनेट सेवा को बाधित करना कहीं से भी उचित नहीं है।

### यह आपराधिक अवमानना का मामला बनता है



कोर्ट ने उनसे मौखिक कहा कि शनिवार के हाइकोर्ट आदेश में बदलाव सरकार द्वारा क्यों किया गया? कल मोबाइल डाटा बंद रहने की बात कही गयी थी, लेकिन रविवार को इंटरनेट सेवा बंद करने का मैसेज मोबाइल कंपनियों की ओर लोगों को दिया गया। शनिवार के आदेश में बदलाव करना राज्य सरकार का 'फ्रॉड' है। यह आपराधिक अवमानना का मामला बनता है। हाइकोर्ट की खंडपीठ ने तुरंत इंटरनेट सेवा बहाल करने का आदेश राज्य सरकार को दिया। साथ ही अचानक इंटरनेट सेवा बंद करने को लेकर राज्य सरकार की नीति के संबंध में छह सप्ताह में जवाब मांगा है। हाइकोर्ट के इस आदेश के बाद दोपहर 2:00 बजे के करीब इंटरनेट सेवा बहाल हो गयी।

## अपनी नाकामी छिपाने के लिए हेमंत सोरेन सरकार ने इंटरनेट किया बंद : बाबूलाल

रांची (आजाद सिपाही)। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि अपनी कमियों को छुपाने के लिए हेमंत सरकार ने इंटरनेट बंद किया। इससे आम लोगों को परेशानी हुई। व्यापार बुरी तरह प्रभावित रहा। आजकल बाजार पूरी तरह ऑनलाइन चलता है। लोग मार्केटिंग ऑनलाइन ही करते हैं। पैसा लेकर लोग नहीं घूमते हैं। बाबूलाल रविवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में संवाददाता सम्मेलन में बोल रहे थे।

बाबूलाल ने कहा कि नेट उस स्थिति में बंद किया जाता है, जहां बड़े पैमाने पर दंगा और बवाल मचाने की आशंकाएं रहती हैं। आतंकवादी गतिविधि तेज होती है। उन्होंने कहा कि भाजपा की चल



रही परिवर्तन यात्रा को डिस्टर्ब करने के लिए नेट बंद किया गया, ताकि डिजिटल माध्यम से यात्रा का प्रचार प्रसार नहीं हो। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन अगर कह देते कि डिजिटल माध्यम से प्रचार प्रसार नहीं करना है तो भाजपा नहीं करती। उन्होंने कहा कि बच्चों के साथ इस तरह का खिलवाड़ नहीं करना चाहिए। कई बच्चे दूर दराज से आते हैं। आने जाने के लिए ऑनलाइन टैक्सी बुक करते हैं। नेट बंद होने से यह भी प्रभावित हुआ। सबको पता है कि परीक्षा होने के कितने दिनों के बाद रिजल्ट आयेगा। अक्टूबर के पहले सप्ताह में चुनाव की घोषणा भी हो जायेगी।

### झामुमो मे दिया जवाब

उधर, झामुमो ने सोशल मीडिया पर लिखा कि आखिर और कितना झूठ बोलिएगा 'कुतुबमिनारी चचा।' खैर झूठ बोलने में आप ग्रेजुएट हैं। यह पूरा राज्य जानता है। रही बात इंटरनेट की तो बंद सिर्फ सुबह 8 बजे से 1:30 बजे तक है। परीक्षा चोरों की बौखलाहट अब पूरा राज्य समझ रहा है, खास कर के युवा।

## न्यूज रील्स

### दो युवतियों को हाइवा ने कुचला, मौत

दुमका। दुमका जिले के हंसडीहा थाना क्षेत्र के महेशखंदा गांव में रविवार को एक अनियंत्रित हाइवा की चपेट में आने से दो युवतियों की मौत हो गयी। वहीं एक युवती गंभीर रूप से घायल हो गयी है। तीनों पुलिस में होने वाली बहाली की तैयारी कर रही थीं। दोनों मृतका शादीशुदा थीं और उनका आपस में गोतनी का रिश्ता था। घटना के बाद गांव के लोगों ने आक्रोश में आकर एनएच-114 ए दुमका-भागलपुर मार्ग को जाम कर दिया। गांव वाले मुआवजे के तौर पर घर के दो लोगों को सरकारी नौकरी देने की मांग कर रहे हैं। मिली जानकारी के अनुसार प्रियंका कुमारी (21 वर्ष), सोनी कुमारी (22 वर्ष) और घायल पूजा कुमारी (18 वर्ष) दौड़ का अभ्यास कर रही थीं। इसी दौरान घटना घटी।

# खूंटी में आज 'सरकार आपके द्वार' कार्यक्रम

- मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन करेंगे शिरकत, जिले को मिलेंगी कई सौगातें, परिसंपत्तियों का भी होगा वितरण

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। राज्य सरकार ने इन दिनों एक बार फिर 'आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार' कार्यक्रम शुरू किया है। इसी क्रम में सोमवार को खूंटी में कार्यक्रम



हो रहा है। इसमें मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन शिरकत करेंगे। इस कार्यक्रम का आयोजन खूंटी और सिमडेगा जिले के लिए संयुक्त रूप से किया जायेगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री विभिन्न योजनाओं के लाभुकों को सम्मानित करेंगे। कई विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन करेंगे। इसके अलावा, विभिन्न विभागों के स्टॉल भी लगाये जायेंगे, जहां लोगों को सरकारी योजनाओं की जानकारी दी जायेगी। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के कार्यक्रम को लेकर खूंटी जिला प्रशासन अलर्ट है।

# हेमंत सरकार की मंईयां सम्मान यात्रा आज से

## 25 हजार आमसभाएं, मंत्री बेबी, दीपिका और विधायक कल्पना करेंगी नेतृत्व

- हेमंत सोरेन सरकार की 23 सितंबर को बंशीधर नगर में आमसभा और रमना और मेराल में सभा होगी
- गढ़वा में शाम 7.30 बजे रात्रि चौपाल का आयोजन किया गया है

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। 23 सितंबर से हेमंत सरकार मंईयां सम्मान यात्रा शुरू करेगी। गढ़वा जिले के बंशीधर नगर से सम्मान यात्रा आरंभ होगी। पूरे राज्य में 25 हजार आमसभाएं, 7500 सभाएं और 1500 जगहों पर स्वागत समारोह होगा। पहले चरण में मंत्री बेबी देवी, मंत्री दीपिका पांडेय और विधायक कल्पना सोरेन के नेतृत्व में पलामू प्रमंडल के गढ़वा, मेदिनीनगर और लातेहार जिले से कार्यक्रम की शुरुआत होगी। इस अवसर पर स्थानीय मंत्री, विधायक और स्थानीय जनप्रतिनिधि भी शामिल होंगे।

**आज गढ़वा के बंशीधर नगर में होगी आमसभा:** 23 सितंबर को दिन के 11.45 बजे बंशीधर नगर में आमसभा और रमना और मेराल में सभा होगी। गढ़वा में शाम 7.30 बजे रात्रि चौपाल का आयोजन किया गया है। 24 सितंबर को गढ़वा, मझिआंव, हैदरनगर, हुसैनाबाद, छतरपुर, नावानगर और पाटन में सभा और स्वागत समारोह का आयोजन किया गया है। रात 7.45 बजे दलित छात्रावास में रात्रि चौपाल का आयोजन किया गया है।



### 25 सितंबर को पलामू के मेदिनीनगर में आमसभा

25 सितंबर को मेदिनीनगर में दिन के 10.30 बजे आमसभा और प्रेस कांफ्रेंस का आयोजन किया गया है। फिर सतबरवा, बकोरिया, मनिका, लातेहार, चंदवा, बालूमाथ, हेरहंज और पांकी में आमसभा और सभा का आयोजन किया गया है। इसके बाद अन्य प्रमंडलों में भी इसी प्रकार कार्यक्रम होंगे। इसकी तिथि की घोषणा बाद में की जायेगी।

### कार्यकर्ता मंईयां सम्मान यात्रा में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लें: विनोद पांडेय



इधर, झामुमो के महासचिव विनोद पांडेय ने बताया कि पार्टी की ओर से सरकार के इस कार्यक्रम में झामुमो कार्यकर्ताओं को भी बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेने का निर्देश दिया गया है। कार्यकर्ता महिलाओं और युवतियों को योजना का फॉर्म भरने में मदद करेंगे, ताकि कोई योग्य लाभार्थी योजना से वंचित न रह जाये। विनोद पांडेय ने बताया कि 23 सितंबर को दक्षिणी छोटानागपुर, 27 सितंबर को उत्तरी छोटानागपुर और 28 सितंबर को संताल परगना प्रमंडल के झामुमो जिला प्रतिनिधियों के साथ रांची के सोहराय भवन में समीक्षा बैठक होगी। प्रतिनिधियों को विधानसभा चुनाव और संगठन के संबंध में जानकारी दी जायेगी। उन्होंने कहा कि प्रमंडल की बैठक में सीएम हेमंत सोरेन भी शामिल हो सकते हैं।

## नीट पेपर लीक में सीबीआइ का खुलासा

# ओएसिस स्कूल के प्रिंसिपल ने वाइस प्रिंसिपल के साथ मिल कर रची थी प्रश्न पत्र चोरी की साजिश

- मामले में अब तक 48 लोगों को किया गया है गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। चर्चित नीट पेपर लीक मामले की जांच सीबीआइ कर रही है। सीबीआइ की जांच में खुलासा हुआ है कि हजारीबाग स्थित ओएसिस स्कूल के प्रिंसिपल डॉ अहसानुल हक को नीट यूजी 2024 परीक्षा के लिए हजारीबाग के सिटी कोऑर्डिनेटर के तौर पर प्रतिनियुक्त किया गया था। अहसानुल हक ने उसी स्कूल के वाइस प्रिंसिपल और नीट यूजी परीक्षा के लिए सेंटर सुपरिंटेंडेंट मोहम्मद इम्तियाज आलम और अन्य आरोपियों के साथ मिल कर नीट प्रश्नपत्र चोरी करने की साजिश रची थी।

### सीबीआइ ने दूसरा आरोप पत्र दायर किया

सीबीआइ ने छह आरोपियों के खिलाफ नीट पेपर लीक मामले में छह आरोपियों के खिलाफ पटना में सीबीआईमामलों की विशेष अदालत के समक्ष दूसरा आरोप पत्र दाखिल किया है, जिनमें बलदेव कुमार उर्फ चिंटू, सनी कुमार, डॉ अहसानुल हक (प्रधानाचार्य, ओएसिस स्कूल, हजारीबाग और हजारीबाग के सिटी कोऑर्डिनेटर) (4) मोहम्मद इम्तियाज आलम (वाइस प्रिंसिपल ओएसिस स्कूल और केंद्र अधीक्षक), जमालुद्दीन उर्फ जमाल (एक समाचार पत्र, हजारीबाग के रिपोर्टर) और अमन कुमार सिंह शामिल है। सीबीआइ ने पहले 1 गस्त को 13 आरोपियों के खिलाफ पहला आरोप पत्र दायर किया था। इन सभी के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत आरोप पत्र प्रस्तुत किया गया है, जिसमें धारा 120-बी (आपराधिक षड्यंत्र), धारा 109 (उकसाना), धारा 409 (आपराधिक विश्वासघात), धारा 420 (धोखाधड़ी), धारा 380 (चोरी), धारा 201 (साक्ष्यों को गायब करना) और धारा 411 (बेईमानी से चोरी की गयी संपत्ति प्राप्त करना) शामिल हैं।

**लाभार्थी उम्मीदवारों की भी पहचान हुई:** सीबीआइ ने बताया कि अब तक इस नीट पेपर लीक मामले में कुल 48 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। सीबीआइ ने इस पेपर लीक के लाभार्थी उम्मीदवारों की भी पहचान कर ली है और आवश्यक कार्रवाई के लिए नेशनल टेस्टिंग एजेंसी के साथ उनका विवरण साझा किया है। शेष गिरफ्तार आरोपियों के संबंध में आगे की जांच जारी है।

# भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा आज खूंटी से परिवर्तन यात्रा का करेंगे शुभारंभ

- केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान, मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव और पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर भी अलग-अलग जगहों पर परिवर्तन यात्रा में होंगे शामिल

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। भाजपा की राज्य के विभिन्न प्रमंडलों में परिवर्तन यात्रा शुरू हो चुकी है। वहीं, कुछ प्रमंढलों में एक-दो दिन में शुरू हो रही है। इसी क्रम में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा सोमवार को दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल परिवर्तन यात्रा का शुभारंभ करेंगे। इस दौरान वे जनसभा को भी संबोधित करेंगे। कार्यक्रम का आयोजन खूंटी के कचहरी मैदान में किया गया है। नड्डा दोपहर 12 बजे रांची एयरपोर्ट पहुंचेंगे। वहां से खूंटी के लिए रवाना होंगे। परिवर्तन यात्रा



का शुभारंभ करने से पहले भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण करेंगे। वहीं, केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान सोमवार को कोल्हान प्रमंडल परिवर्तन यात्रा का शुभारंभ करेंगे। चौहान सुबह 11:00 बजे बहरागोड़ा के शाखा मैदान में परिवर्तन महासभा में हिस्सा लेंगे। उधर, मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव भी सोमवार को गिरिडीह जिले के गांडेय और हजारीबाग जिले के बरकट्ठा के कपका मैदान में परिवर्तन सभा को संबोधित करेंगे। वहीं, पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर गढ़वा और पलामू में परिवर्तन सभा को संबोधित करेंगे।

## उत्तरप्रदेश उपमुख्यमंत्री ने हेमंत सरकार पर साधा निशाना

# झारखंड में जमानत वाली सरकार: केशव प्रसाद मौर्य

- भाजपा की कोडरमा और गढ़वा की परिवर्तन यात्रा में हुए शामिल

आजाद सिपाही संवाददाता

कोडरमा/रंका। भाजपा की परिवर्तन यात्रा रविवार को कोडरमा पहुंची। सुभाष चौक से लेकर ब्लॉक मैदान तक परिवर्तन रथ पर सवार होकर केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी और विधायक डॉ नीरा यादव समेत अन्य भाजपा नेता कार्यक्रम स्थल पहुंचे। यहां सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उत्तरप्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य शामिल हुए। वहीं, मौर्या गढ़वा के रंका में भी परिवर्तन यात्रा में शामिल हुए। दोनों जगहों पर वह हेमंत सरकार पर जम कर बरसे। मौर्य ने कहा कि फिलहाल झारखंड में जमानत वाली सरकार है। यहां के मुख्यमंत्री बेल पर हैं। ऐसी सरकार से राज्य का भला नहीं हो सकता। उन्होंने कहा कि राज्य में जब डबल इंजन की सरकार होगी, तो रफ्तार भी डबल होगी और इसे साकार करने का समय आ गया है। जहां-जहां परिवर्तन यात्रा होती है, वहां भाजपा की सरकार बननी तय हो जाती है। यहां भी सत्ता परिवर्तन का रास्ता तय हो गया है।



### हेमंत सरकार ने जनता को ठगा: अन्नपूर्णा

कोडरमा। केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि हेमंत सरकार के 5 साल पूरे होने को है, लेकिन जितने वादे सरकार बनने से पूर्व किये गये थे, सारे वादे अभी भी अधूरे हैं। राज्य की जनता ठगी हुई महसूस कर रही है। उन्होंने इस परिवर्तन रैली के जरिये हेमंत सरकार को उखाड़ फेंकने और भाजपा की सरकार बनाने का संकल्प लोगों को दिलाया।

### बाबूलाल के नेतृत्व में सरकार बनानी है

मौर्य ने कहा कि भाजपा के मतलब सुशासन, कल्याण, महिलाओं को लखपति बनाने वाला और बेतहाशा विकास करने वाला। उन्होंने कहा कि जब भ्रष्टाचार सीमा लांघ जाये तो बाबूलाल मरांडी के नेतृत्व में भारी बहुमत की सरकार बनाना। बाबूलाल मरांडी के नेतृत्व में सरकार बनने के बाद पांच साल में झारखंड पचास साल आगे बढ़ेगा।

### सरकार बनी तो घुसपैठियों को खदड़ेंगे

मौर्य ने कहा कि झारखंड में हेमंत सोरेन की अगुआई में झामुमो-कांग्रेस की सरकार झूठ बोलने वाली सरकार है। हेमंत सोरेन ने जनता से किये गये वादे पूरे नहीं किये। पांच साल झारखंड की बर्बादी के रूप में याद किया जायेगा। उन्होंने कहा कि झारखंड में फिर से भाजपा की सरकार बनेगी, तो मोदी जी मजबूत होंगे और बांग्लादेशी घुसपैठिये को खदेड़ने का काम करेंगे। साथ ही पुलिस प्रशासन भी जनता के लिए तत्पर रहेगा।

YASH ENTERPRISES
Deals In :
All Types of CP Bath Fitting,
Pumps, Sanitaryware, Pipes & Fitting



J.J Road, Beside, Deepak Trading
Upper Bazar, Ranchi - 01
Mob.: 9835901322, 9709082614

## 22 टन ढिबरा लदा ट्रक जब्त, चालक गिरफ्तार



**कोडरमा ( आजाद सिपाही)।** कोडरमा वन विभाग के टीम ने रविवार की सुबह डोमचांच के समीप रेंजर रविंद्र कुमार के नेतृत्व में ढिबरा लोड ट्रक वाहन जप्त किया। जानकारी के अनुसार रेंजर को गुप्त सूचना मिली थी। कबराबुट जंगल से ट्रक वाहन मे ढिबरा लोड करके, कोलकाता जा रहा था, जिसके बाद वन विभाग टीम ने महेशपुर चौक के पास जप्त किया गया और चालक भी गिरफ्तार किया गया। वन विभाग के टीम ने गाड़ी ढिबरा लादे ट्रक वाहन जप्त करके वन परिसर मे रखा है। गिरफ्तार व्यक्ति अनिल यादव (पिता लाला यादव ग्राम फातेपुर बिहार) शामिल है। गाड़ी में ढिबरा लगभग 22 टन लोड बताया जा रहा है। जिसकी कीमत लगभग 10 लाख बताई जा रही है। वन अधिनियम के तहत मामला दर्ज करते हुए गिरफ्तार चालक को जेल भेज दिया गया। मौके पर प्रभारी वनपाल अभिमन्यु कुमार, पिंटु पंडीत, रविकांत यादव, बंटी सिंह मौजूद थे।

## भाजपा की परिवर्तन यात्रा की बैठक संपन्न



**जयनगर ( आजाद सिपाही)।** प्रखंड के सरस्वती पब्लिक उच्च विद्यालय पावरहाउस डंडाडीह में भारतीय जनता पार्टी जयनगर मंडल, परसाबाद मंडल के कार्यकर्ताओं की बैठक परिवर्तन यात्रा को लेकर की गयी। बैठक की अध्यक्षता परसाबाद मंडल अध्यक्ष विजय राणा और संचालन महामंत्री महेश रजक ने किया। बैठक के पूर्व डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर माल्यार्पण कर बारी बारी से पुष्प अर्पित किये। बैठक में बरकट्ठा विधानसभा परिवर्तन यात्रा के प्रभारी विधायक अमित कुमार यादव, कुमकुम देवी और सुनील मेहता मुख्य रूप से उपस्थित थे। विधायक अमित कुमार यादव ने कहा कि बरकट्ठा प्रखंड के कपका मैदान में मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव, केन्द्रीय महिला बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी और हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल सहित कई लोग कार्यकर्ताओं को बूथ जीतने एवं विधानसभा जीतने पर चर्चा करेंगे। इसलिए बूथ स्तर के कार्यकर्ता और महिला-पुरुष पहुंचे। उन्होंने कहा कि परिवर्तन यात्रा को पिपचो चौक, तेतरौन चौक एवं परसाबाद पर फुल वर्षा कर स्वागत किया जायेगा। मौके पर बरकट्ठा विधानसभा नेता बटेश्वर मेहता, सुरेश यादव, सुरेंद्र भाई मोदी, जय प्रकाश राम, केदारनाथ यादव, राज नारायण सिंह, सुधीर सिंह, राजेन्द्र सिंह, महावीर यादव, मीना साव, सुरेंद्र प्रसाद मोदी, सुनील सिंह, विजय पंडित, संतोष साव, सदानंद सिंह, बीरेंद्र कुमार, विजय यादव, कैलाश लाल बर्णवाल, प्रदीप साव, चंदन कुमार, महेंद्र राणा, मनोज चौधरी, किशुन यादव, मोहन यादव, कौशल यादव, सकलदेव सिंह, राजु साव, सहदेव यादव सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद थे।

## अजीत बर्णवाल बने राष्ट्रीय मोदी बरनवाल विकास संघ के झारखंड प्रदेश उपाध्यक्ष



**कोडरमा ( आजाद सिपाही)।** राष्ट्रीय मोदी बरनवाल विकास संघ के पदाधिकारियों की बैठक में कोडरमा के अजीत बर्णवाल को झारखंड प्रदेश उपाध्यक्ष बनाया गया है। वहीं हिरोडीह के राहुल कुमार मोदी को युवा इकाई का संगठन मंत्री बनाया गया है। उक्त घोषणा संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष महेंद्र मोदी ने की। अजीत बर्णवाल को प्रदेश उपाध्यक्ष और राहुल कुमार को संगठन मंत्री बनाये जाने पर संघ के केंद्रीय महासचिव प्रेमलाल, जिला अध्यक्ष अजय बरनवाल, पंकज बरनवाल, अशोक बरनवाल, शंभू बरनवाल, भोला कुमार, विनोद बरनवाल, मनोहर मोदी, सूरज मोदी, निरंजन लाल, सतीश कुमार दीपू, सुजाता बरनवाल, सविता बरनवाल, कंचन बरनवाल, संजीव समीर, मधु कुमारी, गीता देवी, अंजू देवी, रेखा देवी, नीलम देवी, मीरा देवी, आरके बसन्त, प्रकाश मोदी, बिनोद मोदी समेत कई लोगों ने बधाई दी है।

## परिवर्तन रैली में मोहन यादव के आगमन को लेकर हुई बैठक



**चलकुशा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड की चांदनी चौक के निकट लखन साव के भवन में भाजपा कार्यकर्ताओं कि बैठक कि गयी। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा विधायक अमित कुमार यादव शामिल हुए। वहीं कार्यकर्ताओं ने विधायक को गर्म जोशी के साथ स्वागत किया। जिसके बाद विधायक यादव ने झारखंड के बरकट्ठा विधानसभा में 23 सितंबर 2024 को होने वाले परिवर्तन रैली में मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव के कपका बाजार टांड़ में होने वाले जन सभा को लेकर लेकर चर्चा करते हुए अधिक से अधिक संख्या में कपका आने का अपील किया। मौके पर जिला उपाध्यक्ष सुनील मेहता, भाजपा नेत्री जीप सदस्य कुमकुम देवी, सुरेन्द्र मोदी, दिनेश सिंह, अजय सिंह, गोविंद चौधरी, सीताराम पंडित, वासुदेव यादव, लखन साव, मोहसिन कमाल, राजेश यादव, रामप्रसाद यादव, राजकुमार पंडित, सुबोध चौधरी, राजेन्द्र साव, श्याम सुंदर यादव, मुन्ना यादव, धीरेन्द्र शर्मा,भीम यादव, एवं काफी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## विष्णुगढ़ प्रखंड के अध्यक्ष बने संजीत कुमार मिश्र



**विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)।** यहां के काली मंदिर परिसर में अंतर्राष्ट्रीय ब्राह्मण महासंघ की बैठक प्रदेश अध्यक्ष सुनील कुमार पांडेय की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक का संचालन प्रदेश महासचिव बीरेंद्र शास्त्री ने किया। संजीत कुमार मिश्रा को विष्णुगढ़ प्रखंड अध्यक्ष मनोनीत किये गये। इस अवसर पर संजीत मिश्रा प्रखंड अध्यक्ष का दायित्व संभालते ही प्रदेश कमिटी और जिला कमिटी का धन्यवाद देते हुवे कहा कि मैं पूरे जोश खरोश के साथ संगठन के विस्तार के लिए पूरे प्रखंड में कार्य करूंगा। साथ ही आगामी 29 सितम्बर को राम मंदिर में बैठक का आयोजन किया जायेगा। जिसमें प्रखंड के सारे विप्र बंधु उपस्थित रहेंगे , मैं संगठन को तन मन धन से सीचकर समाज को आगे बढाने का कार्य करूंगा । प्रदेश व जिला कमिटी ने जो विश्वास जताया है मैं उस पर खरा उतरूंगा । प्रदेश अध्यक्ष सुनिल कुमार पांडेय ने नव नियुक्त प्रखंड अध्यक्ष को बधाई देते हुवे संगठन के कार्य और आगामी रणनीति पर विस्तार पूर्वक जानकारी दी। मौके पर प्रदेश प्रवक्ता पुरेंद्र पांडेय, प्रदेश संगठन मंत्री युवा प्रकोष्ठ रौशन पाण्डेय , प्रदेश मीडिया प्रभारी संदीप पाण्डेय , हजारीबाग जिला अध्यक्ष प्रवेश पाण्डेय , युवा जिला अध्यक्ष पवन जिगर पाण्डेय, प्रदेश संरक्षक नकुल पांडेय , ओमप्रकाश पांडेय , के अलावा राम प्रसाद पांडेय , संजय वैध,ओमप्रकाश वैद्य आदि उपस्थित थे।

# कांग्रेस पार्टी बंदूक चलाना जानती है विकास करना नहीं : सुदेश महतो




आजाद सिपाही संवाददाता

**बड़कागांव।** प्रखंड के प्लस टू हाई स्कूल खेल मैदान में आयोजित बड़कागांव विधानसभा स्तरीय चूल्हा प्रमुख सम्मेलन सह शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष परमेश्वर महतो और संचालन प्रखंड प्रवक्ता तपेश्वर कुमार तापस ने किया। मौके पर लगभग 25000 से भी अधिक संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित होकर आज शुभ सुप्रीम और सुदेश महतो वेरी उपाध्यक्ष का सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी, गोमिया विधायक डॉक्टर लंबोदर महतो, बड़कागांव विधानसभा प्रभारी रोशन लाल चौधरी को ढोल नगाड़े ताशा पार्टी के साथ जमकर स्वागत किया। मौके पर आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो ने उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए राज्य सरकार पर जमकर जुबानी हमला बोला और सरकार पर वादाखिलाफी का आरोप लगाया। पांच सालों में सरकार ने जो भी वादे जनता से किए थे, उनमें से एक भी वादा सरकार पूरा नहीं कर सकी। राज्य सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि सरकार ने सत्ता में आने से पूर्व पांच लाख युवाओं को नौकरी देने का वादा किया था। उन्होंने कहा कि आज राज्य के युवा पूछना चाहते हैं कि इन पांच सालों में 25 लाख नौकरी कहां गयी। स्थानीय और नियोजन नीति नहीं बना। झारखंड प्रदेश में झामुमो, कांग्रेस और राजद की सरकार जरूर चल रही है, पर यहां विकास का नामोनिशान नहीं है। उन्होंने कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा के शब्दकोश में विकास शब्द ही नहीं है। राज्य में सिर्फ और सिर्फ खनिज-संपदा की लूट हो रही है। सुदेश ने कहा कि पहाड़ों, बालू, कोयला को इन लोगों ने नष्ट कर बेच डाला। उन्होंने कहा कि राज्य की जनता ने विकास के लिए महागठबंधन को बहुमत दिया था, पर इनके नेता खुद के विकास में लग गये और इसी में पांच साल बीत गये। उन्होंने कहा कि आज झारखंड में जो भी विकास कार्य हुए हैं, वह सभी एनडीए के शासनकाल में हुए हैं। इतिहास रहा है कि कांग्रेस पार्टी बंदूक चलाना जानती है। झारखंडियों के छाती पर कांग्रेस ने गोली चलाने का काम किया है। झारखंड अलग होने के समय भी केंद्र में कांग्रेस की सरकार थी और वह झारखंड को अलग नहीं करना चाहती थी। आगे उन्होंने कहा कि झारखंड प्रदेश पूरा विस्थापन का दंश झेल रहा है परंतु सबसे बड़ा विस्थापन का मुद्दा बड़कागांव में है। और यहां के स्थानीय प्रतिनिधि और सरकार इन मुद्दों को सिर्फ और सिर्फ मुद्दा बना कर रख रही है। मैं बड़कागांव की गोंदलपूरा के जानते का आभार प्रकट करता हूं कि उन्होंने इस भ्रष्टाचारी सरकार के खिलाफ पिछले 500 दिनों से लगातार आंदोलन पर बैठे हैं। आगे उन्होंने कहा कि हमारे एनडीए की सरकार बनते हैं विस्थापित प्रभावितों के उनका हक और अधिकार सम्मान पूर्वक दिया जायेगा। विस्थापितों के लिए चाहे वह एनटीपीसी हो या कोई अन्य कंपनी जो जमीन किसानों से लिया जायेगा उनको नौकरी मुआवजा और कंपनी और रैयतों के बीच बराबर के हिस्सेदारी होगी। यह जो वर्तमान सरकार मईया योजना लेकर महिलाओं को सम्मान देने की बात कर रही है इनको पता नहीं है कि महिलाओं को पंचायत चुनाव में 50% आरक्षण देने का काम आपका बेटा सुदेश महतो ने किया है। इसके साथ ही बड़कागांव प्लस टू हाई स्कूल खेल मैदान में चूल्हा प्रमुख के महिला- पुरुष कार्यकर्ताओं को शपथ दिलाई गयी। साथ ही इस मौके पर आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो ने आने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर कार्यकर्ताओं को तैयारी में जुट जाने का आह्वान किया। और कहा कि इस बार चुक नहीं होना चाहिए इस भ्रष्टाचारी सरकार को उखाड़ के फेंक देंगे तभी हमारे बड़कागांव और झारखंड का संपूर्ण विकास हो सकता है। साथ ही उन्होंने कहा बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र में पिछले 20 वर्षों से लगातार रोशन लाल चौधरी आपकी सेवा करते आ रहे हैं। यहां तक नहीं पिछले 10 वर्षों से बड़कागांव गुरुचट्टी में अपना मकान बनाकर यहीं रहकर आप लोगों की समस्याओं को समाधान कराने का प्रयास किया है।

### स्थानीय विधायक ने आंदोलन को बेचने का काम किया है: रोशन लाल चौधरी

वहीं बड़कागांव विधानसभा प्रभारी रोशन लाल चौधरी ने वर्तमान विधायक और झारखंड सरकार पर विस्थापन के मुद्दे पर जमकर लताड़ा। चौधरी ने आगे कहा कि 15 वर्षों में यहां कांग्रेस पार्टी बड़कागांव विधानसभा के कॉल कंपनियों के खिलाफ हो रहे आंदोलन को बेचने का काम किया है। जिसको यहां की भोली भाली जनता अब भली भांति समझ चुकी है। कांग्रेस कार्यकर्ता भी इस बार आजसू को वोट देंगे क्योंकि कांग्रेस कार्यकताओं एवं विस्थापितों के साथ धोखा हुआ है। आगे उन्होंने कहा कि अगर मुझे एक बार जनता मौका देती है तो पिछले 15 सालों में जो विकास नहीं हुआ है मैं 5 सालों में आप सबों के सामने करके दिखा दूंगा।

### 15 साल आतंक के साये में जिये बड़कागांव के लोग: चंद्रप्रकाश चौधरी

वहीं गिरिडीह सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि आजसू पार्टी सिर्फ विकास के लिए जानी जाती है। हमारे पूरा पार्टी का एक ही उद्देश्य है झारखंड में संपूर्ण विकास। आगे उन्होंने कहा कि बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र की जनता पिछले 15 सालों से आतंक के सायों में जी रहा है। 15 सालों में बड़का गांव में गुंडागर्दी बड़ी है, अंग्रेजों से भी बतर कर दी गयी है, यहां की स्थिति। यहां के लोगों को न्याय नहीं मिला विस्थापन नीति नहीं बना हत्याएं महिलाओं के साथ रेप सहित कई भ्रष्टाचार चरम पर है। इस 15 साल के आतंक को इस बार खत्म कर देना है। बड़कागांव में विधायक के पूरा परिवार ने 15 सालों तक राज करते हुए भी यहां के जनता को तबाह कर दिया है। इसी के वजह से है कि आज पूरा बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेसी कार्यकर्ता पार्टी को छोड़कर आजसू में शामिल होकर बड़कागांव के विकास के लिए अपना योगदान दे रहे हैं। साथ ही उन्होंने कहा कि इस विधायक परिवार ने बड़कागांव में विकास तो किया नहीं उल्टा हमारे द्वारा दिए गये बड़का गांव में जल मीनार को भी इन लोगों ने पूरा नहीं होने दिया जो अभी तक अधूरा पड़ा है। हमने लोकसभा में विस्थापन के मुद्दे को उठाया और ट्रिब्यूनल कोर्ट का गठन करवाया। सभा को गोमिया विधायक डॉक्टर लंबोदर महतो, हुसैनाबाद के पूर्व विधायक कुशवाहा शिव पूजन मेहता, केंद्रीय मुख्य प्रवक्ता डॉ देवशरण भगत, शहीद दर्जनों कार्यकर्ताओं ने संबोधित किया। मौके पर मुख्य रूप से पार्टी के केंद्रीय सचिव विजय साहू, अनिकेत कुमार नायक, नागेश्वर तूरी संगीता बारला, केंद्रीय प्रवक्ता राणा, केंद्रीय सदस्य कामेश्वर महतो, संदीप कुशवाहा, राजा खान, लीलाधान साव,बिनोद महतो, रामगढ़ जिला अध्यक्ष दिलीप दांगी, प्रखंड अध्यक्ष गौतम वर्मा, बैजनाथ महतो, गंगाधर महतो, मनोज दांगी,उपेंद्र महतो,वीरेंद्र प्रसाद, रामचंद्र साव,रवि राम, विनोद राम, राज मेहता,घनश्याम दांगी,विकास राज, तुलेश्वर राम,पप्पू प्रसाद,निर्मल महतो, दिनेश्वर साव,लखन साव, रंजीत तुरी,उमेश साव,मोहन महतो, रविशंकर जयसवाल,दीपक कुमार ,कंचन यादव,सदानंद साव, महावीर साव, सहित हजारों हजार की संख्या में लोग उपस्थित थे।

## कोडरमा स्टेशन से दो नाबालिग बच्चे बरामद

झुमरीतिलैया (आजाद सिपाही)। कोडरमा आरपीएफ ने दो नाबालिग बच्चों को बरामद किया है। बरामद बच्चों में 14 वर्षीय मयंक कुमार पिता मुरारी सिंह निवासी बड़ा चौक गिरिडीह और 13 वर्षीय रोशन कुमार पिता राजेश अग्रवाल निवासी जरीडीह ताराटांड़ गिरिडीह शामिल है।। बताया जाता है कि दोनों बच्चे घरेलू कारण से पिता से मार खाने के डर से घर से भाग कर कोडरमा स्टेशन पहुंच गये थे। यहां आरपीएफ के जवानों ने दोनों को प्लेट फार्म नंबर 4 व 5 पर गुमशुम अवस्था में बैठा देखा। इसके बाद दोनों को आरपीएफ पोस्ट पर लाया गया। आरपीएफ ने इसकी सूचना चाइल्ड लाइन को दी। चाइल्ड लाइन की टीम बच्चों को अपने साथ ले गयी और फिर परिजनों को सूचित कर उन्हें सौंप दिया।

## आयुष्मान आयोग शिविर का हुआ आयोजन

सतगावां (आजाद सिपाही)। प्रखंड के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आयुष्मान आयोग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में लगभग 55 मरीज का निशुल्क इलाज कर दवाई वितरण की गयी। शिविर में उपस्थित प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर आशीष कुमार ने बताया कि शिविर में बाल रोग, त्वचा रोग, परिवार नियोजन, शिशु स्वास्थ्य, किशोरी, आयुष्मान कार्ड, आधार कार्ड आदि तरह-तरह की बीमारियों का इलाज नि:शुल्क की जायेगी। यह शिविर प्रत्येक महीने के 21 तारीख को लगाया जायेगा। उन्होंने उपस्थित लोगों से शिविर का लाभ लेने का प्रेरित किया। मौके पर डॉक्टर सत्यनारायण भगत, डॉक्टर पीयूष कुमार, डॉक्टर अंजली कुमारी, मनोज कुमार, संतोष कुमार उपस्थित थे।

# एसएससी सीजीएल के परीक्षार्थियों ने प्रश्न पत्र के सील टूटे होने का लगाया आरोप



आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** हजारीबाग में परीक्षा के दूसरे दिन रविवार को दूसरी पाली की परीक्षा देकर बाहर निकले छात्रों ने गंभीर आरोप लगाया है कि, प्रश्न पत्र के साथ छेड़छाड़ किया गया है। यह भी अभ्यर्थियों का कहना है कि प्रश्न पत्र का सील खुला हुआ था और बुकलेट का नंबर भी आगे पीछे था। हजारीबाग जैक एंड जिल स्कूल सिंघानी में जेएसएससी के सीजीएल परीक्षा का केंद्र बनाया गया था, इस केंद्र में राज्य के कई जिलों से अभ्यर्थी परीक्षा देने आए हैं। दूसरी पाली का परीक्षा देने के बाद अभ्यर्थियों ने गंभीर आरोप लगाया है। अभ्यर्थियों का कहना है कि खोरठा पेपर का प्रश्न पत्र का सील टूटा हुआ था। यही नहीं प्रश्न पत्र का सीरियल नंबर भी आगे पीछे था। दूसरे सिटिंग के परीक्षा पूरी होने बाद बाहर निकलने पर अभ्यर्थियों ने आपत्ति दर्ज की है। वही इस पूरे मामले को लेकर हजारीबाग उपयुक्त नैंसी सहाय से पूछे जाने पर कहा कि मामला प्रकाश में आया है, जिस तरह से दावे किए जा रहे हैं वह सही प्रतीत नहीं हो रहा है, फिर भी एग्जामिनेशन सेंटर इंचार्ज से रिपोर्ट मांगी गई है। उन्होंने कहा कि सभी प्रश्न पत्र के लिफाफे शील थे। साथ ही सभी कोसचान पेपर डीजी लॉक में सुरक्षित थे। सभी गतिविधि की वीडियो रिकार्डिंग की गई है और सीसीटीवी कैमरे से नजर रखी जा रही थी। इस लिए क्वेश्चन सीट में छेड़छाड़ या अन्य प्रकार के किसी प्रकार की बात गलत प्रतीत हो रहा है। ऐसे इस मामले का वेरिफिकेशन करवा रहे हैं और केंद्रधीक्षक से रिपोर्ट मांगी गई हैं। बता दें कि हजारीबाग में जेएसएससी सीजीएल प्रतियोगिता परीक्षा के लिए 70 परीक्षा केंद्र बनाए गए। परीक्षा में लगभग 26 हजार अभ्यर्थी परीक्षा देने के लिए झारखंड समिति दूसरे राज्य से भी पहुंचे हैं। कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच हजारीबाग में परीक्षा संपन्न हुआ।

## टाटानगर-पटना वंदे भारत का बरकाकाना में स्वागत, हरी झंडी दिखाकर किया रवाना





**बरकाकाना (आजाद सिपाही)।** टाटानगर से पटना वाया बरकाकाना साप्ताहिक ट्रेन 21893/21894 बंदे भारत के बरकाकाना रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर तीन पर आगमन के लिए विशेष कार्यक्रम आयोजित की गयी। आयोजन में बतौर मुख्य अतिथि हजारीबाग लोकसभा सांसद मनीष जयसवाल उपस्थित रहे। उपस्थित रेलवे अधिकारियों ने मुख्य अतिथि मनीष जयसवाल का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। कार्यक्रम के दौरान सैकड़ों स्थानीय लोग और भाजपा नेता उपस्थित रहे। कार्यक्रम में उपस्थित एडीआरएम धनबाद अमित कुमार ने वंदे भारत से जुड़ी बातो को साझा करते हुए रेलवे द्वारा बरकाकाना रूट में नए वंदे भारत चलाने को लेकर केन्द्र सरकार सहित स्थानीय सांसद मनीष जयसवाल के प्रति आभार व्यक्त किया। मुख्य अतिथि सांसद मनीष जयसवाल ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि लोगो की परेशानियों के मद्देनजर रेलवे द्वारा बरकाकाना रूट में लगातार नयी-नयी ट्रेनों की शुरूवात की जाती रही है और आगे भी जारी रहेगा।उन्होंने अमृत भारत योजना के तहत बरकाकाना स्टेशन में हो रहे कार्य से संबंधित बातो को साझा किया। समारोह के दौरान मुख्य अतिथि मनीष जयसवाल एवम उपस्थित रेलवे अधिकारियों द्वारा हरी झंडी दिखाकर वंदे भारत को पटना के लिए रवाना किया। मौके पर सीनियर डेन सी धनबाद प्रदीप कुमार, सीनियर डेन थ्री धनबाद सोनू कुमार, डीटीएम बरकाकाना राजहंश सिंह, एडीईएन परमानंद प्रसाद, भाजपा जिला महामंत्री विजय जयसवाल, उपाध्यक्ष रंजन फौजी, जिला कार्यकारिणी सदस्य संजय लाला, राजीव जयसवाल, रंजित पांडे, मनोज गिरी,सतीश मोहन मिश्र, जुगेश दांगी, अनमोल सिंह, कुश श्रीवास्तव, रणधीर गुप्ता,कपिल दांगी,सागर दांगी, महिला जिला अध्यक्ष शीतल देवी, पिंकी कुमारी,लक्ष्मी देवी, रीति श्रीवास्तव सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

# चाकू का भय दिखा कर युवक से नगद और मोबाइल लूटने वाले को पुलिस ने पकड़ा



आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** शहर के मिशन रोड से ट्यूशन पढ़ाने वाले युवक से चाकू का भय दिखा पर पैसा और मोबाइल लूटने वाले दो अपराधियों को बड़ा बाजार पुलिस ने धर दबोचा है। सदर एसडीपीओ कुमार शिवाशिष ने बताया की 20 सितंबर को साढ़े आठ बजे रात में पवन कुमार यादव पिता दमोदर यादव ग्राम बेलाडीह थाना मरकच्चो जिला कोडरमा वर्तमान पत्ता इमलीकोठी चौक टुयूशन पढ़ा कर अपना रूम जा रहा था। उसी क्रम में मिशन रोड दिक्षीत गैस ऐजेंसी के पास दो लड़का सिल्वर रंग का बुलेट से आया और पवन कुमार को चाकु दिखा कर 2000 रूपया और मोबाईल का लॉक अनलॉक करवा कर ले लिया। इसके बाद पवन के भाई को व्हटसएप्प पर मैसेज कर बोला कि आपका भाई का एक्सीडेंट हो गया है। 5000 रूपया भेजीये। जिसके बाद भाई के द्वारा 5000 रूपया बार कोड पर भेज दिया गया। दुबारा 5000 हजार रूपया का मांग करने पर पवन कुमार के भाई को सक हुआ और विडिया कॉल करने लगा जिसके बाद फोन रिसीव नही करने पर पैसा नहीं भेजा गया। इस संबंध सदर बड़ा बाजार थाना में कांड-368/24 दर्ज कर अपराधियों की धर पकड़ के लिए पुलिस लग गयी। दोनो अपराधियों को पकड़ने के लिए छापामारी दल का गठन किया गया। छापामारी दल और तकनिकी शाखा के मदद से रविवार को मिशन रोड से दोनो को पकड़ा गया। दोनो के पास से दो मोबाईल, बुलेट मोटरसाईकिल, नगद-4600 रूपया बरामद हुआ। गिरफ्तार आरोपी में दउद उर्फ सालीक खान पिता सलीम खान पता मंडईकला कला नियर बडा मस्जिद और सैयद मोजमबील पिता स्व मोहम्मद रिजवान आलम ग्राम पगमिल रोड आजाद नगर गली -02 थाना लोहसिंगना शामिल हैं। छापामारी दल में बड़ा बाजार ओपी प्रभारी बिट्टू रजक समेत थाने की पुलिस शामिल थी।

## भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता ने कटकमसांडी प्रखंड का किया दौरा



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** सदर विधानसभा क्षेत्र के कटकमसांडी प्रखंड में भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता ने रविवार को दौरा किया। इस दौरान भाजपा के समर्पित कार्यकर्ता सह बुथ संख्या 86 के बुथ अध्यक्ष शंकर राणा के दुर्घटना में घायल होने की सुचना पाकर पबरा स्थित आवास पर उनसे मुलाकात कर कुशल क्षेम प्राप्त किया। इस क्रम में दुर्घटना की जानकारी ली तथा इस अवसर पर हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। साथ ही ईश्वर से उनके यथाशीघ्र स्वस्थ होने की मंगल कामना की। तत्पश्चात कटकमसांडी प्रखंड स्थित पबरा निवासी सह भाजपा ओबीसी मोर्चा के अध्यक्ष सचिन कुमार के बीते कुछ दिन पूर्व उनके पिता जी के निधन के उपरांत भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता ने शोकाकुल परिवारजनों से मुलाकात किया। मौके पर भाजपा अनुसुचित मोर्चा के उपाध्यक्ष विशाल वाल्मीकि, किसान मोर्चा के प्रदेश मंत्री मनमीत अकेला, वाजीर मेहता, मोनु कुमार, अजीत कुमार, रोहित पाण्डेय, मनोज पाण्डेय, राहुल पांडेय, दिनेश कुमार, आशीष कुमार एवं मनीष कुमार सहित कई लोग शामिल रहे।

# बासाडीह में झारखंड शौंडिक संघ की केंद्रीय कमेटी की बैठक संपन्न




आजाद सिपाही संवाददाता

**कुजू।** झारखंड प्रदेश शौंडिक संघ जगेसर पलानी परगना केंद्रीय कार्यसमिति की बैठक ग्राम बासाडीह में हुई। बैठक की अध्यक्षता केंद्रीय अध्यक्ष अनिल प्रसाद और संचालन केंद्रीय महासचिव कुलदीप प्रसाद साहू व केंद्रीय कोषाध्यक्ष शंकर प्रसाद ने संयुक्त रूप से की। बैठक कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर और आगत अतिथियों का स्वागत तिलक लगाकर व झारखंडी संस्कृति के बीच माल्यार्पण कर किया गया। बैठक के दौरान समाज की एकजुटता व उत्थान को लेकर विस्तार पूर्वक चर्चा की गयी। साथ ही, संघ का निबंधन कराने, भवन निर्माण, दहेज प्रथा उन्मूलन, मेधावी विद्यार्थियों को आर्थिक सहयोग करने, वैवाहिक मंच बनाने समेत विभिन्न बिंदुओं पर आवश्यक चर्चा की गई। साथ ही, आगामी बैठक चैनपुर में आयोजित की जायेगी। मौके पर केंद्रीय अध्यक्ष अनिल प्रसाद ने कहा कि दहेज प्रथा उन्मूलन को लेकर खुद जागरूकता के साथ स्वतः शुरूआत करे। बैठक में हरिशंकर प्रसाद, धनेश्वर प्रसाद, चतुर्भुज साहू, ज्योतिंद्र प्रसाद साहू, भीम प्रसाद साहू, दिगंबर साहू, मथुरा साहू, बिंदु देवी, छत्रधारी साव, मोती प्रसाद, लखन प्रसाद, रतन प्रसाद, राजेश प्रसाद, लोचन प्रसाद, बीरबल साहू, त्रिभुवन प्रसाद, महेंद्र प्रसाद, संजय कुमार प्रसाद, रूदन प्रसाद, महावीर प्रसाद, महेश साव, भागवत साव, राजकुमार साव, गणेश, प्रभु प्रसाद, रामेश्वर साव, रामवतार प्रसाद, तालेश्वर, जनक, मिथलेश, अनुज लाल, गंगेश्वर प्रसाद, उमेश प्रसाद, संदीप प्रसाद, नीलरतन, बलराम राम, विजय प्रसाद, संतोष कुमार, सुनील, बसंत, महेंद्र प्रसाद, संजय, दिनेश्वर साव, महेंद्र प्रसाद, बद्री साव, बालेश्वर साहू, रूतेंद्र कुमार, पवन कुमार, विजय शाह समेत कई लोग शामिल रहे।

# प्रखंड स्तरीय युवा क्रिकेट खेल आयोजन के लिए आजसू यूथ कमेटी की बैठक



रजरप्पा (आजाद सिपाही)। रामगढ़ के कुंदरु कलां पंचायत में प्रखण्ड स्तरीय क्रिकेट मैच टूर्नामेंट को लेकर युवा आजसू कमेटी की बैठक की गयी जिसमे मुख्य अतिथि के रूप से युवा समाज सेवी पियूष चौधरी व विशिष्ट अतिथि रामगढ़ जिला परिषद सदस्य धनेश्वर महतो शामिल हुए, युवा आजसू के द्वारा क्रिकेट मैच टूनार्मेंट करने का निर्णय लिया गया। इस बैठक में मुख्य रूप से कुंदरुकलां मुखिया किसुन मुंडा, बारलोंग मुखिया रेखा देवी आजसू वरिष्ठ नेता धनेश्वर यादव रामगढ़ प्रखंड अध्यक्ष मोहरलाल महतो उप मुखिया मोहराय महतो, जगदेव महतो, संजय सिंघानिया, महेश महतो और प्रदीप नायक तुलसी महतो शंकर यादव संतोष महतो सतीश आर्यन उमाशंकर महतो लीलू महतो सहित कई युवा उपस्थित थे ।

# सीसीएल ओबीसी एसोसिएशन के प्रभारी बन संतोष यादव



भुरकुंडा (आजाद सिपाही)। बैकवर्ड क्लास ओबीसी कोल एम्पलॉयज वेलफेयर एसोसिएशन के कोल इंडिया के महासचिव जय बहादुर सिंह यादव ने रिभर साईड भुरकुंडा निवासी सह राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश उपाध्यक्ष संतोष कुमार यादव को सीसीएल ओबीसी एसोसिएशन का प्रभारी नियुक्त किया है। साथ ही उम्मीद जताई है। पत्र में सीसीएल सीएमडी से आग्रह किया है कि ओबीसी कर्मचारियों के समस्याओं के समाधान के लिए संतोष यादव के साथ समन्वय बनाकर कार्य करने की कृपा करें। इधर सीसीएल ओबीसी एसोसिएशन का प्रभारी बनाये जाने पर संतोष कुमार यादव ने एसोसिएशन के अध्यक्ष गुलाब सिंह, महासचिव जय बहादुर सिंह यादव और एसोसिएशन के संरक्षक सह लोकसभा कमेटी अन्य पिछड़ा वर्ग कल्याण समिति के अध्यक्ष और मध्य प्रदेश सतना के सांसद गणेश सिंह के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि एसोसिएशन की मजबुती की दिशा में कार्य करूंगा। साथ ही ओबीसी कर्मचारियों के सभी समस्याओं के समाधान के लिए हर सार्थक कदम उठाऊंगा। संतोष कुमार यादव के मनोनयन पर केडी यादव, सत्येंद्र यादव, अजय यादव, नंदलाल, सुनील कुमार सिंह, भोला यादव, उमेश राणा, जोगिंदर राजभर, वीरेंद्र महतो, मंजूर अंसारी, भोला राजभर, अरविंद कुमार सहित दर्जनों लोगों हर्ष यक्त करते हुए बधाई दी है।

# अपराधियों ने आशीर्वाद आउटसोर्सिंग कंपनी का काम बंद कराया



उरीमारी (आजाद सिपाही)। सीसीएल बरका सयाल क्षेत्र के उरीमारी परियोजना के साउथ में कार्य कर रहे आशीर्वाद (रियल एस्टेट एंड ट्रांसपोर्टिंग प्राइवेट लिमिटेड) आउटसोर्सिंग कंपनी में रविवार को सुबह लगभग आठ बजे एक मोटरसाइकिल पर आए दो नकाबपोश अपराधियों ने आउटसोर्सिंग कंपनी के साइट पर पहुंच ड्रिल में लगे मशीन को बंद कराया और हथियार लहराते हुए काम को बंद करने की चेतावनी दी। अपराधियों ने साइड पर काम कर रहे मजदूरों व साइट इंचार्ज को अपने बॉस से बात करने की बात कही। बात नहीं करवाने पर अंजाम भुगतने के लिए तैयार रहने को कहा। जिसके बाद अपराधी गंधौनिया होते हुए मुख्य सड़क की ओर भाग निकले। दहशत में हैं काम करने वाले मजदूर व साइट इंचार्ज। अपराधियों के दस्तक के बाद आशीर्वाद आउटसोर्सिंग कंपनी में पुरी तरह सन्नाटा पसर गया। हालांकि पुलिस दोनो छोर जरजरा और उरीमारी चेकपोस्ट में जांच अभियान को तेज कर दिया है।

# युवक लापता, पत्नी ने ओपी में दिया आवेदन



कुजू (आजाद सिपाही)। मुरपा कुजू निवासी आशा देवी ने गुमशुदा हुए पति मुकेश कुमार महतो को खोजने को लेकर कुजू पुलिस से गुहार लगाते हुए आवेदन दी है। दिए गए आवेदन में आशा देवी ने लिखा है कि 21 सितंबर को दोपहर 3 बजे मुकेश घर से निकले थे। देर रात तक वापस नहीं आने पर आसपास के लोगों के साथ खोजना शुरू किया। परंतु 22 सितंबर तक कुछ भी पता नहीं चलने पर पुलिस से अपने पति की खोजबीन की गुहार लगायी है।

# जिले के 14 केंद्रों पर शांतिपूर्वक संपन्न हुई जेएसएससी-सीजीएल परीक्षा

**परीक्षा के पहले दिन 2487 व दूसरे दिन 2553 अभ्यर्थी हुए शामिल**

आजाद सिपाही संवाददाता

**चतरा।** जिले में 21 और 22 सितम्बर को दो दिन झारखण्ड कर्मचारी चयन आयोग द्वारा आयोजित झारखण्ड सामान्य योग्यताधारी संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा को जिला प्रशासन द्वारा शांतिपूर्ण एवं कदाचार मुक्त वातावरण में सम्पन्न कराया गया । जिला शिक्षा पदाधिकारी दिनेश मिश्र ने बताया कि 21 सितम्बर शनिवार और 22 सितम्बर रविवार को कुल 14 केन्द्रों यथा एसएस प्लस टू हाई स्कूल चतरा, एसएस प्लस टू गर्ल हाई स्कूल चतरा, रामेश्वर लाल खंडेलवाल सरस्वती विद्यामंदिर चतरा, उपेंद्रनाथ वर्मा इंटर कॉलेज चतरा, नाजेरथ विद्या निकेतन, राज संपोषित बालक उच्च विद्यालय चतरा, इंदुमती टिबड़ेवाल सरस्वती विद्या मंदिर हाई स्कूल चतरा, चतरा कॉलेज चतरा, आरडीएस इंटर कॉलेज चतरा, जवाहर नवोदय विद्यालय चतरा, डीएवी पब्लिक स्कूल चतरा, यूपीजी हाई स्कूल आरा चतरा, मिडिल स्कूल में 21 सितम्बर को पहले दिन कुल 5148 अभ्यर्थियों को शामिल होना था जिसमें 2487 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हुए तथा 2661 अभ्यर्थी अनुपस्थित थें। वहीं दूसरे दिन कुल 5079 अभ्यर्थियों को शामिल होना था जिसमें 2553 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हुए तथा 2526 अभ्यर्थी अनुपस्थित पाए गये। इसके अलावे जिले के वरीय अधिकारियों द्वारा भी प्रश्न पत्र को केन्द्रों तक ले जाने, प्रश्न पत्र खोलने, प्रतिनियुक्त स्टैटिक मजिस्ट्रेट, प्रतिनियुक्त ऑब्जर्वर, प्रतिनियुक्त स्टैटिक पुलिस पदाधिकारी और पुलिस बल, गश्ती सह उड़नदस्ता दण्डाधिकारी, गश्ती पुलिस पदाधिकारी और पुलिस बल, सभी केन्द्राधीक्षकों के कार्यों की मॉनिटरिंग की जा रही थी। सभी परीक्षा केन्द्रों में 24 अभ्यर्थियों की संख्या पर एक के अनुपात में सीसीटीवी अधिष्ठापित की गई थी। झारखण्ड कर्मचारी चयन आयोग द्वारा जारी गाईडलाइन का अक्षरशः अनुपालन कराते हुए परीक्षा सम्पन्न कराया गया। परीक्षा देकर परीक्षा केंद्र से बाहर निकल अभ्यर्थियों ने कहा कि अभ्यर्थियों को परीक्षा देने में किसी भी प्रकार की समस्या न हो, इसके लिए जिला प्रशासन द्वारा पारदर्शी तरीके से पूरी तैयारी की गई थी और हमलोगों ने शांतिपूर्ण वातावरण में परीक्षा दिया।


## उपायुक्त का कार्यालय, हजारीबाग

(जिला भू–अर्जन शाखा)

प्रपत्र VII

### समाहर्त्ता या समुचित सरकार अधिघोषणा

(अधिनियम–30/2013 की धारा–19(1) के अधीन)

**अधिघोषणा सं0:– 1641/भू0अ0, हजारीबाग।** **दिनांकः– 11.09.2024**

चूंकि झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता को यह प्रतीत होता है कि सार्वजनिक प्रयोजनार्थ यथा अडानी इन्टरप्राईजेज लि0, गोन्दुलपारा कोयला खान परियोजना हेतु ग्राम गाली, थाना बडकागॉव, थाना संख्या 144, अंचल बडकागॉव, जिला हजारीबाग में कुल 175.45 एकड़ यानि 71.00 हेक्टेयर भूमि अपेक्षित है।

इसलिए अधिघोशणा किया जाता है कि उपर्युक्त परियोजना के लिए अर्जन के अधीन एक भू–खण्ड है, जो मानक माप से कमोवेश 175.45 एकड़ यानि 71.00 हेक्टेयर है और जो ग्राम गाली, थाना बड़कागॉव, थाना संख्या 144, अंचल बड़कागॉव, जिला हजारीबाग में है, जिसका विवरण निम्नलिखित है–

| क्र0 सं0 | खाता सं0 | सर्वे प्लॉट सं0 | स्वामित्व का प्रकार | भूमि का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में) | हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता | सीमा (भूखण्ड सं0) उ0 | द0 | पू0 | प0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 40 | 14 | 36 | नीज | टांड–III | 0.35 | कोल्हा गंझु, भोला गंझु पिता स्व0 गुलू गंझु वो नान्दो गंझु पिता स्व0 नगवा गंझु जाति भोगता साकिन देह। | प्लॉट–39 | प्लॉट–46 | प्लॉट–39 | प्लॉट–35 |
| 41 | 14 | 37 | नीज | टांड–III | 0.31 | कोल्हा गंझु, भोला गंझु पिता स्व0 गुलू गंझु वो नान्दो गंझु पिता स्व0 नगवा गंझु जाति भोगता साकिन देह। | प्लॉट–46 | प्लॉट–46 | प्लॉट–39 | प्लॉट–46 |
| 42 | 32 | 38 | नीज | टांड–III | 0.19 | फागुन गंझु पिता स्व0 चैता गंझु सा0 देह। | प्लॉट–39 | प्लॉट–46 | प्लॉट–39 | प्लॉट–46 |
| 43 | 14 | 41 | नीज | टांड–III | 0.8 | कोल्हा गंझु, भोला गंझु पिता स्व0 गुलू गंझु वो नान्दो गंझु पिता स्व0 नगवा गंझु जाति भोगता साकिन देह। | बलोदर | प्लॉट–40 | बलोदर | प्लॉट–40 |
| 44 | 17 | 42 | नीज | टांड–III | 0.43 | रूधनी देवी पति तिलक महतो सा0 गोन्दलपुरा। | प्लॉट–40 | प्लॉट–46 | प्लॉट–46 | प्लॉट–40 |
| 45 | 31 | 43 | नीज | टांड–III | 0.36 | डुमन महतो, जुगल महतो, रोशमनी महतो पिता तिलक महतो सा0 गाली। | प्लॉट–46 | प्लॉट–44 | प्लॉट–46 | प्लॉट–39 |
| 46 | 17 | 44 | नीज | टांड–III | 0.31 | जानकी महतो पिता सोबरन महतो सा0 गोन्दलपुरा। | प्लॉट–43 | प्लॉट–39 | प्लॉट–46 | प्लॉट–39 |
| 47 | 30 | 45 | नीज | टांड–III | 0.23 | अनुप गंझु वो मितन गंझु पिता जटहु गंझु जाति भोगता सा0 देह ब हिस्सा बराबर | प्लॉट–46 | प्लॉट–46 | प्लॉट–46 | प्लॉट–39 |
| 48 | 32 | 48 | नीज | टांड–III | 0.38 | फागुन गंझु पिता स्व0 चैता गंझु सा0 देह। | प्लॉट–46 | प्लॉट–246 | प्लॉट–47 | प्लॉट–49 |
| 49 | 29 | 49 | नीज | टांड–III | 0.2867 | पारसनाथ गंझु, बालदेव गंझु, बोधन गंझु पिता स्व0 नेमा गंझु जाति भोगता सा0 देह। | प्लॉट–46 | प्लॉट–46 | प्लॉट–48 | प्लॉट–46 |
| 50 | 29 | 49/1 | नीज | टांड–III | 0.1433 | मो0 झलवा पति मोगल गंझु सा0 गाली। | प्लॉट–46 | प्लॉट–46 | प्लॉट–48 | प्लॉट–46 |
| 51 | 29 | 50 | नीज | टांड–III | 0.4 | झुबर गंझु, कैलाश गंझु पिता स्व0 माघा गंझु वो बाना गंझु माता स्व0 झारी देवी वो सिदर गंझु पिता स्व0 शुकर गंझु सा0 देह। | प्लॉट–46 | प्लॉट–228 | प्लॉट–245 | प्लॉट–51 |
| 52 | 6 | 51 | नीज | टांड–III | 0.29 | जयनन्दन गंझु पिता स्व0 धनी गंझु वो मनी गंझु पिता गोपी गंझु वो दिपक गंझु, महेन्द्र गंझु, गिरधारी गंझु, सुधीर गंझु पिता स्व0 कुलेश्वर गंझु वो धनेश्वर गंझु पिता महावीर गंझु वो मधवा गंझु पिता स्व0 चरण गंझु वो मो0 अकली पति स्व0 ननकू गंझु जाति भोगता सा0 देह। | प्लॉट–46 | प्लॉट–228 | प्लॉट–50 | प्लॉट–52 |
| 53 | 6 | 52 | नीज | टांड–III | 0.38 | जयनन्दन गंझु पिता स्व0 धनी गंझु वो मनी गंझु पिता गोपी गंझु वो दिपक गंझु, महेन्द्र गंझु, गिरधारी गंझु, सुधीर गंझु पिता स्व0 कुलेश्वर गंझु वो धनेश्वर गंझु पिता महावीर गंझु वो मधवा गंझु पिता स्व0 चरण गंझु वो मो0 अकली पति स्व0 ननकू गंझु जाति भोगता सा0 देह। | प्लॉट–46 | प्लॉट–228 | प्लॉट–51 | प्लॉट–53 |
| 54 | 4 | 53 | नीज | टांड–III | 0.48 | भीखु राणा पिता स्व0 बंधन राणा वो नेपल राणा पिता स्व0 बंशी राणा वो पुरन राणा, सीताराम राणा, जनार्दन राणा पिता स्व0 उत्तीम राणा वो गुलाबी राणा पिता स्व0 बुधन राणा वो फागुन राणा पिता स्व0 खुशी बढही वो दयाल राणा, फुटानी राणा, गोविन्द राणा, रामेश्वर राणा पिता स्व0 सोना राणा वो घमन राणा, लाखो राणा, युगल राणा पिता स्व0 खेदन राणा वो गोविन्द राणा, अशोक राणा, मनोज राणा पिता स्व0 रमल राणा वो बढन राणा पिता स्व0 गजू राणा वो दशरथ राणा, बिन्दु राणा पिता स्व0 कोल्हा राणा वो ईश्वरी राणा, धारो राणा पिता स्व0 जीतन राणा वो महेश राणा, नरेश राणा पिता स्व0 विगन राणा वो देवा राणा, लक्ष्मण राणा, धनी राणा, मिठु राणा, महेन्द्र राणा पिता स्व0 दिलचन्द राणा वो लालसहाय राणा, कोमल राणा, तिलक राणा पिता स्व0 भेखल राणा वो हिरू राणा, भुनेश्वर राणा पिता स्व0 टेकल राणा वो मोगल राणा पिता स्व0 रिझन राणा वो तुलसी राणा, खेमलाल राणा, प्रभु राणा, महावीर राणा पिता स्व0 जग्रनाथ राणा वो दुखन राणा पिता स्व0 लेदो राणा सा0 गोन्दलपुरा | प्लॉट–46 | प्लॉट–55 | प्लॉट–52 | प्लॉट–56 |
| 55 | 4 | 53/I | नीज | टांड–III | 0.04 | रेखा देवी पति अर्जुन प्रसाद यादव जाति ग्वाला सा0 पसई कटकमसांडी, हजारीबाग। | प्लॉट–46 | प्लॉट–55 | प्लॉट–52 | प्लॉट–56 |
| 56 | 4 | 53/II | नीज | टांड–III | 0.0200 | संतोष कुमार यादव पिता स्व0 गुलाब चन्द यादव जाति ग्वाला सा0 कुम्हार टोली, हजारीबाग। | प्लॉट–46 | प्लॉट–55 | प्लॉट–52 | प्लॉट–56 |
| 57 | 4 | 53/III | नीज | टांड–III | 0.0400 | श्री अर्जुन प्रसाद यादव पिता स्व0 कल्लु यादव जाति ग्वाला मौजा पसई थाना कटकमसांडी, जिला हजारीबाग। | प्लॉट–46 | प्लॉट–55 | प्लॉट–52 | प्लॉट–56 |
| 58 | 17 | 54 | नीज | टांड–III | 0.19 | रूपनाथ गंझु, भुनेश्वर गंझु, बालदेव गंझु, बिन्देश्वर गंझु पिता स्व0 जेठु गंझु वो मिठु गंझु पिता स्व0 गोविन्द गंझु जाति भोगता सा0 देह। | प्लॉट–57 | प्लॉट–439 | प्लॉट–228 | प्लॉट–192 |
| 59 | 8 | 56 | नीज | टांड–III | 0.54 | मनोज कुमार, भौसले, दीलीप कुमार भौसले पिता स्व0 देवकी नन्दन राउत वो उदय शंकर राउत, प्रेम राउत, दया राउत, टिंकु राउत, रविशंकर राउत पिता स्व0 मथुरा राउत वो हिना कुमारी, जेडी कुमारी, सुमित राउत पिता स्व0 तारा राउत वो अरूण राउत, अजय राउत,, आनंद कुमार, अभय कुमार, पप्पु कुमार माता स्व0 सुमित्रा देवी(पति पुरन चन्द्र) वो शुशीला देवी पति स्व0 मानकी राम (पति रघुनन्दन प्रसाद जाति कुरमी सा0 देह ब हिस्सा बराबर। | प्लॉट–46 | प्लॉट–55 | प्लॉट–53 | प्लॉट–57 |
| 60 | 15 | 57 | नीज | टांड–III | 0.54 | मो0 मुस्लिम खॉ पिता स्व0 कासीम खॉ वो सलीमन माता स्व0 मोसोमात नसीबन वो सुकरूल्लाह रिजवानउल्लाह शिवमतउल्लाह माता स्व0 कोरेशा खातुन साकिन गोन्दलपुरा वो मनोहर कुमार सुजीत कुमार मेहता पिता स्व0 गिरधारी महतो नन्दकिशोर महतो डालेश्वर महतो पिता स्व0 बोधन महतो नन्द कुमार महतो, प्रेम कुमार महतो, फुलु महतो पिता स्व0 महादेव महतो वो बुलु महतो, धनकु महतो, गलु महतो, प्रयाग महतो पिता स्व0 सखी महतो वो जोधी महतो, मनीकान्त सुमन, रामदशी महतो, जयनाथ महतो पिता स्व0 सम्पत महतो वो कोमल महतो, दशरथ महतो, अशोक महतो, ईश्वरी महतो, युगेश्वर महतो पिता स्व0 लखपत महतो वो भुनू महतो पिता स्व0 लुरक महतो वो मनोज बिहारी पिता स्व0 नागेश्वर महतो वो ज्योति जलधर पिता स्व0 गोवर्धन महतो वो घुजा महतो, प्रमेश्वर महतो, बंसत कुमार मेहता पिता स्व0 जानकी महतो सा0 गोन्दलपुरा। | प्लॉट–59 | प्लॉट–55 | प्लॉट–56 | प्लॉट–58 |
| 61 | 15 | 58 | नीज | टांड–III | 1.35 | मो0 मुस्लिम खॉ पिता स्व0 कासीम खॉ वो सलीमन माता स्व0 मोसोमात नसीबन वो सुकरूल्लाह रिजवानउल्लाह शिवमतउल्लाह माता स्व0 कोरेशा खातुन साकिन गोन्दलपुरा वो मनोहर कुमार सुजीत कुमार मेहता पिता स्व0 गिरधारी महतो नन्दकिशोर महतो डालेश्वर महतो पिता स्व0 बोधन महतो नन्द कुमार महतो, प्रेम कुमार महतो, फुलु महतो पिता स्व0 महादेव महतो वो बुलु महतो, धनकु महतो, गलु महतो, प्रयाग महतो पिता स्व0 सखी महतो वो जोधी महतो, मनीकान्त सुमन, रामदशी महतो, जयनाथ महतो पिता स्व0 सम्पत महतो वो कोमल महतो, दशरथ महतो, अशोक महतो, ईश्वरी महतो, युगेश्वर महतो पिता स्व0 लखपत महतो वो भुनू महतो पिता स्व0 लुरक महतो वो मनोज बिहारी पिता स्व0 नागेश्वर महतो वो ज्योति जलधर पिता स्व0 गोवर्धन महतो वो घुजा महतो, प्रमेश्वर महतो, बंसत कुमार मेहता पिता स्व0 जानकी महतो सा0 गोन्दलपुरा। | प्लॉट–60 | प्लॉट–55 | प्लॉट–57 | प्लॉट–62 |
| 62 | 6 | 59 | नीज | टांड–III | 0.27 | जयनन्दन गंझु पिता स्व0 धनी गंझु वो मनी गंझु पिता गोपी गंझु वो दिपक गंझु, महेन्द्र गंझु, गिरधारी गंझु, सुधीर गंझु पिता स्व0 कुलेश्वर गंझु वो धनेश्वर गंझु पिता महावीर गंझु वो मधवा गंझु पिता स्व0 चरण गंझु वो मो0 अकली पति स्व0 ननकू गंझु जाति भोगता सा0 देह। | प्लॉट–46 | प्लॉट–57 | प्लॉट–56 | प्लॉट–60 |
| 63 | 5 | 60 | नीज | टांड–III | 0.0967 | केदार महतो पिता फिरंगी महतो साकिन गोन्दलपुरा। | प्लॉट–46 | प्लॉट–58 | प्लॉट–59 | प्लॉट–61 |
| 64 | 5 | 60/1 | नीज | टांड–III | 0.1933 | सोमरी देवी पति दुर्जन महतो वो रोहनी देवी पति त्रिवेणी महतो वो विलास देवी पति पुरन महतो वो अघनी देवी पति कारू महतो वो गंगा देवी पति देवनाथ महतो सा0 गोन्दलपुरा। | प्लॉट–46 | प्लॉट–58 | प्लॉट–59 | प्लॉट–61 |
| 65 | 22 | 61 | नीज | टांड–III | 0.44 | पुरन महतो, त्रिवेणी महतो, दुर्जन महतो वो कारू महतो वो देवनाथ महतो पिता हसराम महतो सा0 गोन्दलपुरा। | प्लॉट–69 | प्लॉट–62 | प्लॉट–60 | प्लॉट–64 |
| 66 | 23 | 62 | नीज | धान–III | 0.51 | सेख रजाक वल्द सेख जमउद्धीन जाति सेख सा0 गोन्दलपुरा। | प्लॉट–61 | प्लॉट–192 | प्लॉट–58 | प्लॉट–63 |
| 67 | 6 | 63 | नीज | धान–III | 0.235 | जयनन्दन गंझु पिता स्व0 धनी गंझु वो मनी गंझु पिता गोपी गंझु वो दिपक गंझु, महेन्द्र गंझु, गिरधारी गंझु, सुधीर गंझु पिता स्व0 कुलेश्वर गंझु वो धनेश्वर गंझु पिता महावीर गंझु वो मधवा गंझु पिता स्व0 चरण गंझु वो मो0 अकली पति स्व0 ननकू गंझु जाति भोगता सा0 देह। | प्लॉट–61 | प्लॉट–192 | प्लॉट–62 | प्लॉट–64 |
| 68 | 6 | 63/1 | नीज | धान–III | 0.055 | ज्योति जलधर पिता गोवर्धन महतो सा0 गोन्दलपुरा। | प्लॉट–61 | प्लॉट–192 | प्लॉट–62 | प्लॉट–64 |
| 69 | 26 | 64 | नीज | धान–III | 0.54 | छेदी गंझु, धनेश्वर गंझु, कपील गंझु पिता स्व0 विफा गंझु सा0 देह। | प्लॉट–68 | प्लॉट–191 | प्लॉट–63 | प्लॉट–65 |
| 70 | 9 | 65 | नीज | धान–III | 0.72 | पारसनाथ गंझु, बालदेव गंझु, बोधन गंझु पिता स्व0 नेमा गंझु वो बंधु गंझु पिता स्व0 मेघन गंझु जाति भोगता सा0 देह। | प्लॉट–68 | प्लॉट–89 | प्लॉट–64 | प्लॉट–66 |
| 71 | 32 | 66 | नीज | धान–III | 0.45 | फागुन गंझु पिता स्व0 चैता गंझु सा0 देह। | प्लॉट–67 | प्लॉट–188 | प्लॉट–65 | प्लॉट–73 |
| 72 | 30 | 67 | नीज | धान–III | 0.4 | अनुप गंझु वो मितन गंझु पिता जटहु गंझु जाति भोगता सा0 देह ब हिस्सा बराबर | प्लॉट–71 | प्लॉट–66 | प्लॉट–65 | प्लॉट–73 |
| 73 | 6 | 68 | नीज | टांड–III | 0.48 | जयनन्दन गंझु पिता स्व0 धनी गंझु वो मनी गंझु पिता गोपी गंझु वो दिपक गंझु, महेन्द्र गंझु, गिरधारी गंझु, सुधीर गंझु पिता स्व0 कुलेश्वर गंझु वो धनेश्वर गंझु पिता महावीर गंझु वो मधवा गंझु पिता स्व0 चरण गंझु वो मो0 अकली पति स्व0 ननकू गंझु जाति भोगता सा0 देह। | प्लॉट–70 | प्लॉट–64 | प्लॉट–69 | प्लॉट–65 |
| 74 | 14 | 69 | नीज | टांड–III | 0.29 | कोल्हा गंझु, भोला गंझु पिता स्व0 गुलू गंझु वो नान्दो गंझु पिता स्व0 नगवा गंझु जाति भोगता साकिन देह। | प्लॉट–70 | प्लॉट–61 | प्लॉट–46 | प्लॉट–68 |
| 75 | 8 | 70 | नीज | टांड–III | 0.43 | मनोज कुमार, भौसले, दीलीप कुमार भौसले पिता स्व0 देवकी नन्दन राउत वो उदय शंकर राउत, प्रेम राउत, दया राउत, टिंकु राउत, रविशंकर राउत पिता स्व0 मथुरा राउत वो हिना कुमारी, जेडी कुमारी, सुमित राउत पिता स्व0 तारा राउत वो अरूण राउत, अजय राउत,, आनंद कुमार, अभय कुमार, पप्पु कुमार माता स्व0 सुमित्रा देवी(पति पुरन चन्द्र) वो शुशीला देवी पति स्व0 मानकी राम (पति रघुनन्दन प्रसाद जाति कुरमी सा0 देह ब हिस्सा बराबर। | प्लॉट–46 | प्लॉट–69 | प्लॉट–46 | प्लॉट–68 |

यह अधिघोषणा हितबद्ध व्यक्तियों की आपत्तियों को सुनने और अधिनियम सं0 30/2013 की धारा 15 में प्रदत्त यथा उपबंधित सम्यक जॉच के पश्चात् किया गया है। भूमि अर्जन के कारण पुनर्व्यवस्थापन के लिए संभावित परिवारों की संख्या जिनके लिए पुनर्व्यवस्थापन के क्षेत्र चिन्हित किए गए हैं, जिसका संक्षिप्त विवरण निम्नवत है:

ग्राम चन्दौल, थाना बड़कागॉव, थाना सं0 129, अंचल बड़कागॉव, जिला हजारीबाग क्षेत्रफल 161.99 एकड़ यानि 65.55 हेक्टेयर, जिला भूमि अर्जन पदाधिकारी, हजारीबाग के कार्यालय में किसी कार्य दिवस के दिन भूमि योजना का निरीक्षण किया जा सकता है।

पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन योजना के सार नीचे दिये गये है:–

*1- RFCTLARR Act-2013* के अनुसूची–I के अनुसार भूमि एवं परिसम्पति का मुआवजा:–

(क) भूमि का मुआवजा– प्रति एकड 24,56,986.00 रूपये (गुणाक घटक–2, सोलेशियम 100 प्रतिशत एवं तीन वर्ष की ब्याज की राशि सहित) देय होगा।

(ख) भूमि पर अवस्थित परिसम्पतियों का मुआवजा–संबंधित विभाग के द्वारा मुल्यांकन के पश्चात् मुल्यांकित राशि सोलिशियम सहित अर्थात मुल्यांकित राशि का दोगुना मुआवजा के रूप में प्रदान की जायेगी।

*2- RFCTLARR Act-2013* के अनुसूची–II के अनुसार पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन संबधी उपबंध/हकदारियॉ–

| कंडिका | पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन संबधी उपबंध/हकदारियॉ। | |
|---|---|---|
| 1. | **विस्थापन की दषा में आवासन इकाईयों की व्यवस्थाः–** | |
| | **विकल्प** | **विस्थापित परिवारों को दिये जाने वाले लाभ** |
| | विकल्प–1 | 10 लाख रू0 प्रति परिवार स्वः स्थानांतरण (Self Re- location) की स्थिति में। |
| | विकल्प–2 | पुनर्वास कॉलोनी में निर्मित मकान। |
| | विकल्प–3 | पुनर्वास कॉलोनी में उपलब्धता के अनुसार एक प्लॉट। |
| | | 7,00,000/- रू0 पुनर्वास कॉलोनी में मकान के बदले। |
| 2. | **भूमि के लिए भूमि :–** लागू नहीं | |
| 3. | **विकसित भूमि के लिए प्रस्थापना :–**लागू नहीं। | |
| 4. | **रोजगार/वार्षिक वृतिः–** | |
| | प्रभावित परिवार के एक सदस्य को समुचित प्रशिक्षण एवं कौशल विकास करने के पश्चात् योग्यता, अहर्ता एवं कम्पनी की आवश्यकता अनुसार नियोजित किया जायेगा। अथवा प्रभावित परिवार को एक मुश्त 5,00,000/- (पांच लाख रूपये) देय होगा। अथवा प्रभावित परिवार को नियमानुसार 2,000/- (दो हजार रूपये) प्रतिमाह 20 वर्ष तक वार्षिक वृति देय होगा। | |
| 5. | **विस्थापित कुटुंबों के लिए एक वर्ष की अवधि तक जीवन–निर्वाह अनुदानः–** | |
| | प्रत्येक विस्थापित कुटुंबों को एक वर्ष तक 3,000/- रू0 प्रति माह जीवन निर्वाह अनुदान प्रदान किया जायेगा। | |
| 6. | **विस्थापित कुटुंबों के लिए परिवहन खर्चः–** | |
| | प्रत्येक विस्थापित कुटुंबों को 50,000/- रू0 प्रति परिवार परिवहन खर्च देय होगा। | |
| 7. | **पशुबाड़ा खर्चः–** | |
| | पशुबाडा हेतु प्रत्येक विस्थापित कुटुंम्ब को वित्तीय सहायता के रूप में 35,000/- रू0 देय होगा। | |
| 8. | **कारीगरों, छोटे व्यापारियों, छोटी दुकान और कतिपय अन्य को एक बारगी अनुदानः–** | |
| | कारीगर, छोटे व्यापारी, छोटे दुकान रखने वाले या स्वनियोजित व्यक्ति के प्रत्येक प्रभावित परिवार या ऐसे परिवार जिसके स्वामित्वधीन प्रभावित क्षेत्र में गैर–कृषिक भूमि या वाणिज्यक, औद्योगिक या संस्थागत ढ़ांचा है तो ऐसे प्रभावित व्यक्ति को एक बारगी वित्तीय सहायता के रूप में प्रोत्साहन राशि 25,000/- (पच्चीस हजार रूपये) दिया जायेगा। | |
| 9. | **मछली पकड़ने का अधिकारः– लागू नहीं।** | |
| 10. | **एक बारगी पुनर्व्यवस्थापन भत्ताः–** | |
| | प्रत्येक प्रभावित परिवार को एक बारगी पुनर्व्यवस्थापन भत्ता के रूप में 50,000/- (पचास हजार रूपये) एक मुश्त भुगतान किया जायेगा। | |
| 11. | **स्टांप शुल्क और रजिस्ट्रीकरण शुल्कः–** | |
| | प्रभावित परिवारों को आबंटित भूमि या मकान के रजिस्ट्रीकरण के लिए संदेय स्टांप शुल्क और अन्य फीस का वहन अडानी इन्टरप्राईजेज लि0 के द्वारा किया जायेगा। प्रभावित परिवारों को आबंटित मकान के लिए भूमि सभी विल्लंगमों से मुक्त होगी। आबंटित भूमि या मकान प्रभावित परिवार की पत्नी और पति दोनों के संयुक्त नाम में हो सकेगा। | |

3. पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन कॉलोनी में अवसंरचनात्मक सुविधाऍं/सहुलियतें एवं संसाधनः– *RFCTLARR Act-2013* के अनुसूची–III के अनुसार उपलब्ध कराये जायेगें।

अन्य लाभः– उपर्युक्त मुआवजा/सुविधाओं के अलावा अन्य लाभ भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 के अनुसार प्रभावित परिवारों को प्रदान किया जायेगा।

ह0/–
उपायुक्त सह समुचित सरकार,
हजारीबाग।

PR 336454 Land Reforms (24-25)D

## योगी आदित्यनाथ के आगमन को लेकर अक्षत वितरण शुरू

**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के लोहरदगा आगमन पर भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं के द्वारा नगर में अक्षत वितरण कर नगर के वासी को निमंत्रण दिया गया। जिसमें भारतीय जनता पार्टी के नगर अध्यक्ष सचिन कुमार साहू ने कहा कि 27 सितंबर को 1:00 बजे समरहाणालय मैदान में यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ बॉक्साइट की नगरी लोहरदगा मैं आगमन हो रहा है। जिसमें आप सब सादर आमंत्रित है। मौके पर भारतीय जनता पार्टी के नगर अध्यक्ष सचिन कुमार साहू, भाजपा संकल्प पत्र नगर संयोजक सत्यम कुमार, बुथ अध्यक्ष मनीष साहू सहित आदि लोग उपस्थित थे।

## लव-कुश समाज निभाये राजनीतिक भागीदारी : सुदेश

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** स्थानीय नगर भवन में लव कुश महासभा लोहरदगा के द्वारा लव कुश जयंती समारोह का आयोजन किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि सूबे के पूर्व उपमुख्यमंत्री सुदेश कुमार महतो, पूर्व डीआईजी संजय रंजन, डॉ देवशरण भगत, नीरू शांति भगत, नवीन कुमार, समाज के जिलाध्यक्ष शैलेश कुमार, अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा प्रदेश अभय कुमार महतो, राजकिशोर महतो, राजेश महतो, पंकज महतो, ललित महतो, कमलेश कुमार आदि ने लव कुश के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलित कर समारोह की शुरूआत किया। इस दौरान शिक्षा, कला, उद्योग समेत विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य



करने वाले समाज के लोगों को सम्मानित किया गया। इस मौके पर पूर्व डिप्टी सीएम सुदेश महतो ने समाज के लोगो को आर्थिक सामाजिक एवं राजनीतिक दृष्टिकोण से सशक्त होने के लिए ऊर्जा का संचार किया। कहा, राज्य में लव कुश समाज समेत एक बड़े वर्ग को वर्तमान सरकार अपेक्षित करके रखा है। समय आ गया है सामाजिक न्याय वाले सभी समाज राजनीतिक भागीदारी के लिए चिंतन करें। राजनीति में जवाबदेही तय करने की जरूरत है। लव कुश महासभा के जिला अध्यक्ष शैलेश कुमार ने कहा कहा कि मेहनती और ईमानदार लव कुश समाज का वर्तमान में अपेक्षित विकास नहीं हुआ है। सभी को एकसूत्र में बंधने की जरूरत है। राज किशोर महतो ने कहा आने वाला समय में फल और फूल के साथ लवकुश समाज खड़ा रहेगा जिससे इस समाज की भागीदारी और साझेदारी रहेगी। प्रदेश अध्यक्ष अभय महतो ने कहा आर्थिक स्थिति में सुधार लाने के लिए सभी क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करना होगा। लव कुश जयंती के मौके पर हजरों की संख्या में समाज के लोग उपस्थित थे।

### भाजपा आजसू समन्वय से लड़ेगी राज्य में चुनाव

**लोहरदगा विधानसभा क्षेत्र में भाजपा संगठन द्वारा प्रत्याशी चयन को लेकर हो रही राजनीतिक गहमा गहमी पर सुप्रीमो सुदेश महतो ने मीडिया कर्मियों से कहा, पूरे राज्य में आजसू और भाजपा संगठन समन्वय बनाकर चुनाव लड़ेगी।**

## कुम्हार प्रजापति ट्रस्ट का सम्मान समारोह आयोजित

**विकसित समाज निर्माण में जन भागीदारी जरूरी : प्रेम किशोर प्रजापति**

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** कुम्हार प्रजापति ट्रस्ट द्वारा रविवार को शहर के आनंद सरस्वती बाल निकेतन कुम्हार मोहल्ला पावरगंज में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। सम्मान समारोह में शिक्षक, कर्मचारी, अनुबंध कर्मचारी केंद्र सरकार के सभी कर्मचारी को सम्मनित किया गया। इस क्रम में जो कुम्हार मिट्टी के चाक उसे कार्य करते हैं उन्हें विश्वकर्मा सम्मान से सम्मानित किया गया। अंग वस्त्र व दुर्गा सप्तशती पुस्तक देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के प्रतिनिधियों को भी समाज द्वारा सम्मानित किया गया। सम्मान



समारोह में लगभग 115 सरकारी कर्मियों को सम्मान किया गया। विश्वकर्मा सम्मान योजना के तहत 125 लोगों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में संरक्षक विनोद प्रसाद, दिनेश प्रजापति, कमल प्रजापति, सहदेव, देवानंद महतो, किरण देवी, इं सूरज प्रजापति, होम्योपैथिक डॉ पवन प्रजापति, डेंटल डॉ पवन प्रजापति, डेंटल दिलीप प्रजापति ने संबोधन किया। वक्ताओं ने कहा कि समाज के उत्थान व बिकास के लिए निस्वार्थ भाव से कार्य करना होगा। अपने अधिकार व कर्तव्य का पालन करना होगा। समाज के जिलाअध्यक्ष प्रेम किशोर प्रजापति ने कहा, सशक्त और विकसित समाज के निर्माण के लिए जन भागीदारी जरूरी है। प्रजापति कुमार समाज समेत सनातन समाज को आगे ले जाने में सबल और सक्षम व्यक्ति दिशा एवं दशा को प्रदान करें। कार्यक्रम में कमल प्रजापति, देवानंद प्रजापति, दुर्गा महतो, नितेश कुमार, राधेश्याम प्रजापति, कृष्णदेव प्रजापति समेत बड़ी संख्या में कुमार समाज के लोग मौजूद थे।

## ठगी पीड़ित जमाकर्ता अभिकर्ता का जेल भरो आंदोलन




**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** ठगी पीड़ित जमाकर्ता अभिकर्ता के द्वारा जेल भरो आंदोलन कार्यक्रम चलाया गया। आंदोलन में लोहरदगा जिला के 66 पंचायत और सात प्रखंड से लोग अपनी भुगतान पाने के लिए जेल भरो आंदोलन में भाग लेने के लिए आए और लोहरदगा में रोड कचहरी चौक में 5000 लोगों ने गिरफ्तारी दिया। मौके पर जिला अध्यक्ष मुकेश कुमार सिंह, जिला सचिव शशि नंदन भगत, प्रवक्ता पवन तिग्गा, जिला कोषाध्यक्ष सुकरू उरांव, विशाल कुजूर, चंद्रमणि देवी, ईलिसा मिंज, बजरंग साहू, आदित्य साहू, अमित साहू, समीना खातून, शामिल देवी, सुदन उरांव, किशोर कुमार, लच्छू उरांव समेत अन्य मौजूद थे।

## पंचायत समिति सदस्य आज करेंगे तालाबंदी

**बरवाडीह (आजाद सिपाही)।** बरवाडीह प्रखण्ड कार्यालय मे आज दिन सोमवार को पंचायत समिति सदस्यों के द्वारा पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत प्रखण्ड कार्यालय का तालाबंदी किया जायेगा। उक्त जानकारी प्रखंड प्रमुख सुशीला कुमारी और उप प्रमुख बिरेंद्र जायसवाल ने दी है। बता दें कि पांच सूत्री मांग को लेकर 3 दिन पूर्व प्रखंड विकास पदाधिकारी को लिखित मांग पत्र सौंपा था। जिसमे मुख्य रूप से एमओ अरविंद कुमार रवि और एजीएम सर्वेश सिंह को प्रभार मुक्त करने, पंचायत समिति की मासिक बैठक करने बालू उठाव के आय व्यय का लेखा जोखा प्रस्तुत करने समेत अन्य मांग की गयी थी। वहीं इस संबंध में प्रमुख सुशीला कुमारी ने बताया कि डीलरों के द्वारा लगातार शिकायत के बाउजूद एमओ व एजीएम पर कार्रवाई नही होना कई सवालों को खड़ा करता है। जिन्हें एमओ और एजीएम बनाया गया है। उनपर अधिकारी इतने मेहरबान है कि दोनों अधिकारी जनसेवक के पद पर आसीन है परंतु उन्हें यानी एमओ को मनरेगा बीपीओ का प्रभार, प्रखंड आपूर्ति का प्रभार और पंचायत सेवक का भी प्रभार दिया गया है। साथ ही उन्होंने बताया कि जबतक हमारी पांचों मांगे पूरी नही होगी आंदोलन आगे भी निरंतर जारी रहेगा।

## शनिवार से लापता युवक का शव कुएं में मिला

**कुडू / लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के सलगी पंचायत अंतर्गत धौंरा गांव स्थित एक कुएं से रविवार को एक शव बरामद हुआ है। मृतक की पहचान धौंरा निवासी झरी उरांव का पुत्र बाल किशुन उरांव 40 वर्ष के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार किशन उरांव का दिमागी हालत ठीक नहीं थी। शनिवार की शाम 4 बजे से लापता था। रविवार को कुए में तैरता देखा गया जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गयी।

## जेएसएलपीएस कर्मियों ने विधायक को किया सम्मानित

आजाद सिपाही संवाददाता

**बरवाडीह।** झारखंड राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत कार्य कर रहे जोहार एमकेएसपीएनआरएटीपी एवं एनआरएटीपी परियोजना के कर्मी के द्वारा मनिका विधानसभा के स्थानीय विधायक रामचंद्र सिंह के मंगरा स्थित आवास पर उन्हें शॉल, गुलदस्ता एवं धन्यवाद पत्र देकर सम्मानित व धन्यवाद किया गया। विदित हो कि जेएसएलपीएस के अंतर्गत झारखंड राज्य में जोहार, एनआरएटीपी और एनआरएटीपी परियोजना के लगभग 350 कर्मी 30 जून 24 के बाद से परियोजना समाप्ति के बाद बेरोजगार हो गये थे। इस समस्या का समाधान हेतु तीनो परियोजना के कर्मी रामचंद्र सिंह से बीते दिनों आवास में



मिलकर गुहार लगायी थी। इनके परेशानियों को देखते हुए विधायक ने झारखंड राज्य के ग्रामीण विकास विभाग के मंत्री डॉ. इरफान अंसारी से मिलकर सभी कर्मी को एनआरएलएम में समायोजित करने को लेकर मंत्री से मिलवाकर वार्ता करवाने का कार्य किये थे। जिसके बाद 5 सितंबर को मंत्री बइरफान अंसारी की अध्यक्षता में राजकीय शाशी निकाय की बैठक में तीनों परियोजना के लगभग 350 कर्मी को एनआरएलएम परियोजना में समायोजित करने का निर्णय लिया गया था। मौके पर प्रमोद कुमार सोनी, बिपिन कुमार, आशीष गुप्ता, शाहिद आजम, प्रदीप चंद्रा, पिंटू गुप्ता, रवि कुमार, विकास सोनी, राजकुमार यादव, अखिलेश कुमार सिंह, विजय यादव और अन्य कर्मी उपस्थित थे।

## एक बारिश भी नहीं झेल सकीं कई सड़कें

आजाद सिपाही संवाददाता

**लातेहार।** लातेहार में करोड़ों की लागत से कई सड़क का निर्माण कराया गया। परंतु लातेहार जिले के कई एनएच सड़क और कई एनएचआइ सड़क को करोड़ों रुपए की लागत से 2023 में ही सड़क का निर्माण कराया गया था। जिले के कई नाम चिन इंजीनियर के देखरेख में सड़कों का निर्माण कराया गया। परंतु एक ही बरसात में सड़क पूरी तरह से गड्ढे में तब्दील हो गया। पब्लिक यह कहते फिर रही है कि सरकार सड़के तो बनाती है परंतु



पदाधिकारी के भ्रष्टाचार का जीता जागता उदाहरण दिखाई पड़ रहा है। जो एक ही वर्ष में सड़के पूरी तरह जमीन छोड़ चुकी है और गड्ढे में तब्दील हो गयी है। इसे देखने वाला सरकार में कोई नहीं है यह वाक्य रांची डाल्टनगंज मुख्य मार्ग पर चंदवा के समीप देखने को मिलेगी और पदाधिकारी या राज्य के कई मंत्री इस सड़क से आते और जाते हैं। वे किसी तरह का कोई संज्ञान लेने से बचते फिर रहे हैं और जब विधानसभा का चुनाव या सांसद का चुनाव आता है। तो अपने भाषणों में बड़े-बड़े वादे करते फिरते हैं। जैसे लगता है कि इनके जैसा कोई जनता का शुभचिंतक ही नहीं होगा जैसे ही चुनाव खत्म हो जाती है और प्रत्याशी सांसद या विधायक बन जाते हैं सारे वायदे धूल फाकाने लगते हैं और वह माननीय बनते फिरते हैं। जनता अपने आप को और चुनाव में वायदे किये हुए बातों को कहते फिरती है।

## सुनील अग्रवाल बने जय श्रीराम समिति के अध्यक्ष और प्रदीप साहू महामंत्री

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** लोहरदगा मे हिंदूवादी संगठन जय श्रीराम समिति के लिए चुनाव प्रक्रिया रविवार को संपन्न हुई। सात साल बाद जय श्रीराम समिति का चुनाव हुआ हैं। जिसमे अध्यक्ष पद में सुनील अग्रवाल, महामंत्री प्रदीप साहू एवं कोषाध्यक्ष विक्की कसेरा विजयी हुए। खेमराज स्मृति भवन में मतदान सुबह 7 बजे से शुरू हुई जो शाम 3 बजे तक जारी रही। जबकि शाम से मतों की गणना शुरू हो गयी थी। हजारों सदस्यों ने इस चुनाव में भाग लिया था। जय श्रीराम समिति की चुनाव प्रक्रिया में सीसीटीवी कैमरों के जरिए निगरानी



रखी जा रही थी। इसके अलावा पुलिस बल की तैनाती की गयी थी। चुनाव के लिए 15 लोगों का पैनल भी बनाया गया था। अध्यक्ष पद के लिए इस बार सुनील अग्रवाल, अशोक साहू मैदान में आमने-सामने थे, महामंत्री में रामकुमार साहू,जीवन महतो,प्रदीप साहू, कपिल देव मिश्रा, कोषाध्यक्ष सिद्धार्थ कुमार उर्फ रिशु, विक्की कसेरा शामिल थे। जय श्रीराम समिति मुख्य चुनाव अधिकारी सह भाजपा पूर्व विधायक रमेश उरांव ने बताया कि हजारों सदस्यो ने चुनाव में वोट किया जिसके लिए उन्हें हार्दिक आभार। चुनाव प्रभारी सुषमा सिंह ने बताया कि मत डालने के लिए सदस्यता कार्ड या आधार कार्ड दिखाना व कैमरे की निगरानी मतदान प्रक्रिया हुआ।


**कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (कृषि प्रभाग) झारखण्ड सरकार**

**कार्यालय– उप कृषि निदेशक (पौधा संरक्षण), उत्तरी छोटानागपुर परिक्षेत्र, हजारीबाग।**

**सामयिक सूचना अंक–03/ वर्ष 2024–25**

**धान के प्रमुख रोग एवं कीट की जानकारी तथा रोकथाम हेतु ध्यान देने योग्य बातें**

प्रिय किसान बंधुओं,

मौसम में उतार–चढ़ाव से धान के फसलों में लगने वाले कीटों एवं रोगों की संभावना बढ़ जाती है, इसलिए धान की फसल के प्रमुख कीट, रोग तथा उनके नियंत्रण की जानकारी दी जा रही है । इसके बचाव के लिए निम्नलिखित बातों का ध्यान रखें।

1 मेड़ों पर घास खड़ी ना होने दें। खरपतवार के पौधों को नष्ट कर दें।
2 मिट्टी जाँच कर उर्वरकों का प्रयोग करें, नाईट्रोजन उर्वरको का अत्याधिक प्रयोग न करें।
3 फसल पर कीटों की निगरानी करतें रहें। पक्षी आश्रय (वर्ड पर्च) 25–30 प्रति हेक्टेयर लगाए। धान की बाली निकलने से पहले पक्षी आश्रय को खेतों से हटा दें।
4 आवश्यकता अनुसार ही कीटनाशकों का प्रयोग करें।
5 प्राकृतिक मित्र कीट जैसे– मकड़ियां, बद्धहस्त मैंटिस का संरक्षण करें और जहाँ इनकी संख्या ज्यादा हो, वहाँ कीटनाशक का छिड़काव न करें।

**धान फसल के प्रमुख हानिकारक रोग तथा इनका नियंत्रण**

1 झुलसा (ब्लास्ट रोग) :– पत्तियों पर नाव या आँख की आकार के भूरे धब्बे बनते हैं, जिसका केन्द्रीय भाग पुआल के रंग का होता है। रोग के विशेष लक्षण पत्तियों पर दिखाई देते हैं परन्तु पुष्पगुच्छ, गाठों तथा दाने के छिलको पर भी इसका आक्रमण पाया जाता है।

नियंत्रण :–
- ट्राइसाइक्लाजोल 75% डब्लु0 पी0 या कार्बेन्डाजिम 50% डब्लु0 पी0 1 ग्राम प्रति लीटर पानी में घोल कर छिड़काव करें।
- एजोक्सिस्ट्रोबिन 18.2% + डिफेनोकोनाजोल 11.4% मिश्रित फफूंदनाशक का 1 मि0ली0 प्रति लीटर की दर से छिड़काव करें।

2 भूरा धब्बा रोग (ब्राउन स्पॉट) :– पत्तियों पर भूरे धब्बे (तिल के सामान) जो बाद में अंडाकार से गोल कार हो जाते हैं।

नियंत्रण :–
- इस रोग के रोकथाम के लिए मैंकोजेब 2 ग्राम प्रति लीटर पानी में घोलकर छिड़काव करें।
- हेक्साकोनाजोल 5% एससी 1 मि0ली0 प्रति लीटर पानी या प्रोपिकोनाजोल 25% ई0सी0 का 1 मि0ली0 प्रति लीटर पानी में घोलकर छिड़काव करें।

3 जीवाणु पर्ण अंगमारी (बैक्टीरियल लीफ ब्लाईट) :– यह जीवाणु जनित बीमारी है। पत्तियों का सफेद या सुनहरा पीला सीमान्त परिगलन होना, सिरों से पत्तियों का सूखना और सिकुड़ना प्रमुख लक्षण है। जीवाणु रिसने का प्रकट सुबह–सुबह धब्बों का एक अपारदर्शी ओस की बुंद की तरह होता है।

नियंत्रण :–
- प्रारंभिक अवस्था में स्ट्रेप्टोसायक्लीन 100 से 150 पीपीएम (1 ग्राम प्रति 10 लीटर पानी में) घोलकर छिड़काव करें या ताजा गोबर के अर्क का छिड़काव करें (1 लीटर पानी में 20 ग्राम गोबर का घोलें), दूसरा छिड़काव, यदि आवश्यक हो तो 10–15 दिनों के अन्तराल में करें।

4 कड़ुवा रोग (फाल्स स्मट) :– इसका संक्रमण धान के प्रजनन और पकने के दैरान होता है, बालियों में धान के दाने में पीले रंग की गांठ बनने लगती है। इससे धान की उपज में कमी के साथ–साथ बीज अंकुरण में भी समस्या आती है।

नियंत्रण :–
- बाली निकलने से पहले हेक्साकोनाजोल 5% एससी 1 मि0ली0 प्रति लीटर पानी में अथवा टेबुकोनाजोल 50% + ट्राईपलॉक्सीस्ट्रोबिन 25% डब्ल्यूजी (75 डब्ल्यूजी) 1 मि0ली0 प्रति लीटर की दर से छिड़काव करें।

**धान फसल के प्रमुख हानिकारक कीट तथा इनका नियंत्रण**

1 तना छेदक कीट :– इसके मादा कीट का अग्रपंख पीलापन लिए एवं मध्य भाग में एक काला धब्बा होता है। लार्वा केन्द्रीय तना के अन्दर छिपकर नरम भाग को खाता है, जिससे तना सुख जाता है। बाली आने के बाद गभ्भा सुख जाता है, जिसे सफेद बाली कहते हैं।

नियंत्रण :–
- लाइट ट्रैप के उपयोग से तना छेदक की संख्या पर निगरानी रखें।
- खेतों में स्किरपोफगा ल्यूर (फेरोमोन ट्रैप) 5 प्रति एकड़ लगाए।
- अधिक प्रकोप होने पर कीटनाशक जैसे फिप्रोनिल 0.3 प्रतिशत जी0 10 किलो ग्राम प्रति एकड़ प्रयोग करें या कारटॉप हाईड्रोक्लोराइड 50 एस0पी0 1 मि0ली0 प्रति लीटर पानी के दर से या क्लोरान्ट्रानिलिप्रोल 18.5 प्रतिशत एस0पी0 0.4 मि0ली0 प्रति लीटर पानी के दर से घोल बनाकर छिड़काव करें।

2. भूरा फुदका कीट :– यह कीट छोटे आकार का भूरे रंग का होता है। शिशु एवं वयस्क दोनों कीट तने से रस चुसते है, जिससे पौधे पीले होकर सुखने लगते है । इस संक्रमण को हॉपर बर्न या फुदका जलन कहते है ।

नियंत्रण :–
- कीट की निगरानी के लिए लाइट ट्रैप का प्रयोग करें ।
- नीम सत 5 प्रतिशत का छिड़काव करें ।
- अधिक प्रकोप होने पर इमिडाक्लोप्रिड 17.8 प्रतिशत एस0 एल0 0.5 मि0ली0 प्रति लीटर पानी या थायोमिथोक्सम 25 डब्ल्यू0 पी0 0.5 ग्राम प्रति लीटर पानी या बुपोफेजिन 25 प्रतिशत एस0 सी0 1 मि0 ली0 प्रति लीटर पानी में घोलकर उपयोग करें।

3. पत्ता लपेटक :– पिल्लू पत्तियों के दोनों किनारों से मोड अंदर छिपकर, पत्तियों के हरे उत्तकों को खुरचता है, जिससे उन पर सफेद धारियॉ बन जाती है । क्षतिग्रस्त पत्तियॉ झूलसे हुए नजर आते है ।

नियंत्रण :–
- क्लोरान्ट्रानिलिप्रोल 18.5 प्रतिशत एस0 पी0 0.4 मि0 ली0 पानी में या फ्लुबेंडियामाइड 20 प्रतिशत डब्ल्यू0 जी0 1 ग्राम 3 लीटर पानी में घोल कर छिड़काव करें ।
- फिप्रोनिल 0.3 प्रतिशत जी0 आर0 10–12 कि0 ग्रा0 प्रति एकड़ या कार्टेप हाइड्रोक्लाराइड 4 प्रतिशत जी0 का 15–18 कि0 ग्रा0 प्रति एकड़ में मिट्टी के साथ मिलाएं ।

4. गंधी बग :– यह कीट खेतों में दुर्गन्ध फैलाता है, इसलिए इसे गंधी बग कहते हैं । शिशु और व्यस्क कीट दोनों दुधिया अवस्था में बालियों से रस चुसकर उसे खोखला एवं हलका बना देता हैं ।

नियंत्रण :–
- नीम सत 5 प्रतिशत का छिड़काव करें ।
- बालियां निकलने के पश्चात लेम्ब्डा साइहलोथ्रिन 5 प्रतिशत ई0 सी0 1.5 मि0 ली0 प्रति लीटर पानी में घोलकर छिड़काव करें ।

5 बक्या (केसवर्म) :– पिल्लू पत्तो के शीर्ष भाग को काटता है । कटि पत्तियों का उपयोग करके केस बनाता है ।

नियंत्रण :–
- 1 लीटर मिट्टी का तेल 25 कि0 ग्रा0 मिट्टी में मिलाकर 1 एकड़ में प्रसारित करें ।
- क्विनालफॉस 25 ई0 सी0 2 मि0 ली0 प्रति लीटर पानी में घोलकर छिड़काव करें ।

**सहायक कृषि निदेशक (पौधा संरक्षण)**
**उत्तरी छोटानागपुर परिक्षेत्र, हजारीबाग।**

PR 336437 Agriculture(24-25)D


### कोल्हान की खबरें

## संजीव सरदार ने तीन गांवों में पांच योजनाओं का किया शिलान्यास

आजाद सिपाही संवाददाता

**पोटका।** पूर्वी सिंहभूम जिले के पोटका विधानसभा क्षेत्र में विधायक संजीव सरदार के अनुसंसा पर विकास कार्य तेजी से आगे की ओर आग्रेसर है। रविवार को विधायक ने ग्रामीणों की मांग पर पोटका पंचायत के बड़ाभूमरी मे पीसीसी पथ निर्माण, पोटका पंचायत बड़ा भूमरी बजरंगबली मंदिर के बगल मे शेड निर्माण, चांदपुर पंचायत मे पीसीसी पथ निर्माण, चांदपुर पंचायत में जाहेरथान घेराबंदी, माटकु पंचायत के चिरूगोड़ा टोला मे पेबर्स ब्लॉक सड़क निर्माण कार्य का विधिवत



शिलान्यास किया। जिसमे विधायक निधि के चार व कल्याण विभाग के एक योजना शामिल है। मौके पर सैकड़ो ग्रामीणों ने गाजा बाजा के साथ विधायक संजीव सरदार को माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया। झामुमो विधायक श्री सरदार ने कहा राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का सोच है गांव के अंतिम व्यक्ति तक सरकार के विकास योजनाओ का किरण पहुंचे। इसके लिए सरकारी अधिकारी को आपके द्वार तक योजनाओ का लाभ पहचाने का निर्देश दिए। विधायक ने कहा हेमंत सरकार में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार शिविर के माध्यम से सभी योजना घर घर तक पहुंचाया गया। उन्होंने कहा गांव के लोग आगे आकर योजनाओं का लाभ लें। हेमंत सरकार मुख्यमंत्री मइंया सम्मान योजना के तहत अब 18 साल से युवती व महिलाओं को लाभ दे रही है। इसके लिए आवेदन पंचायत प्रज्ञा केंद्र मे संपर्क कर जमा कर सकते है। विधायक ने ग्रामीणों से सभी योजनाओं का लाभ लेने के लिए अपील की। इस अवसर पर झामुमो नेता विद्या सागर दास, चक्रधर महतो, दुखू मार्डी, माझी बाबा कृष्णा बास्के, विश्वजीत मंडल, ऋषीकेस मंडल, सनत मंडल, समीर भकत, करण मुर्मू, लखींद्र टुडू, बीरेन बास्के, नायडु सोरेन सहित सैकड़ो झामुमो समर्थक ग्रामीण उपस्थित रहे।

## कोल्हान प्रमंडल में भाजपा की परिवर्तन यात्रा आज से

आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** कोल्हान प्रमंडल में भाजपा का परिवर्तन यात्रा की शुरूआत बहरागोड़ा विधानसभा क्षेत्र के पवित्र चित्रवेश्वर धाम में पूजा-अर्चना के बाद प्रारंभ होगी। सोमवार को बहरागोड़ा शाखा मैदान में सुबह 11 बजे विशाल जनसभा का भी आयोजन होगा। जनसभा में केंद्रीय कृषि मंत्री एवं झारखंड विधानसभा चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान, प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी,पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, सांसद विद्युत वरण महतो, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ दिनेशानंद गोस्वामी, पुर्वी सिंहभूम जिलाध्यक्ष चंडीचरण साव, प्रदेश उपाध्यक्ष बरकुंवर



गागराई, प्रदेश मंत्री नंदजी प्रसाद, प्रदेश प्रवक्ता अजय शाह, विधानसभा के प्रभारी बिनोद सिंह, अभय सिंह समेत कई अन्य नेतागण शामिल होंगे। जनसभा के जरिये आमजनों को झामुमो-कांग्रेस एवं राजद गठबंधन सरकार की विफलताओं और भ्रष्टाचार के खिलाफ जागरूक किया जाएगा। कोल्हान प्रमंडल में परिवर्तन यात्रा का समापन 2 अक्टूबर को चाईबासा में होगा। इस यात्रा के माध्यम से राज्य की जनता को वर्तमान हेमंत सरकार के पांच साल की नाकामियों, कुव्यवस्था, भ्रष्टाचार, वादाखिलाफी, निरंकुशता और बांग्लादेशी एवं रोहिंग्या घुसपैठ से आदिवासी जनसंख्या में हो रहे बदलाव से जनता को अवगत कराया जायेगा।

## पोटका विधानसभा प्रत्याशी होंगे महेंद्र मुर्मू, सैकड़ो कार्यकर्ताओं ने दिया समर्थन

आजाद सिपाही संवाददाता

**पोटका।** झारखंडी भाषा भासी मूलवासी संघ का बिधान सभा स्तरीय सम्मेलन हाता के एक होटल में आयोजित किया गया। रविवार को आयोजित सम्मेलन में सैकड़ो ग्रामीण शामिल हुए। बिधान सभा स्तरीय सम्मेलन में सभी के सहमति से महेन्द्र मुर्मु को पोटका विधान से प्रत्यासी घोषित किया गया। इस अवसर पर महेन्द्र मुर्मू ने कहा पोटका विधान सभा की जनता प्रत्याशी से रूप में चुन रहे इसके लिए सभी का सदा आभारी रहेंगे। श्री मुर्मू ने कहा विधान सभा चुनाव में किनी मुद्दों को नही बल्कि यहां की बदहाली और बत्तर जिंदगी जी रहे लोगो के साभिमान व इतिहास बदलने के लिए जनता के सहयोग से आरहे है। उन्होंने कहा यहां के इतिहास लिखने नही बदलना चाह रहे है। श्री मुर्मू ने कहा देश के प्रधानमंत्री उज्जला योजना चला रहे हैं। लेकिन आज तक पोटका के कितने ग्रामीणों को इसका लाभ मिला। आज भी पोटका के ग्रामीण क्षेत्र के लोग जंगल से लकड़ी लाकर भोजन का उपाय ढूंढते हैं। उन्हें नहीं मालूम गैस चुल्ला कैसे जलता। उन्होंने कहा पोटका के युवाओं को रोजगार के लिए कोई साधन नहीं है।

# गलत दवा के सेवन से मौत की जांच के लिए पहुंचे सिविल सर्जन

आजाद सिपाही संवाददाता



**चैनपुर।** चैनपुर थाना के मड़ईकोना गांव में शुक्रवार देर रात गलत जड़ी बूटी दवा के सेवन से बैद्य सुधीर तिर्की और बसंत तिर्की की मौत हो गयी। जबकि बसंत तिर्की की पत्नि सुषमा तिर्की और बादल टोप्पो सहित चार लोग गंभीर हालत में इलाजरत हैं। मामले की जानकारी होने के बाद रविवार को गुमला सिविल सर्जन जांच के लिए गांव पहुंचे और लोगों से घटना के बारे में पूछताछ की। वही मृतक बैद्य सुधीर तिर्की की पत्नी के घटना की बारीकी से जानकारी लेते हुए उक्त जड़ी बूटी वाले दवा में किस-किस चीज का प्रयोग किया गया था उसकी भी जानकारी ली। साथ ही बनायी गयी दवा को खाने के कितने देर बाद लोगों में रिएक्शन देखने को मिला उसकी जानकारी ली। मृतक सुधीर की पत्नी ने बताया कि खाने के एक घंटे बाद ही बेचैनी लगने लगी उल्टी होने लगा तो इमली का पानी पिलाया गया। इसके बाद देर शाम 8:00 बजे के लगभग अस्पताल पहुंचे। वही सिविल सर्जन ने लोगों को जागरूक करते हुए कहा आज के समय में जड़ी-बूटी के चक्कर में न पड़ें और किसी भी प्रकार की बीमारी होने पर अस्पताल में जाकर इलाज कराएं। उन्होंने कहा कि टीवी जैसे बीमारी का अस्पताल में मुक्ति दवा उपलब्ध है जड़ी बूटी के चक्कर में ना पढ़कर अस्पताल जाकर इलाज करा कर दवा ले। साथी उन्होंने कहा कि सर्पदंश जैसी घटनाओं में भी पीड़ित को तुरंत अस्पताल लेकर पहुंचे ना कि ओझा गुनी के चक्कर में पड़े। अस्पताल में हर तरह की दवा उपलब्ध होती है जिससे मरीजों को बचाया जा सकता है। सिविल सर्जन ने कहा की जड़ी-बूटी की दवा के सेवन से कई खतरे हो सकते हैं और यह मामला इसका उदाहरण है। हम लोगों से अपील करते हैं कि वे जड़ी-बूटी की दवा का सेवन न करें और अस्पताल में जाकर इलाज कराएं।

मृत वैद्य की पत्नी ने घटना के विस्तृत जानकारी सिविल सर्जन को दी। उन्होंने बताया कि उनके पति ने जड़ी-बूटी की दवा बनाई थी और खुद भी सेवन किया था। इसके एक घंटे बाद ही सभी की हालत बिगड़ने लगी थी।

इस घटना से मड़ईकोना गांव में मातम का माहौल देखने को मिला जिला परिषद मेरी लकड़ा चैनपुर मुखिया शोभा देवी ने भी घटनास्थल पर पहुंचकर लोगों से बातचीत की।

# जेएसएससी की सीजीएल परीक्षा शांतिपूर्वक संपन्न

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** झारखंड कर्मचारी चयन आयोग द्वारा आयोजित सामान्य स्नातक योग्यताधारी संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा शनिवार और रविवार दोनों दिन शांतिपूर्ण एवं कदाचार मुक्त तरीके से संपन्न हुई।

जिले में आयोजित परीक्षा के समापन को लेकर उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी एवं पुलिस अधीक्षक शंभू कुमार सिंह के द्वारा संयुक्त अध्यक्षता में विशेष प्रेस वार्ता हुई। उपायुक्त ने जानकारी दी कि दोनों दिन जिले में आयोजित जेजीजीसीसीइ 2023 परीक्षा का सफलता पूर्वक आयोजन किया गया। दूसरे दिन कुल 5809 परीक्षार्थियों में से प्रथम पाली में कुल 4329 परीक्षार्थी शामिल हुए। वहीं दूसरे पाली में कुल 4328 (74.50%) एवं तीसरे पाली में कुल 4325 (74.45%) परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए । उपायुक्त ने बताया कि दोनो ही दिनों की परीक्षा का शांतिपूर्ण एवं कदाचार मुक्त तरीके से आयोजन किया गया है। परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की समस्या या घटना उत्पन्न नहीं हुई। जिसके लिए उपायुक्त ने परीक्षा के दौरान प्रतिनियुक्य सभी पदाधिकारियों, कर्मियों एवं पुलिस बल के प्रति आभार प्रकट किया एवं सभी को बधाई दी। इस दौरान मुख्य रूप से अपर समाहर्ता गुमला, एसडीओ सदर, जिला सूचना एवं जनसंपर्क पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी, मीडिया कर्मी सहित संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी मौजूद रहें।

## हमदर्द पंचायत की ओर से बांटे जायेंगे कंबल



**गुमला (आजाद सिपाही)।** चर्चित समाज सेवी संस्था हमदर्द पंचायत की बैठक थाना रोड स्थित सैयद जुन्नु रैन के आवास में अयोजित की गयी। जिसमें काफी संख्या में पंचायत के सदस्य उपस्थित हुए। बैठक में पंचायत से संबंधित मामलों पर विचार विमर्श किया गया। बैठक में गुमला शहर में आपसी भाईचारे एवं सौहार्द के प्रति लोगों में जागरूकता लाने के लिए आभियान चलाने पर जोर दिया गया। कौमी एकता के कार्यो में योगदान देने की बात कही गई। गरीबों की सहायता के लिए जाड़े में कंबल का वितरण किए जाने पर सहमति बनी। तथा निर्णय लिया गया कि गरिबों को पर्व त्यौहारों में आर्थिक सहायता इस साल से बढ़ाकर दी जाएगी। पंचायत के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को उनके उत्कृष्ठ अंक प्राप्ति पर पंचायत की तरफ से पुरस्कृत भी किया जाएगा। तथा उनके अच्छी पढ़ाई लिखाई करने पर प्रोतसाहित किया जाएगा। इस अवसर पर पंचायत के सदर मोहम्मद करीम उर्फ कलु, सेक्रेटरी मोहम्मद शमीम वारसी, सह सचिव सैयद खालीद शाह, मजलीस ए आमला अंजुमन इस्लामिया के सदस्य जुन्नु रैन, जाकीर हुसैन, हलीम अख्तर मोहम्मद समसुद्दीन, मंसूर, राजू आदि उपस्थित थे।

## पुल बनाने की मांग को लेकर ग्राम प्रधान ने की बैठक



**कामडारा (आजाद सिपाही)।** कामडारा प्रखंड क्षेत्र के सुरूहु पंचायत अंतर्गत गांव सुरहु नवाटोली स्थित बाघमरा नदी में यथाशीघ्र पुल बनाने की मांग को लेकर रविवार को ग्राम प्रधान पुनित पहान और ग्रामीण कृष्णा साहु के नेतृत्व पर एक बैठक आयोजित की गयी। इस बैठक में ग्रामीणो ने बताया कि नवाटोली के किसान नदी के पार में भारी मात्रा में सब्जियों व धान की खेती करते हैं। परंतु बाघमरा नदी मे पुल नहीं रहने के कारण किसानों को उपजायी गयी सब्जियों और फसलों को सिर में ढ़ोकर इस पार से उस पार करना पड़ता है। वहीं नदी भर जाने के दौरान मवेशियों चराने व ले जाने में काफी दिक्कत होती है। यदि नदी में शीघ्र पुल का निर्माण हो जायेगा तो अखराटोली, कांवकाव टोली और कारीचुंवा के ग्रामीणो को भी आने-जाने में काफी सुविधा होगा। ग्रामीणो ने इस बैठक के माध्यम से प्रशासनिक अधिकारियों से मांग की है कि बाघमरा नदी में यथाशीघ्र पुल बनाने का कार्य शुरू की जाय। आयोजित इस बैठक मे पंचायत समिति सदस्य दिलीप आईंद, वार्ड सदस्य सीमा केरकेट्टा, ग्रामीण कुलेश्वर साहु,रोपना साहु, धुजा साहू, लालमोहन साहु, हेमंत साहु, बबीता देवी,सुलेखा देवी सहित अन्य ग्रामीण काफी संख्या में मौजूद थे। इधर जिला परिषद सदस्य दीपक कंडूलना ने बताया कि सुरहु नवाटोली स्थित बाघमरा नदी में जिला योजना के तहत दो स्पैन पुलिया का निर्माण शीघ्र होगी। इसके लिये कागजी प्रक्रिया शुरू हो चुकी है।

## आज होगी वार्षिक आमसभा

**कामडारा (आजाद सिपाही)।** कामडारा प्रखंड क्षेत्र के कोन्सा आजीविका महिला संकुल स्तरीय प्राथमिक स्वावलंबी सहकारी समिति लिमिटेड (कोन्सा, कामडारा) के द्वारा 23 सितंबर को कोन्सा पंचायत भवन मे पांचवीं वार्षिक आमसभा की बैठक आयोजित की गयी है। उक्त आशय की जानकारी देते हुए रेखा कुमारी ने बताया कि इस आमसभा बैठक मे कुल 23 ग्राम संगठन के कुल 285 सखी मंडल के सदस्य शामिल होंगे।

## मालम में युवा आजसू सम्मेलन का आयोजन



**चैनपुर (आजाद सिपाही)।** चैनपुर प्रखंड स्थित मालम पंचायत में आजसू पार्टी चैनपुर में युवा प्रखंड अध्यक्ष अफ्फाज खान के नेतृत्व में युवा आजसू सम्मेलन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के तौर पर आजसू पार्टी केंद्रीय सचिव सह गुमला विधानसभा प्रभारी बोनीफास कुजूर, जिला उपाध्यक्ष नीतीश बैगा, जिला सचिव सद्दाम हुसैन शामिल हुए। इस बैठक में सरकार की नाकामी और जो वादा है उसके खिलाफ अपनी विचारधाराओं को साझा किया गया। साथ ही साथ यह भी निर्णय लिया गया कि आजसू की सरकार आती है तो हम लोग किस तरह से अपने क्षेत्र का विकास करेंगे। हेमंत सरकार ने लगभग 400 वादों में से एक भी वादा सही ढंग से पूरा नहीं किया है और तो और गुमला विधानसभा में झामुमो के माननीय विधायक भूषण तिर्की ने क्षेत्र में युवाओं को भ्रमित करने का काम किया है। हम गुमला विधानसभा झामुमो सरकार के विधायक माननीय भूषण तिर्की से पूछना चाहते हैं कि आदिवासी बहुल क्षेत्र होने के नाते इस क्षेत्र में क्या विकास हुआ है आपने क्या-क्या योजनाओं को धरातल पर उतरने का काम किया है इससे यहां की जनता बिल्कुल मुखर तौर पर इस बार जवाब देना चाहती है। जो आगे देखने को मिलेगा। इस बैठक में मुख्य रूप से फैयाज खान, जफीर खान, उप मुखिया इनाम असुर अमित एक्का, आकाश सिंह, मनीष कुमार सिंह, पूर्व पंचायत समिति जोहन मिज, उस्मान खान, नजीबुल्लाह खान, छात्र संघ अध्यक्ष इरशाद खान, निर्भय टोप्पो, मार्सेल के साथ सैकड़ों कार्यकर्त्ता उपस्थित हुए।


## उपायुक्त का कार्यालय, हजारीबाग
## (जिला भू-अर्जन शाखा)

### प्रपत्र VII, समाहर्त्ता या समुचित सरकार
### अधिघोषणा
### (अधिनियम-30/2013 की धारा-19(1) के अधीन)

अधिघोषणा सं0:- 1641/भू0अ0, हजारीबाग। दिनांकः- 11.09.2024

चूंकि झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता को यह प्रतीत होता है कि सार्वजनिक प्रयोजनार्थ यथा अडानी इन्टरप्राईजेज लि0, गोन्दुलपारा कोयला खान परियोजना हेतु ग्राम गाली, थाना बडकागॉव, थाना संख्या 144, अंचल बडकागॉव, जिला हजारीबाग में कुल 175.45 एकड़ यानि 71.00 हेक्टेयर भूमि अपेक्षित है।

इसलिए अधिघोषणा किया जाता है कि उपर्युक्त परियोजना के लिए अर्जन के अधीन एक भू-खण्ड है, जो मानक माप से कमोवेश 175.45 एकड़ यानि 71.00 हेक्टेयर है और जो ग्राम गाली, थाना बड़कागॉव, थाना संख्या 144, अंचल बड़कागॉव, जिला हजारीबाग में है, जिसका विवरण निम्नलिखित है-

| क्र0 सं0 | खाता सं0 | सर्वे प्लॉट सं0 | स्वामित्व का प्रकार | भूमि का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में) | हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता | सीमा (भूखण्ड सं0) उ0 | द0 | पू0 | प0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 450 | 4 | 373 | नीज | टांड-II | 0.33 | भीखु राणा पिता स्व0 बंधन राणा वो नेपल राणा पिता स्व0 बंशी राणा वो पुरन राणा, सीताराम राणा, जनार्दन राणा पिता स्व0 उत्तीम राणा वो गुलाबी राणा पिता स्व0 बुधन राणा वो फागुन राणा पिता स्व0 खुशी बढही वो दयाल राणा, फुटानी राणा, गोविन्द राणा, रामेश्वर राणा पिता स्व0 सोना राणा वो घमन राणा, लाखो राणा, युगल राणा पिता स्व0 खेदन राणा वो गोविन्द राणा, अशोक राणा, मनोज राणा पिता स्व0 रमल राणा वो बढन राणा पिता स्व0 गजू राणा वो दशरथ राणा, बिन्दु राणा पिता स्व0 कोल्हा राणा वो ईश्वरी राणा, धारो राणा पिता स्व0 जीतन राणा वो महेश राणा, नरेश राणा पिता स्व0 बिगन राणा वो देवा राणा, लक्ष्मण राणा, धनी राणा, मिठु राणा, महेन्द्र राणा पिता स्व0 दिलचन्द राणा वो लालसहाय राणा, कोमल राणा, तिलक राणा पिता स्व0 भेखल राणा वो हिरू राणा, भुनेश्वर राणा पिता स्व0 टेकल राणा वो मोगल राणा पिता स्व0 रिझन राणा वो तुलसी राणा, खेमलाल राणा, प्रभु राणा, महावीर राणा पिता स्व0 जग्रनाथ राणा वो दुखन राणा पिता स्व0 लेदो राणा सा0 गोन्दलपुरा | प्लॉट-367 | प्लॉट-378 | प्लॉट-346 | प्लॉट-371 |
| 451 | 2 | 374 | नीज | टांड-II | 0.33 | सैकु महतो वो कृष्णा कुमार पिता स्व0 अकलु महतो सा0 गोन्दलपुरा। | प्लॉट-367 | प्लॉट-378 | प्लॉट-373 | प्लॉट-376 |
| 452 | 1 | 376 | नीज | टांड-II | 1.49 | बकास्त लगान पाने वाला | प्लॉट-367 | प्लॉट-378 | प्लॉट-374 | प्लॉट-377 |
| 453 | 1 | 376/I | नीज | टांड-II | 0.11 | अनीता देवी पति बैजनाथ महतो उर्फ दिनेश्वर महतो जाति कोयरी सा0 गोन्दलपुरा | प्लॉट-367 | प्लॉट-378 | प्लॉट-374 | प्लॉट-377 |
| 454 | 5 | 377 | नीज | टांड-II | 0.205 | मोहन भुईयां पिता स्व0 हरनाथ भुईयां वो रोहन भुईयां, ललीत भुईयां, चैता भुईयां पिता स्व0 रामसहाय भुईयां वो बासुदेव भुईयां, सुरेश भुईयां पिता स्व0 नान्दो भुईयां वो बिन्दु भुईयां, नेतल भुईयां, कार्तिक भुईयां पिता स्व0 किशुन भुईयां वो जगदेव भईयां, संतोष भुईयां, जनाधर भुईयां पिता स्व0 सहजु भुईयां वो विशेश्वर भुईयां, दीपक भुईयां पिता स्व0 बुटन भुईयां सा0 देह। | प्लॉट-165 | प्लॉट-378 | प्लॉट-376 | गोन्दलपुरा |
| 455 | 5 | 377/1 | नीज | टांड-II | 0.12 | मोगल राणा पिता रीझन राणा सा0 गोन्दलपुरा। | प्लॉट-165 | प्लॉट-378 | प्लॉट-376 | गोन्दलपुरा |
| 456 | 5 | 377/2 | नीज | टांड-II | 0.065 | दुर्जन महतो वगै0 पिता स्व0 हंसराम महतो सा0 गोन्दलपुरा। | प्लॉट-165 | प्लॉट-378 | प्लॉट-376 | गोन्दलपुरा |
| 457 | 15 | 379 | नीज | टांड-II | 8.28 | मो0 मुस्लिम खॉ पिता स्व0 कासीम खॉ वो सलीमन माता स्व0 मोसोमात नसीबन वो सुकरूल्लाह रिजवानउल्लाह शिवमतउल्लाह माता स्व0 कोरेशा खातुन साकिन गोन्दलपुरा वो मनोहर कुमार सुजीत कुमार मेहता पिता स्व0 गिरधारी महतो नन्दकिशोर महतो डालेश्वर महतो पिता स्व0 बोधन महतो नन्द कुमार महतो, प्रेम कुमार महतो, फुलु महतो पिता स्व0 महादेव महतो वो बुलु महतो, धनकु महतो, गलु महतो, प्रयाग महतो पिता स्व0 सखी महतो वो जोधी महतो, मनीकान्त सुमन, रामदशी महतो, जयनाथ महतो पिता स्व0 सम्पत महतो वो कोमल महतो, दशरथ महतो, अशोक महतो, ईश्वरी महतो, युगेश्वर महतो पिता स्व0 लखपत महतो वो भुनू महतो पिता स्व0 लुरक महतो वो मनोज बिहारी पिता स्व0 नागेश्वर महतो वो ज्योति जलधर पिता स्व0 गोवर्धन महतो वो घुजा महतो, प्रमेश्वर महतो, बंसत कुमार मेहता पिता स्व0 जानकी महतो सा0 गोन्दलपुरा। | प्लॉट-378 | प्लॉट-382 | प्लॉट-384 | गोन्दलपुरा |
| 458 | 15 | 379/I | नीज | टांड-II | 0.55 | अनीता देवी पति बैजनाथ महतो उर्फ दिनेश्वर महतो जाति कोयरी सा0 गोन्दलपुरा | प्लॉट-378 | प्लॉट-382 | प्लॉट-384 | गोन्दलपुरा |
| 459 | 15 | 379/II | नीज | टांड-II | 0.12 | आशा कुमारी पति विकम कुमार महतो जाति कोयरी सा0 गोन्दलपुरा | प्लॉट-378 | प्लॉट-382 | प्लॉट-384 | गोन्दलपुरा |
| 460 | 15 | 379/III | नीज | टांड-II | 0.03 | किरण देवी पति स्व0 नन्दकुमार महतो जाति कोयरी सा0 कढतरी बड़कागॉव | प्लॉट-378 | प्लॉट-382 | प्लॉट-384 | गोन्दलपुरा |
| 461 | 15 | 379/IV | नीज | टांड-II | 0.03 | अनिल कुमार पिता धानेश्वर महतो जाति कोयरी सा0 कढतरी | प्लॉट-378 | प्लॉट-382 | प्लॉट-384 | गोन्दलपुरा |
| 462 | 15 | 379/V | नीज | टांड-II | 0.02 | घनेश्वर महतो पिता जयनाथ महतो जाति कोयरी सा0 कढतरी बड़कागॉव | प्लॉट-378 | प्लॉट-382 | प्लॉट-384 | गोन्दलपुरा |
| 463 | 15 | 380 | नीज | परती कदीम | 0.525 | मो0 मुस्लिम खॉ पिता स्व0 कासीम खॉ वो सलीमन माता स्व0 मोसोमात नसीबन वो सुकरूल्लाह रिजवानउल्लाह शिवमतउल्लाह माता स्व0 कोरेशा खातुन साकिन गोन्दलपुरा वो मनोहर कुमार सुजीत कुमार मेहता पिता स्व0 गिरधारी महतो नन्दकिशोर महतो डालेश्वर महतो पिता स्व0 बोधन महतो नन्द कुमार महतो, प्रेम कुमार महतो, फुलु महतो पिता स्व0 महादेव महतो वो बुलु महतो, धनकु महतो, गलु महतो, प्रयाग महतो पिता स्व0 सखी महतो वो जोधी महतो, मनीकान्त सुमन, रामदशी महतो, जयनाथ महतो पिता स्व0 सम्पत महतो वो कोमल महतो, दशरथ महतो, अशोक महतो, ईश्वरी महतो, युगेश्वर महतो पिता स्व0 लखपत महतो वो भुनू महतो पिता स्व0 लुरक महतो वो मनोज बिहारी पिता स्व0 नागेश्वर महतो वो ज्योति जलधर पिता स्व0 गोवर्धन महतो वो घुजा महतो, प्रमेश्वर महतो, बंसत कुमार मेहता पिता स्व0 जानकी महतो सा0 गोन्दलपुरा। | प्लॉट-379 | प्लॉट-381 | प्लॉट-382 | गोन्दलपुरा |
| 464 | 15 | 380/I | नीज | परती कदीम | 0.075 | अनीता देवी पति बैजनाथ महतो उर्फ दिनेश्वर महतो जाति कोयरी सा0 गोन्दलपुरा | प्लॉट-379 | प्लॉट-381 | प्लॉट-382 | गोन्दलपुरा |
| 465 | 10 | 381 | नीज | टांड-III | 0.34 | लीलु राणा, टेकन राणा पिता स्व0 जदु बढही वो भुनेश्वर राणा पिता स्व0 सिबल राणा वो विशुन राणा पिता स्व0 खधुवा बढही वो सुरेश राणा, धनेश्वर राणा, महेश राणा, अशोक राणा पिता स्व0 किशुन राणा वो राजेश राणा, अनुज राणा, विक्की राणा पिता स्व0 विजय राणा वो गणेश शर्मा, महेन्द्र राणा, अरूण राणा पिता स्व0 मिठु राणा वो जगदेव राणा पिता स्व0 भुगली राणा वो मुलीया देवी, डोमनी देवी, नगीया देवी पिता स्व0 जागो राणा वो कोमल राणा पिता स्व0 सिबल राणा जाति बढही सा0 गोन्दलपुरा। | प्लॉट-380 | प्लॉट-382 | प्लॉट-382 | गोन्दलपुरा |
| 466 | 6 | 383 | नीज | टांड-III | 0.26 | जयनन्दन गंझु पिता स्व0 धनी गंझु वो मनी गंझु पिता गोपी गंझु वो दिपक गंझु, महेन्द्र गंझु, गिरधारी गंझु, सुधीर गंझु पिता स्व0 कुलेश्वर गंझु वो धनेश्वर गंझु पिता महावीर गंझु वो मधवा गंझु पिता स्व0 चरण गंझु वो मो0 अकली पति स्व0 ननकू गंझु जाति भोगता सा0 देह। | प्लॉट-379 | प्लॉट-382 | प्लॉट-385 | प्लॉट-382 |
| 467 | 19 | 385 | नीज | टांड-III | 0.29 | पच्चु भुईयां पिता स्व0 बिरू भुईयां वो कैला भुईयां, दशरथ भुईयां, जीतन भुईयां, गीरजा भुईयां पिता स्व0 तिलक भुईयां वो मदन भुईयां पिता स्व0 बंधु भुईयां जाति भुईयां सा0 देह ब हिस्सा बराबर | प्लॉट-390 | प्लॉट-382 | प्लॉट-386 | प्लॉट-383 |
| 468 | 5 | 386 | नीज | टांड-III | 0.17 | मोहन भुईयां पिता स्व0 हरनाथ भुईयां वो रोहन भुईयां, ललीत भुईयां, चैता भुईयां पिता स्व0 रामसहाय भुईयां वो बासुदेव भुईयां, सुरेश भुईयां पिता स्व0 नान्दो भुईयां वो बिन्दु भुईयां, नेतल भुईयां, कार्तिक भुईयां पिता स्व0 किशुन भुईयां वो जगदेव भईयां, संतोष भुईयां, जनाधर भुईयां पिता स्व0 सहजु भुईयां वो विशेश्वर भुईयां, दीपक भुईयां पिता स्व0 बुटन भुईयां सा0 देह। | प्लॉट-390 | प्लॉट-382 | प्लॉट-387 | प्लॉट-385 |
| 469 | 5 | 386/1 | नीज | टांड-III | 0.08 | मोगल राणा पिता रीझन राणा सा0 गोन्दलपुरा।सहदेव गोसाई पिता लटन गोसाई सा0 बादम | प्लॉट-390 | प्लॉट-382 | प्लॉट-387 | प्लॉट-385 |
| 470 | 5 | 386/2 | नीज | टांड-III | 0.18 | बिगन राणा पिता रिझन राणा साकिन गोन्दलपुरा। | प्लॉट-390 | प्लॉट-382 | प्लॉट-387 | प्लॉट-385 |
| 471 | 5 | 386/3 | नीज | टांड-III | 0.16 | दुलारी देवी पति सहदेव गोसाई साकिन गाली। | प्लॉट-390 | प्लॉट-382 | प्लॉट-387 | प्लॉट-385 |
| 472 | 5 | 387 | नीज | टांड-III | 0.44 | मोहन भुईयां पिता स्व0 हरनाथ भुईयां वो रोहन भुईयां, ललीत भुईयां, चैता भुईयां पिता स्व0 रामसहाय भुईयां वो बासुदेव भुईयां, सुरेश भुईयां पिता स्व0 नान्दो भुईयां वो बिन्दु भुईयां, नेतल भुईयां, कार्तिक भुईयां पिता स्व0 किशुन भुईयां वो जगदेव भईयां, संतोष भुईयां, जनाधर भुईयां पिता स्व0 सहजु भुईयां वो विशेश्वर भुईयां, दीपक भुईयां पिता स्व0 बुटन भुईयां सा0 देह। | प्लॉट-390 | प्लॉट-382 | प्लॉट-399 | प्लॉट-386 |
| 473 | 5 | 387/1 | नीज | टांड-III | 0.28 | दुलारी देवी पति सहदेव गोसाई साकिन गाली। | प्लॉट-390 | प्लॉट-382 | प्लॉट-399 | प्लॉट-386 |
| 474 | 19 | 388 | नीज | टांड-III | 0.19 | पच्चु भुईयां पिता स्व0 बिरू भुईयां वो कैला भुईयां, दशरथ भुईयां, जीतन भुईयां, गीरजा भुईयां पिता स्व0 तिलक भुईयां वो मदन भुईयां पिता स्व0 बंधु भुईयां जाति भुईयां सा0 देह ब हिस्सा बराबर | प्लॉट-389 | प्लॉट-387 | प्लॉट-396 | प्लॉट-390 |
| 475 | 6 | 389 | नीज | टांड-III | 0.24 | जयनन्दन गंझु पिता स्व0 धनी गंझु वो मनी गंझु पिता गोपी गंझु वो दिपक गंझु, महेन्द्र गंझु, गिरधारी गंझु, सुधीर गंझु पिता स्व0 कुलेश्वर गंझु वो धनेश्वर गंझु पिता महावीर गंझु वो मधवा गंझु पिता स्व0 चरण गंझु वो मो0 अकली पति स्व0 ननकू गंझु जाति भोगता सा0 देह। | प्लॉट-393 | प्लॉट-388 | प्लॉट-395 | प्लॉट-390 |
| 476 | 15 | 390 | नीज | टांड-III | 1.35 | मो0 मुस्लिम खॉ पिता स्व0 कासीम खॉ वो सलीमन माता स्व0 मोसोमात नसीबन वो सुकरूल्लाह रिजवानउल्लाह शिवमतउल्लाह माता स्व0 कोरेशा खातुन साकिन गोन्दलपुरा वो मनोहर कुमार सुजीत कुमार मेहता पिता स्व0 गिरधारी महतो नन्दकिशोर महतो डालेश्वर महतो पिता स्व0 बोधन महतो नन्द कुमार महतो, प्रेम कुमार महतो, फुलु महतो पिता स्व0 महादेव महतो वो बुलु महतो, धनकु महतो, गलु महतो, प्रयाग महतो पिता स्व0 सखी महतो वो जोधी महतो, मनीकान्त सुमन, रामदशी महतो, जयनाथ महतो पिता स्व0 सम्पत महतो वो कोमल महतो, दशरथ महतो, अशोक महतो, ईश्वरी महतो, युगेश्वर महतो पिता स्व0 लखपत महतो वो भुनू महतो पिता स्व0 लुरक महतो वो मनोज बिहारी पिता स्व0 नागेश्वर महतो वो ज्योति जलधर पिता स्व0 गोवर्धन महतो वो घुजा महतो, प्रमेश्वर महतो, बंसत कुमार मेहता पिता स्व0 जानकी महतो सा0 गोन्दलपुरा। | प्लॉट-378 | प्लॉट-386 | प्लॉट-389 | प्लॉट-379 |
| 477 | 16 | 392 | नीज | टांड-III | 0.35 | भेखल महतो, मानिक महतो, सारू महतो पिता स्व0 जगन महतो वो बाजो महतो पिता स्व0 जगदीश महतो वो शशिकुमार सुमन, बुद्धीनाथ महतो पिता स्व0 ननकु महतो वो मो0 इन्दु पति स्व0 मुरलीधर महतो वो बनुआ कोयरी, पनुवा कोईरी पिता स्व0 कमल कोयरी जाति कोइरी सा0 गोन्दलपुरा। | प्लॉट-378 | प्लॉट-391 | प्लॉट-393 | प्लॉट-392 |
| 478 | 13 | 393 | नीज | टांड-III | 0.29 | भूलनी देवी पिता स्व0 लोकन महतो वो प्रभु महतो पिता रमल महतो वो राजकुमार महतो गणेश महतो पिता स्व0 भुखल महतो वो हिरू महतो घूजू महतो पिता स्व0 चान्दो महतो वो भीम प्रकाश महतो पिता स्व0 मोती महतो वो बलकु महतो शिवनन्दन महतो मोहन महतो पिता स्व0 धनु महतो वो भिखन महतो पिता स्व0 अर्जुन महतो वो मिथलेश महतो पिता स्व0 फागुन महतो जाति कोयरी साकिन गोन्दलपुरा। | प्लॉट-378 | प्लॉट-389 | प्लॉट-394 | प्लॉट-392 |
| 479 | 19 | 394 | नीज | टांड-III | 0.23 | पच्चु भुईयां पिता स्व0 बिरू भुईयां वो कैला भुईयां, दशरथ भुईयां, जीतन भुईयां, गीरजा भुईयां पिता स्व0 तिलक भुईयां वो मदन भुईयां पिता स्व0 बंधु भुईयां जाति भुईयां सा0 देह ब हिस्सा बराबर | प्लॉट-378 | प्लॉट-391 | प्लॉट-393 | प्लॉट-390 |
| 480 | 2 | 395 | नीज | टांड-III | 0.91 | नारायण गोप, लीलू गोप, खेदु गोप, बंसत गोप, उपेन्द्र गोप पिता स्व0 जोधी गोप वो चुरामन गोप, सहदेव गोप, पारसनाथ गोप पिता स्व0 तेजो गोप वो सुकरी देवी पिता स्व0 जागो गोप सा0 गोन्दलपुरा। | प्लॉट-378 | प्लॉट-396 | प्लॉट-404 | प्लॉट-394 |

यह अधिघोषणा हितबद्ध व्यक्तियों की आपत्तियों को सुनने और अधिनियम सं0 30/2013 की धारा 15 में प्रदत्त यथा उपबंधित सम्यक जॉच के पश्चात् किया गया है। भूमि अर्जन के कारण पुनर्व्यवस्थापन के लिए संभावित परिवारों की संख्या जिनके लिए पुनर्व्यवस्थापन के क्षेत्र चिन्हित किए गए हैं, जिसका संक्षिप्त विवरण निम्नवत है:

ग्राम चन्दौल, थाना बड़कागॉव, थाना सं0 129, अंचल बड़कागॉव, जिला हजारीबाग क्षेत्रफल 161.99 एकड़ यानि 65.55 हेक्टेयर, जिला भूमि अर्जन पदाधिकारी, हजारीबाग के कार्यालय में किसी कार्य दिवस के दिन भूमि योजना का निरीक्षण किया जा सकता है।

पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन योजना के सार नीचे दिये गये है:-

*1- RFCTLARR Act- 2013* के अनुसूची-I के अनुसार भूमि एवं परिसम्पति का मुआवजा:-

**(क) भूमि का मुआवजा**- प्रति एकड 24,56,986.00 रूपये (गुणाक घटक-2, सोलेशियम 100 प्रतिशत एवं तीन वर्ष की ब्याज की राशि सहित) देय होगा।

**(ख) भूमि पर अवस्थित परिसम्पतियों का मुआवजा**-संबंधित विभाग के द्वारा मुल्यांकन के पश्चात् मुल्यांकित राशि सोलिशियम सहित अर्थात मुल्यांकित राशि का दोगुना मुआवजा के रूप में प्रदान की जायेगी।

*2- RFCTLARR Act- 2013* के अनुसूची-II के अनुसार पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन संबधी उपबंध/हकदारियॉ-

| कंडिका | पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन संबधी उपबंध/हकदारियों। | |
|---|---|---|
| 1. | **विस्थापन की दशा में आवासन इकाईयों की व्यवस्था:-** | |
| | विकल्प | विस्थापित परिवारों को दिये जाने वाले लाभ |
| | विकल्प-1 | • 10 लाख रू0 प्रति परिवार स्वः स्थानांतरण (Self Re- location) की स्थिति में। |
| | विकल्प-2 | • पुनर्वास कॉलोनी में निर्मित मकान। |
| | विकल्प-3 | • पुनर्वास कॉलोनी में उपलब्धता के अनुसार एक प्लॉट। |
| | | • 7,00,000/- रू0 पुनर्वास कॉलोनी में मकान के बदले। |
| 2. | **भूमि के लिए भूमि** :- लागू नहीं | |
| 3. | **विकसित भूमि के लिए प्रस्थापना** :-लागू नहीं। | |
| 4. | **रोजगार/वार्षिक वृतिः-** | |
| | ➤ प्रभावित परिवार के एक सदस्य को समुचित प्रशिक्षण एवं कौशल विकास करने के पश्चात् योग्यता, अहर्ता एवं कम्पनी की आवश्यकता अनुसार नियोजित किया जायेगा। अथवा ➤ प्रभावित परिवार को एक मुश्त 5,00,000/- (पांच लाख रूपये) देय होगा। अथवा ➤ प्रभावित परिवार को नियमानुसार 2,000/- (दो हजार रूपये) प्रतिमाह 20 वर्ष तक वार्षिक वृति देय होगा। | |
| 5. | **विस्थापित कुटुंबों के लिए एक वर्ष की अवधि तक जीवन-निर्वाह अनुदानः-** | |
| | ➤ प्रत्येक विस्थापित कुटुंबों को एक वर्ष तक 3,000/- रू0 प्रति माह जीवन निर्वाह अनुदान प्रदान किया जायेगा। | |
| 6. | **विस्थापित कुटुंबों के लिए परिवहन खर्चः-** | |
| | ➤ प्रत्येक विस्थापित कुटुंबों को 50,000/- रू0 प्रति परिवार परिवहन खर्च देय होगा। | |
| 7. | **पशुबाड़ा खर्चः-** | |
| | ➤ पशुबाडा हेतु प्रत्येक विस्थापित कुटुंम्ब को वित्तीय सहायता के रूप में 35,000/- रू0 देय होगा। | |
| 8. | **कारीगरों, छोटे व्यापारियों, छोटी दुकान और कतिपय अन्य को एक बारगी अनुदानः-** | |
| | ➤ कारीगर, छोटे व्यापारी, छोटे दुकान रखने वाले या स्वनियोजित व्यक्ति के प्रत्येक प्रभावित परिवार या ऐसे परिवार जिसके स्वामित्वधीन प्रभावित क्षेत्र में गैर-कृषिक भूमि या वाणिज्यक, औद्योगिक या संस्थागत ढ़ांचा है तो ऐसे प्रभावित व्यक्ति को एक बारगी वित्तीय सहायता के रूप में प्रोत्साहन राशि 25,000/- (पच्चीस हजार रूपये) दिया जायेगा। | |
| 9. | **मछली पकड़ने का अधिकारः- लागू नहीं।** | |
| 10. | **एक बारगी पुनर्व्यवस्थापन भत्ताः-** | |
| | ➤ प्रत्येक प्रभावित परिवार को एक बारगी पुनर्व्यवस्थापन भत्ता के रूप में 50,000/- (पचास हजार रूपये) एक मुश्त भुगतान किया जायेगा। | |
| 11. | **स्टांप शुल्क और रजिस्ट्रीकरण शुल्कः-** | |
| | ➤ प्रभावित परिवारों को आबंटित भूमि या मकान के रजिस्ट्रीकरण के लिए संदेय स्टांप शुल्क और अन्य फीस का वहन अडानी इन्टरप्राईजेज लि0 के द्वारा किया जायेगा। ➤ प्रभावित परिवारों को आबंटित मकान के लिए भूमि सभी विल्लंगमों से मुक्त होगी। ➤ आबंटित भूमि या मकान प्रभावित परिवार की पत्नी और पति दोनों के संयुक्त नाम में हो सकेगा। | |

3. पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन कॉलोनी में अवसंरचनात्मक सुविधाऍ/सहुलियतें एवं संसाधानः- *RFCTLARR Act- 2013* के अनुसूची-III के अनुसार उपलब्ध कराये जायेगें।

**अन्य लाभः**- उपर्युक्त मुआवजा/सुविधाओं के अलावा अन्य लाभ भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 के अनुसार प्रभावित परिवारों को प्रदान किया जायेगा।

ह0/-
उपायुक्त सह समुचित सरकार हजारीबाग

**PR 336487 Land Reforms(24-25)#D**

# चीन की उलझन अभी भी जारी

जिनेवा सेंटर ऑफ सिक्योरिटी पॉलिसी में बोलते हुए भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर ने सार्वजनिक डोमेन में रिपोर्ट के अनुसार स्पष्ट रूप से कहा कि बातचीत चल रही है, हमने कुछ प्रगति की है। मोटे तौर पर, आप कह सकते हैं कि लगभग 75 प्रतिशत विघटन की समस्याओं का समाधान हो गया है। हमें अभी भी कुछ काम करना है, लेकिन एक बड़ा मुद्दा है कि अगर हम दोनों ने सेनाएं पास-पास ला दी हैं, तो उस अर्थ में सीमा पर सैन्यीकरण का स्तर बढ़ गया है। इससे कैसे निपटा जाये? जयशंकर ने आगे कहा कि मुझे लगता है कि भारत-चीन के संबंध में बड़े मुद्दे हैं। हम व्यापार के मुद्दे पर लंबे समय से संघर्ष कर रहे हैं, चीन के साथ आर्थिक संबंध बहुत अनुचित रहे हैं। यह बहुत असंतुलित रहा है कि हमारे पास वहां बाजार तक पहुंच नहीं है। उनके पास यहां भारत में बहुत बेहतर बाजार पहुंच है। आज हमारे सामने कई क्षेत्रों में कई चिंताएं हैं, जैसे प्रौद्योगिकी, दूरसंचार और डिजिटल। यदि वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर 75 प्रतिशत विघटन समस्याओं का समाधान हो गया है, तो यह एक स्वागत योग्य कदम है क्योंकि भारत और चीन दोनों ही आगे बढ़ सकते हैं और संबंधों के अन्य पहलुओं पर ध्यान केंद्रित कर सकते हैं, जिसमें अनुचित और असंतुलित व्यापार संबंध शामिल हैं, जिसका उन्होंने उल्लेख किया है। हालांकि एक बड़ी चुनौती है, जिसे विदेश मंत्री ने जाने-अनजाने में चिह्नित किया है और वह है एलएसी पर सैन्यीकरण में वृद्धि। यह एक महत्वपूर्ण संकेतक है, क्योंकि पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना (पीआरसी) ने वित्त वर्ष 2024 के लिए लगभग 236.1 बिलियन डॉलर के वार्षिक रक्षा बजट की घोषणा की है। तुलनात्मक रूप से, भारत का रक्षा बजट वित्त वर्ष 2024-25 में 74.3 बिलियन डालर है। चीन 17 इंडो-पैसिफिक सेनाओं के संयुक्त खर्च से अधिक खर्च करता है। इसके विपरीत, अमेरिका चीन की तुलना में रक्षा पर 10 गुना अधिक खर्च करता है। वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर सैन्य विस्तार, जो वास्तव में भारत और चीन को विभाजित करने वाली सीमा है, पर चीन की ओर से सैन्य गतिविधि में तेजी देखी गयी है। चीन इस क्षेत्र में सड़कों, हवाई अड्डों और किलेबंदी सहित अपने सैन्य बुनियादी ढांचे का आक्रामक रूप से विस्तार कर रहा है। एक उल्लेखनीय विकास अक्साई चिन क्षेत्र में पैंगोंग झील पर 400 मीटर लंबे पुल का निर्माण है। यह क्षेत्र 1960 से चीन के कब्जे में है, लेकिन यह भारतीय संप्रभु क्षेत्र में आता है। यह पुल सैनिकों और उपकरणों को ले जाने में लगने वाले समय को 12 घंटे से घटा कर लगभग 4 घंटे कर देगा, जिससे उनकी रसद क्षमताएं बढ़ेंगी और उनकी सैन्य उपस्थिति मजबूत होगी। सैटेलाइट इमेजरी और विभिन्न रिपोर्टें पुष्टि करती हैं कि चीन ने एलएसी के पास स्थायी सैन्य प्रतिष्ठान स्थापित किये हैं, जिससे उसकी शक्ति प्रक्षेपण क्षमताएं बढ़ गयी हैं। चीनी सैन्य विस्तार के जवाब में, भारत ने अतिरिक्त सैनिकों, वायु रक्षा प्रणालियों और उन्नत हथियारों की तैनाती कर के एलएसी पर अपनी सैन्य उपस्थिति भी बढ़ायी है।

**पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना (पीआरसी) ने वित्त वर्ष 2024 के लिए लगभग 236.1 बिलियन डॉलर के वार्षिक रक्षा बजट की घोषणा की है। तुलनात्मक रूप से, भारत का रक्षा बजट वित्त वर्ष 2024-25 में 74.3 बिलियन डालर है।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**हाल ही में भारत सरकार द्वारा 70 वर्ष और उससे अधिक उम्र के सभी सामाजिक-आर्थिक स्थिति वाले वरिष्ठ नागरिकों के लिए आयुष्मान भारत के लाभों का विस्तार करने का निर्णय किया है, जो हमारे देश में बदलते जनसांख्यिकीय परिदृश्य को ध्यान में रखते हुए एक महत्वपूर्ण कदम है। इससे पहले, हमारे सामुदायिक स्वास्थ्य कार्यकर्ता, जैसे कि मान्यता प्राप्त सामाजिक स्वास्थ्य कार्यकर्ता, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और आंगनवाड़ी सहायकों के परिवारों को भी इस योजना के दायरे में लाया गया था। 55 करोड़ से अधिक लोग योजना के तहत मुफ्त स्वास्थ्य सेवाओं के लिए आज पात्र हैं।**

# आयुष्मान भारत: भारत की स्वास्थ्य यात्रा में एक मील का पत्थर



जगत प्रकाश नड्डा




आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (एबी-पीएमजेएवाइ) की छठी वर्षगांठ गर्व और चिंतन का क्षण है। सितंबर 2018 में हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में शुरू की गयी एबी-पीएमजेएवाइ आज दुनिया की सबसे बड़ी स्वास्थ्य सेवा योजना में से एक बन चुकी है। यह योजना नरेंद्र मोदी सरकार की इस प्रतिबद्धता को दर्शाती है कि सभी नागरिकों, विशेष रूप से सबसे कमजोर वर्गों, के लिए समान स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध करायी जाये।

पिछले छह वर्षों में, इस कल्याणकारी एवं महत्वाकांक्षी योजना ने लाखों जिंदगियों को आशा और विश्वास की एक नयी किरण के साथ स्पर्श किया है और कई मामलों में उन्हें जीवनरक्षक उपचार प्रदान किया है। एबी-पीएमजेएवाइ की यात्रा इस बात का प्रमाण है कि एक राष्ट्र जब अपने लोगों के स्वास्थ्य और कल्याण को बेहतर बनाने के लक्ष्य के साथ एकजुट होता है, तो क्या कुछ हासिल कर सकता है।

**स्वास्थ्य सेवाओ की पहुंच में क्रांति**

आयुष्मान भारत मिशन का लक्ष्य सरल, स्पष्ट और संवेदनशील है। इस मिशन का लक्ष्य ये सुनिश्चित करना है कि कोई भी भारतीय अपनी वित्तीय स्थिति के कारण अच्छी स्वास्थ्य सेवा से वंचित न रहे। प्रति परिवार 5 लाख रुपये के वार्षिक कवरेज के साथ, आयुष्मान भारत ने आर्थिक रूप से वंचित परिवारों को देश के कुछ सर्वश्रेष्ठ अस्पतालों में मुफ्त में गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधा प्राप्त करने का महत्वपूर्ण साधन प्रदान किया है।

**अभी तक 7.5 करोड़ से अधिक सफल उपचार प्रदान किये गये हैं, जिस पर 1 लाख करोड़ रुपये से अधिक का खर्च हुआ है।**

हाल ही में भारत सरकार द्वारा 70 वर्ष और उससे अधिक उम्र के सभी सामाजिक-आर्थिक स्थिति वाले वरिष्ठ नागरिकों के लिए आयुष्मान भारत के लाभों का विस्तार करने का निर्णय किया है, जो हमारे देश में बदलते जनसांख्यिकीय परिदृश्य को ध्यान में रखते हुए एक महत्वपूर्ण कदम है। इससे पहले, हमारे सामुदायिक स्वास्थ्य कार्यकर्ता, जैसे कि मान्यता प्राप्त सामाजिक स्वास्थ्य कार्यकर्ता, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और आंगनवाड़ी सहायकों के परिवारों को भी इस योजना के दायरे में लाया गया था। 55 करोड़ से अधिक लोग योजना के तहत मुफ्त स्वास्थ्य सेवाओं के लिए आज पात्र हैं। अभी तक 7.5 करोड़ से अधिक सफल उपचार प्रदान किये गये हैं जिस पर 1 लाख करोड़ रुपये से अधिक का खर्च हुआ है। यह एक उल्लेखनीय उपलब्धि है। जो परिवार स्वास्थ्य खर्च के कारण गरीबी में धकेल दिये जाते थे, उनके लिए अब यह योजना वित्तीय ढाल साबित हो रही है। किसानों से लेकर दैनिक मजदूरों तक के लाभार्थियों की गवाही इस बात का प्रमाण है कि यह योजना उन्हें आर्थिक परेशानी से बचा रही है। ऐसे में आयुष्मान भारत ने वास्तव में अपने उद्देश्यों को पूरा करने में मील का पत्थर पार किया है।

आयुष्मान भारत में उपचार का दायरा बहुत व्यापक है, जो लगभग 1900 से अधिक चिकित्सा प्रक्रियाओं को कवर करता है, जिनमें हृदय बाईपास या ज्वाइंट रिप्लेसमेंट जैसी जटिल सर्जरी से लेकर कैंसर और गुर्दे की बीमारियों के उपचार तक शामिल है। ये ऐसे उपचार हैं जो पहले तमाम लोगों के लिए पहुंच से बाहर थे, लेकिन अब एबी-पीएमजेएवाइ ने सर्वसुलभ, किफायती और सभी के लिए उपलब्ध बना दिया है।

**विस्तृत नेटवर्क और मजबूत सिस्टम**

एबी-पीएमजेएवाइ की एक विशेषता इसका एक मजबूत स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं का नेटवर्क तैयार करने की क्षमता रही है। आज, देश भर के 29,000 से अधिक अस्पताल, जिनमें 13,000 से अधिक निजी अस्पताल शामिल हैं, इस योजना के तहत सूचीबद्ध हैं। यह नेटवर्क ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों तक फैला हुआ है, जिससे यह सुनिश्चित होता है कि देश के सबसे दूरस्थ हिस्सों में रहने वाले लोग भी गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा प्राप्त कर सकें। योजना की अद्वितीय पोर्टेबिलिटी सुविधा ने यह सुनिश्चित किया है कि लाभार्थी देश के किसी भी हिस्से में हों, वे वहां के अस्पतालों में भी आयुष्मान भारत के तहत इलाज करवा सकते हैं।

इस मजबूत नेटवर्क को एक मजबूत आईटी इंफ्रास्ट्रक्चर सिस्टम से जोड़ा गया है जो दावों के निपटान में पारदर्शिता और दक्षता को सुनिश्चित करता है। साथ ही, यह तय समय में दावों का निपटान भी करता है, ताकि लाभार्थियों को कोई परेशानी न आने पाये। आधार आधारित बायोमेट्रिक सत्यापन और पेपरलेस क्लेम प्रोसेसिंग के कार्यान्वयन ने धोखाधड़ी और अक्षमता को काफी हद तक कम किया है, जो अक्सर ऐसी बड़ी सार्वजनिक कल्याण योजनाओं में एक बड़ी चुनौती होती है।

आयुष्मान भारत की सफलता ने स्वास्थ्य सेवा इकोसिस्टम के अन्य हिस्सों में भी सुधार की जरूरत पर बल दिया है। गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा पर जोर ने सार्वजनिक और निजी दोनों अस्पतालों को अपने बुनियादी ढांचे और सेवाओं को और उन्नत करने के लिए प्रेरित किया है। इसके अतिरिक्त, इसने स्वस्थ प्रतिस्पर्धा का एक वातावरण भी विकसित किया है, जो स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं को रोगी कल्याण को और बेहतर बनाने के लिए प्रोत्साहित करता है।

**समग्र स्वास्थ्य सेवा**

आयुष्मान भारत सिर्फ माध्यमिक और तृतीयक स्तरीय अस्पताल चिकित्सा के बारे में नहीं है बल्कि अइ-ढटखअ के साथ-साथ, सरकार आयुष्मान आरोग्य मंदिर के निर्माण के माध्यम से प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं को और मजबूत करने पर भी काम कर रही है। ये स्वास्थ्य केंद्र प्रोटेक्टिव एवं प्रिवेंटिव स्वास्थ्य सेवाओं पर भी ध्यान केंद्रित कर रहे हैं, जिसका उद्देश्य जनसंख्या में कुल रोगों के भार को कम करना है।

अब तक, पूरे भारत में 1.73 लाख से अधिक अअट स्थापित किये जा चुके हैं, जो सामान्य बीमारियों और मधुमेह, उच्च रक्तचाप और कैंसर जैसी चिरकालिक परिस्थितियों के लिए मुफ्त स्क्रीनिंग, इसके निदान और इसके लिए दवाएं भी प्रदान कर रहे हैं। ये केंद्र व्यापक और समग्र स्वास्थ्य देखभाल मॉडल की ओर हमारे प्रयासों को और भी मजबूत कर रहे हैं। वेलनेस और प्राथमिक उपचार को बढ़ावा देकर, हम अस्पताल में भर्ती होने की आवश्यकता को कम करने और स्वास्थ्य सेवा की पहुंच को लंबे समय में और अधिक स्थायी बनाने की उम्मीद करते हैं।

**चुनौतियों को पार करके आगे बढ़ना**

आयुष्मान भारत की उपलब्धियों पर जहां हमें गर्व की अनुभूति हो रही है, वहीं हमें आगे आने वाली चुनौतियों को भी स्वीकार करना चाहिए। योजना का दायरा बहुद बड़ा है और इसलिए इसके साथ इसे लगातार अनुकूलित, परिष्कृत और सुधारने की जिम्मेदारी भी आती है। हम योजना की पहुंच को बढ़ाने, अस्पतालों को समय पर भुगतान सुनिश्चित करने और हर लाभार्थी को प्रदान की जाने वाली चिकित्सा सेवा की गुणवत्ता को सुनिश्चित करने के लिए लगातार दृढ़ता से काम कर रहे हैं।

हम आयुष्मान भारत योजना को और परिष्कृत करना तथा इसे और व्यापक बनाना जारी रखेंगे, यह सुनिश्चित करते हुए कि यह भारत की समग्र, किफायती और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा की यात्रा में अग्रणी बना रहे। हम योजना के तहत कवर किये गये उपचारों की सूची का विस्तार करने, सूचीबद्ध अस्पतालों की संख्या बढ़ाने और आयुष्मान आरोग्य मंदिरों के सफल निर्माण करने के लिए हम प्रतिबद्ध हैं।

**स्वस्थ भारत का सपना**

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री के रूप में, मेरा दृढ़ विश्वास है कि किसी भी राष्ट्र का स्वास्थ्य उसकी समृद्धि की नींव है। स्वस्थ जनता देश के विकास, उत्पादकता और नवाचार में योगदान करने में सक्षम होती है। आयुष्मान भारत इस स्वस्थ, मजबूत और विकसित भारत की संकल्पना का केंद्र है।

अब तक की योजना की सफलता सरकार, स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं और लोगों के बीच की गयी कड़ी मेहनत, समर्पण और सहयोग को दर्शाती है। हम प्रत्येक नागरिक के कल्याण और स्वास्थ्य के प्रति प्रतिबद्ध हैं। आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना की छठी वर्षगांठ पर, आइए हम सभी नागरिकों के लिए एक समावेशी, सुलभ और सहानुभूतिपूर्ण स्वास्थ्य सेवा प्रणाली बनाने के लिए अपनी प्रतिबद्धता को फिर से दोहराएं। हम आने वाली पीढ़ियों के लिए एक स्वस्थ भारत के निर्माण की यात्रा को अहर्निश जारी रखेंगे।

जय हिन्द!


**(लेखक : केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री, भारत सरकार हैं।)**


## देश-विदेश की खबरें

### तिरुपति लड्डू विवाद पर नायडू और जगन मोहन आमने-सामने

# सभी मंदिरों की 'सफाई' जल्द करायी जायेगी : चंद्रबाबू नायडू

आजाद सिपाही संवाददाता





**हैदराबाद।** आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने तिरुपति लड्डू विवाद पर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि राज्य के सभी मंदिरों में जल्द ही 'सफाई प्रक्रिया' शुरू की जायेगी। रविवार को नायडू ने तेलुगु देशम पार्टी के केंद्रीय कार्यालय में मीडिया को संबोधित करते हुए यह घोषणा की। साथ ही उन्होंने धार्मिक भावनाओं का सम्मान करने के लिए राज्य सरकार की प्रतिबद्धता भी दोहरायी। उन्होंने कहा कि तिरुपति लड्डुओं में पशु चर्बी की मिलावट के आरोपों के बाद सरकार भावी कदम के बारे में संतों, पुजारियों और हिंदू धर्म के अन्य शीर्ष विशेषज्ञों से परामर्श करेगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि परामर्श के बाद सरकार तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम के संबंध में अपना निर्णय लेगी, जो तिरुपति स्थित विश्व प्रसिद्ध श्री वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर का आधिकारिक संरक्षक है। दरअसल हाल में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) के विधायक दल की बैठक के दौरान सीएम नायडू ने बड़ा दावा किया था। उन्होंने कहा कि पिछली वाइएसआरसीपी सरकार ने श्री वेंकेटेश्वर मंदिर को भी नहीं बख्शा और अपने अनोखे स्वाद के लिए चर्चित लोकप्रिय तिरुपति लड्डुओं को बनाने में घटिया सामग्री और पशु चर्बी का इस्तेमाल किया। तिरुपति लड्डू की अद्वितीय महिमा पर प्रकाश डालते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि कई लोगों ने बेहतर प्रसाद बनाने की चेष्टा की, लेकिन वे उसमें विफल रहे। नायडू ने कहा, अयोध्या में भी उन्होंने बिलकुल तिरुमाला जैसा लड्डू बनाने की कोशिश की और उसके लिए कारीगरों को भी यहां से ले जाया गया, मगर वह नहीं हो पाया। अयोध्या के लोगों ने मुझे इस मामले के बारे में बताया।

### चंद्रबाबू नायडू आदतन झूठ बोलने वाले व्यक्ति हैं: जगन

**हैदराबाद (आजाद सिपाही)। आंध्र प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री वाइएस जगन मोहन रेड्डी ने तिरुपति लड्डू विवाद पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखा है। इसमें उन्होंने मौजूदा सीएम चंद्रबाबू नायडू पर तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम की पवित्रता, अखंडता और प्रतिष्ठा को धूमिल करने का आरोप लगाया है। चिट्ठी में जगन ने लिखा, चंद्रबाबू नायडू आदतन झूठ बोलने वाले व्यक्ति हैं। अब वह इतना नीचे गिर गये हैं कि उन्होंने राजनीतिक उद्देश्यों के लिए करोड़ों लोगों की आस्था को गंभीर रूप से चोट पहुंचायी है। नायडू को झूठ फैलाने के उनके बेशर्म कृत्य के लिए कड़ी से कड़ी फटकार लगायी जाये। साथ ही, सच सामने लाया जाना जरूरी है। जगन मोहन रेड्डी ने कहा कि सीएम नायडू ने करोड़ों हिंदू भक्तों के मन में जो संदेह पैदा किया है, वह ऐसा करने से दूर हो जायेगा। साथ ही टीटीडी की पवित्रता में लोगों का विश्वास बहाल होगा। घटनाक्रम की व्याख्या करते हुए उन्होंने कहा कि यह ध्यान रखना जरूरी है कि कथित रूप से मिलावटी घी को अस्वीकार कर दिया गया था। उसे टीटीडी के परिसर में प्रवेश करने की अनुमति नहीं दी गयी। हालांकि नायडू ने दुर्भावनापूर्ण इरादे से 18 सितंबर को राजनीतिक पार्टी की बैठक में इस मुद्दे को उठाया।**

# इजरायली सैनिकों ने अल जजीरा के ऑफिस को करवाया बंद

एजेंसी

**यरुशलम।** इजरायली सैनिकों ने रविवार तड़के इजराइल के कब्जे वाले वेस्ट बैंक में समाचार संगठन अल जजीरा के कार्यालय पर छापे मारे और वहां मौजूद लोगों को तत्काल काम बंद करने का आदेश दिया। अल जजीरा ने अपने अरबी भाषा के चैनल पर इजरायली सैनिकों के एक फुटेज का सीधा प्रसारण किया, जिसमें सैनिक कार्यालय को 45 दिन तक बंद रखने का आदेश दे रहे हैं। अल जजीरा गाजा पट्टी में इजरायल-हमास युद्ध का प्रसारण कर रहा है। सैनिकों ने दफ्तर में काम कर रहे पत्रकारों से सारे कैमरे लेकर तुरंत ऑफिस से बाहर निकलने के लिए भी कहा। इजरायल ने पहले भी पूर्वी यरुशलम में अल जजीरा के कार्यालय पर छापा मारा था, उसके उपकरण जब्त कर लिये थे, इजरायल में उसके प्रसारण पर रोक लगा दी थी तथा उसकी वेबसाइट पर भी पाबंदी लगा दी थी। इजरायली सेना ने अभी इस पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। अल जजीरा ने इस कदम की आलोचना की है और वह पड़ोसी देश जॉर्डन के अम्मान से प्रसारण कर रहा है। पिछले साल सात अक्टूबर को युद्ध शुरू होने के बाद से अल जजीरा ने इजरायल के अभियान के प्रभावों पर लगातार जमीनी रिपोर्टिंग प्रसारित की है। अल जजीरा ने इजरायल के आरोपों का जोरदार खंडन किया है और कहा है कि इजरायल गाजा पट्टी में अपने कर्मचारियों को व्यवस्थित रूप से निशाना बनाता है। गाजा में युद्ध शुरू होने के बाद से अल जजीरा के चार पत्रकार मारे जा चुके हैं और गाजा में नेटवर्क के कार्यालय पर बमबारी की गयी थी। प्रसारक ने कहा कि सैनिकों ने रविवार को बंद करने के आदेश का कोई कारण नहीं बताया। नेटवर्क पर लाइव प्रसारित बातचीत में एक इजरायली सैनिक ने अल जजीरा के वेस्ट बैंक ब्यूरो प्रमुख वालिद अल-ओमारी से कहा, अल जजीरा को 45 दिनों के लिए बंद करने का न्यायालय का आदेश है। सैनिक ने कहा, मैं आपसे सभी कैमरे लेकर तुरंत ही दफ्तर से बाहर जाने के लिए कहता हूं। अल जजीरा के अनुसार, ओमारी ने कहा कि आदेश में नेटवर्क पर आतंकवाद को बढ़ावा देने और उसका समर्थन करने का आरोप लगाया गया है। ओमारी ने कहा, इस तरह से पत्रकारों को निशाना बनाने का उद्देश्य हमेशा सच्चाई को मिटाना और लोगों को सच्चाई सुनने से रोकना होता है। टिप्पणी के अनुरोध पर इजरायली सेना ने तुरंत कोई प्रतिक्रिया नहीं दी। रामल्लाह स्थित फिलिस्तीनी विदेश मंत्रालय ने रविवार के ऑपरेशन की निंदा करते हुए इसे प्रेस की स्वतंत्रता का घोर उल्लंघन बताया। फिलिस्तीनी प्राधिकरण के सरकारी मीडिया कार्यालय के निदेशक मोहम्मद अबू अल-रब ने कहा कि अल जजीरा कार्यालय को बंद करना फिलिस्तीनी लोगों के खिलाफ कब्जे के उल्लंघनों को बताने में मीडिया के काम को बाधित करने के (इजरायली) कब्जे के प्रयासों की पुष्टि करता है।

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम नीतीश कुमार का पत्र

# अयोध्या की तरह सीतामढ़ी में विकास करायें

आजाद सिपाही संवाददाता

**पटना।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पत्र लिखा है,और अनुरोध किया है कि अयोध्या से सीतामढ़ी जिले तक राम जानकी मार्ग के निर्माण को शीघ्र पूरा किया जाये। साथ ही मुख्यमंत्री ने अयोध्या से सीतामढ़ी के बीच भी एक वंदे भारत ट्रेन का परिचालन शुरू कराने की अपील की है। इससे पहले सीएम नीतीश ने 1, अणे मार्ग स्थित 'संकल्प' में मां सीता की जन्मस्थली सीतामढ़ी जिले के पुनौरा धाम में पुनर्विकास कार्य की समीक्षा की। पुनौरा धाम में माता जानकी मंदिर का पुनर्विकास कार्य भव्य ढंग से कराने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि पुनौरा धाम और अयोध्या की सीधी संपर्कता से भगवान राम और माता जानकी दोनों का दर्शन श्रद्धालुओं के लिए सुलभ होगा। प्रस्तावित राम जानकी पथ का निर्माण तेजी से कराने का एनएचएआइ के अधिकारियों को निर्देश सीएम ने दिया है, ताकि अयोध्या से सीतामढ़ी की सीधी कनेक्टिविटी स्थापित हो सके। मंदिर परिसर में तालाब के घाटों का भी निर्माण बेहतर ढंग से कराने को कहा है। मंदिर परिसर का सौंदर्यीकरण सुनियोजित तरीके से कराने को कहा है, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। जल-जीवन-हरियाली अभियान के अंतर्गत मंदिर परिसर को हरा-भरा और सुंदर बनाने को कहा है।

बीते साल नीतीश कैबिनेट ने जन्मस्थान के विकास के लिए 72 करोड़ रुपये के प्रस्ताव को मंजूरी दी थी, जिसकी मदद से पुनौरा धाम में सुविधाओं के विकास एवं सौंदर्यीकरण से यह क्षेत्र धार्मिक पर्यटन का एक प्रमुख केंद्र बनेगा। साथ ही रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे। जिसके 2025 तक पूरे होने के आसार हैं। पुनौरा धाम को विश्वस्तरीय सुविधा से लैश और सुसज्जित किया जायेगा। इसके तहत कॉलम युक्त कोलोनेड परिक्रमा पथ का निर्माण, सीता वाटिका, लव-कुश वाटिका, जानकी महोत्सव क्षेत्र का विकास शामिल है। मंदिर परिसर में सुदंर वास्तुशिल्प से सुस्सजित दीवारें होंगी। मंडप व आंतरिक सड़क का निर्माण किया जाएगा। मंदिर परिसर में मां सीता पर आधारित थ्रीडी एनिमेशन शो का भी निर्माण किया जायेगा।

# बेइमान होता तो 3000 करोड़ खा जाता: केजरीवाल

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने रविवार को जंतर मंतर पर जनता की अदालत लगायी। इस दौरान उन्होंने भाजपा पर जमकर निशाना साधा और जेल से बाहर इस्तीफा देने के पीछे की वजह भी बतायी। अरविंद केजरीवाल ने कहा, मैं दाग के साथ नहीं जी सकता। उन्होंने कहा, मैं बेइमान होने के दाग के साथ काम करना तो दूर, ज़िंदा भी नहीं रह सकता। उन्होंने लोगों से सवाल भी किया कि अगर मैं बेइमान होता तो क्या बिजली और महिलाओं की बस यात्रा फ्री कर सकता था? सरकारी स्कूल और अस्पताल अच्छे कर सकता था? अरविंद केजरीवाल ने कहा, बिजली फ्री करने में तीन हजार करोड़ रुपये लगते हैं। अगर मैं बैइमान होता तो बिजली फ्री करने की क्या जरूरत थी। तीन हजार करोड़ रुपये खा जाता। अगर मैं बेइमान होता, तो महिलाओं का बस का किराया क्यों फ्री करता। उन्होंने कहा, जब मैं जेल से आया, तो सोचा था कि जब तक कोर्ट बरी नहीं कर देता, मैं सीएम कुर्सी पर नहीं बैठूंगा। लेकिन वकीलों ने कहा कि इस केस का कोई भरोसा नहीं, 10-15 साल भी चल सकता है। इसलिए मैंने जनता की अदालत में जाने का फैसला किया। उन्होंने कहा, मैं बेइमान के दाग के साथ जी भी नहीं सकता।

शराब घोटाला मामले में पांच महीने से ज्यादा समय तक जेल में रहने के बाद 13 सितंबर को तिहाड़ जेल से जमानत पर रिहा हुए केजरीवाल ने कहा कि वह देश की सेवा के लिए राजनीति में आये हैं, न कि किसी सत्ता या पद के लालच में। पूर्व मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि उन्होंने अपने खिलाफ लगे भ्रष्टाचार के आरोपों से आहत होकर इस्तीफा दिया है।

# वादाखिलाफी के लिए सीएम को माफी मांगनी चाहिए: बाबूलाल मरांडी



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** चुनावी घोषणापत्र के वादाखिलाफी के लिए सीएम हेमंत सोरेन को मोरहाबादी मैदान में लोगों के बीच कान पकड़कर माफी मांगनी चाहिए। उन्होंने। चुनाव के समय लोगों से जो भी वादे किये थे, एक भी पूरे नहीं किये। उक्त बातें भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने रविवार को गढ़वा परिसदन भवन में पत्रकार वार्ता के दौरान कही। उन्होंने कहा झामुमो व कांग्रेस के लोग झारखंड को नोचने में लगे हैं। यहां की संपदा व संसाधन को लूटने में पांच साल बीता दिया। अब जब चुनाव नजदीक है तो जनता को भुलाने के लिए बहाली निकाल रहे हैं। उन्होंने कहा कि झामुमो, कांग्रेस, राजद शुरू से ही झारखंड पर गिद्धदृष्टी लगाये बैठे हैं। इन्हें जब भी मौका मिला राज्य को नोचने से पीछे नहीं रहे। इतनी लूट कभी भी झारखंड में किसी दल ने नहीं की। सीएनटी एक्ट में छेड़छाड़ किया गया कोलकाता में बैठकर फर्जीवाड़ा किया गया। बालू, पत्थर व अन्य खनिज संपदा को लूटने में इन्होंने रिकार्ड कायम कर दिया है। झामुमो व हेमंत सोरेन ने जो वादा किया था वह पूरा नहीं किया। ग्रीन कार्ड दिया मगर अनाज नहीं, 2500 पेंशन देने का वादा भी धरा रह गया। 25 करोड़ तक का टेंडर स्थानीय को देने का वादा भी अधूरा रह गया। राज्य सरकार ने नौकरी के बदले युवाओं को मौत दिया। उत्पाद सिपाही बहाली के नाम पर 19 युवाओं की जान ले ली। परीक्षा के नाम पर इंटरनेट सेवा बंद कर अपनी नाकामी छुपा रहे हैं। इंटरनेट सेवा बंद होने से आम नागरिकों को परेशानी के साथ साथ अर्थव्यवस्था चौपट हो गयी। केवल वोट लेने के लिए मंईयां योजना सहित अन्य योजनाएं चलायी जा रही हैं। अभी नौकरी के नाम पर आयोजित किये जा रहे परीक्षा महज दिखावा है। इसका परिणाम क्या होगा, सबको पता है। भाजपा की सरकार बनेगी तो इससे बेहतर योजनाएं माता बहनों के लिए चलाये जायेंगे। आम जनता को कई योजनाओं का लाभ दिया जायेगा। पत्रकार वार्ता में जिलाध्यक्ष ठाकुर प्रसाद महतो, प्रदेश के नेता बालमुकुंद सहाय, पूरे विधायक सत्येंद्रनाथ तिवारी, पूर्व प्रत्याशी अलखनाथ पांडेय, सुरज गुप्ता, मुकेश निरंजन सिन्हा, ओमप्रकाश केशरी, भगत सिंह साहू, ओमप्रकाश तिवारी, रघुराज पांडेय, उमेश कश्यप, ब्रजेंद्र पाठक, अंजली गुप्ता, संतोष दुबे समेत बड़ी संख्या में भाजपा नेता व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# ऐतिहासिक होगी मंईयां सम्मान यात्रा : मंत्री

**दो दिवसीय मंईयां सम्मान यात्रा आज से, श्री बंशीधर नगर से होगी शुरुआत**

**कल्पना सोरेन सहित आधा दर्जन विधायक, सांसद और मंत्री होंगे शामिल**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** गढ़वा, पलामू में झामुमो का आयोजित दो दिवसीय महिला सम्मान यात्रा ऐतिहासिक होगा। इस यात्रा में गांडेय विधायक कल्पना सोरेन सहित मंत्री बेबी देवी, सांसद जोबा मांझी, राज्यसभा सदस्य महुआ माजी, विधायक सविता महतो, गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर साहित्य कई अन्य लोग शामिल होंगे।

मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि गढ़वा और पलामू में विभिन्न स्थानों पर आयोजित दो दिवसीय ऐतिहासिक महिला सम्मान यात्रा की तैयारी पूरी कर ली गयी है। बाबा बंशीधर की नगरी श्री बंशीधर नगर से इस यात्रा की शुरूआत की जायेगी। उन्होंने बताया कि 23 सितंबर सोमवार को 11: 00 बजे कल्पना सोरेन एवं अन्य सभी का श्री बंशीधर नगर अनुमंडल के मैदान में हेलीकॉप्टर से आगमन होगा। उसके बाद सड़क मार्ग से 11:30 बजे बाबा बंशीधर मंदिर में पूजा अर्चना, 12:00 बजे बाबा बंशीधर मंदिर के समीप स्थित गढ़ में जलपान, उसके बाद वहां से रोड शो करते हुए सभा स्थल गोसाईंबाग के लिए प्रस्थान करेंगी। 12:30 बजे से 3:00 बजे तक गोसाईबाग में सभा होगी। तत्पश्चात 3:30 बजे रमना प्रखंड में स्वागत कार्यक्रम, 4:00 बजे मेराल हाई स्कूल के मैदान में जनसभा तथा रात्रि 7:30 बजे गढ़वा जिला मुख्यालय स्थित बिरसा मुंडा हेलीपैड पार्क में चौपाल का आयोजन किया जायेगा।

## झारखंड में हेमंत सरकार सबसे भ्रष्ट है : अलखनाथ



